# वॉयस ऑफ लखनऊ

सच, सिर्फ सच

शनिवार, 12 अक्टूबर, 2024 लखनऊ, महानगर, वर्ष 19, अंक 278, पेज 16, 3.50 रुपये

www.facebook.com/volepaper voiceoflucknow@gmail.com www.voiceoflucknow.com


## सेंसेक्स में 230 अंकों की गिरावट

अर्थव्यवस्था से जुड़े अहम आंकड़े आने से पहले निवेशकों के सतर्क रुख से घरेलू शेयर बाजारों में गिरावट का रुख रहा और सेंसेक्स 230 अंक व एनएसई निफ्टी 34 अंक के नुकसान में रहा। } 14

## भाजपा के प्रदर्शन से खुश हैं लोग : नड्डा

भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जे. पी. नड्डा ने कहा कि हरियाणा के बाद उनकी पार्टी महाराष्ट्र और झारखंड के आगामी विधानसभा चुनावों में भी जीत हासिल करेगी। } 16



## विजयदशमी की बधाई

लखनऊ। उत्तर प्रदेश की राज्यपाल व मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने विजयादशमी पर्व के अवसर पर प्रदेशवासियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं। राज्यपाल ने अपने संदेश में कहा है कि यह पर्व देश में एकता, सद्भाव और आपसी मेलजोल की भावना को और मजबूत करेगा। इस अवसर पर हमें बुराइयों को त्याग कर समाज में प्रेम, सद्भाव और भाईचारे की भावना को प्रबल बनाने का संकल्प लेना चाहिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि विजयादशमी का पर्व अधर्म पर धर्म, बुराई पर अच्छाई और असत्य पर सत्य की विजय का प्रतीक है। इस दिन भगवान श्रीराम ने रावण का संहार किया था। सम्पूर्ण भारत में यह पर्व परम्परागत श्रद्धाभाव एवं हर्षाल्लास के साथ मनाया जाता है।

## विराज सागर दास ने दशहरा पर दी बधाई



लखनऊ। बीबीडी ग्रुप के प्रेसिडेंट एवं उप्र बैडमिंटन एसोसिएशन के चेयरमैन विराज सागर दास ने शारदीय नवरात्र, दशहरा, विजयदशमी के पावन पर्व पर प्रदेशवासियों को हार्दिक बधाई देते हुए उनके सुख एवं समृद्धि की कामना की है। विराज सागर दास ने अपने शुभकामना संदेश में कहा है कि दशहरा का पर्व बुराई पर अच्छाई की विजय एवं असत्य पर सत्य की जीत का प्रतीक है। यह पर्व समाज में व्याप्त बुराइयों को दूर करने और सत्य की राह पर चलने की प्रेरणा देता है।

## डॉ. अखिलेश दास गुप्ता मेमोरियल ऑल इंडिया सीनियर रैंकिंग बैडमिंटन टूर्नामेंट आज से

विशेष संवाददाता

○ योनेक्स सनराईज प्रतियोगिता का 19 तक होगा आयोजन

लखनऊ। योनेक्स सनराईज डॉ. अखिलेश दास गुप्ता मेमोरियल ऑल इंडिया सीनियर रैंकिंग बैडमिंटन टूर्नामेंट लखनऊ में 12 से 19 अक्टूबर तक आयोजित की जायेगी। इस प्रतियोगिता का आयोजन डॉ. अखिलेश दास गुप्ता की स्मृति में प्रति वर्ष कराया जाता है, जो स्वयं में एक जाने-माने बैडमिंटन खिलाड़ी रहे हैं। लखनऊ में यह प्रतियोगिता पहली बार आयोजित की जा रही है। उप्र बैडमिंटन अकादमी उन्हीं के सहयोग से मूर्त हुई है। इस प्रतियोगिता का उद्घाटन बतौर मुख्य अतिथि प्रसार भारती के चेयरमैन व उप्र बैडमिंटन संघ के अध्यक्ष डॉ. नवनीत सहगल करेंगे।

प्रतियोगिता के प्रथम चार दिन क्वालीफाइंग दौर की प्रतियोगितायें आयोजित की जाएगी और 16 से 19 अक्टूबर के मध्य मुख्य ड्रॉ की प्रतियोगिता चलेंगी। 19 अक्टूबर को फाइनल राउंड खेला जायेगा, यह प्रतियोगिता गोमती नगर स्थित बीबीडी अकादमी में, मिनी स्टेडियम-विनयखंड गोमती नगर व मो. शाहिद हॉकी स्टेडियम- विजयंत खण्ड गोमती नगर तथा केडी सिंह बाबू स्टेडियम परिवर्तन चौक, हजरतगंज में आयोजित की जायेगी। जिसमें पुरुष एकल में 750, महिला एकल में 240, पुरुष युगल ...शेष पृष्ठ 14 पर

## दो घंटे तक अटकी रहीं 140 लोगों की सांसें

### तिरुचिरापल्ली से शारजाह जा रहे एक विमान में आयी तकनीकी खराबी, सभी यात्री सुरक्षित

एजेंसी



चेन्नई। तिरुचिरापल्ली से शारजाह जा रहे एक विमान में शुक्रवार शाम उड़ान भरने के कुछ ही देर बाद बीच हवा में तकनीकी खराबी आ गई। हालांकि, पायलट विमान को सुरक्षित उतारने में सफल रहा।

तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन ने अधिकारियों के साथ एक आपात बैठक की और उन्हें सभी सुरक्षा उपायों का पालन करने का निर्देश दिया। बाद में उन्होंने विमान के पायलट और चालक दल के अन्य सदस्यों को इसे सुरक्षित रूप से उतारने में सफल होने के लिए बधाई दी। पुलिस के मुताबिक, शाम करीब साढ़े पांच बजे तिरुचिरापल्ली हवाई अड्डे से उड़ान भरने के कुछ देर बाद विमान की हाइड्रॉलिक प्रणाली (लैंडिंग में इस्तेमाल ब्रेक, लैंडिंग गियर सहित अन्य उपकरणों को नियंत्रित करने वाली प्रणाली) में खराबी आ गई। पुलिस ने बताया कि बाद में पायलट ने सूझबूझ से स्थिति को संभाला और विमान को तिरुचिरापल्ली हवाई अड्डे पर सुरक्षित उतार लिया। स्टालिन ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, मुझे यह सुनकर खुशी हुई कि एयर इंडिया एक्सप्रेस का विमान सुरक्षित रूप से उतार लिया गया है। लैंडिंग गियर में खराबी की खबर मिलने के बाद मैंने तुरंत फोन पर अधिकारियों के साथ एक आपातकालीन बैठक की और उन्हें दमकल की गाड़ियां, एंबुलेंस और चिकित्सा सहायता सुनिश्चित करने सहित सभी आवश्यक सुरक्षा उपायों को लागू करने का निर्देश दिया। मुख्यमंत्री ने कहा, मैंने जिला अधिकारी को सभी यात्रियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने और उन्हें जरूरी सहायता उपलब्ध कराने का भी निर्देश दिया है। विमान को सुरक्षित उतारने के लिए पायलट और चालक दल के सदस्यों की सराहना करता हूं। इससे पहले, प्रोटोकॉल के तहत दमकल की गाड़ियों, बचाव कर्मियों और एंबुलेंस को हवाई अड्डे रवाना किया गया था। नागर विमानन महानिदेशालय स्थिति पर लगातार नजर रख रहा था।

# युद्ध से नहीं निकलता समस्या का समाधान

### प्रधानमंत्री मोदी ने लाओस के पीएम के साथ संबंधों को मजबूत करने के तरीकों पर की चर्चा

एजेंसी

विएंतियान (लाओस)। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने विश्व के विभिन्न भागों में जारी संघर्षों का सबसे अधिक नकारात्मक प्रभाव ग्लोबल साउथ के देशों पर पड़ने का उल्लेख करते हुए यूरेशिया और पश्चिम एशिया में यथाशीघ्र शांति एवं स्थिरता की बहाली का शुक्रवार को आह्वान किया। मोदी ने 19वें पूर्वी एशिया शिखर सम्मेलन (ईएएस) को संबोधित करते हुए कहा कि समस्याओं का समाधान युद्ध के मैदान से नहीं निकल सकता। उन्होंने साथ ही कहा कि स्वतंत्र, मुक्त, समावेशी, समृद्ध और नियम-आधारित हिंद-प्रशांत पूरे क्षेत्र में शांति तथा प्रगति के लिए महत्वपूर्ण है।

मोदी ने मेजबान देश लाओ पीडीआर और आगामी अध्यक्ष मलेशिया के बाद शिखर सम्मेलन को संबोधित किया। प्रधानमंत्री ने कहा कि रणनीतिक वार्ता के लिए हिंद-प्रशांत क्षेत्र का प्रमुख मंच पूर्वी एशिया शिखर सम्मेलन भारत की एक्ट ईस्ट नीति का एक प्रमुख स्तंभ है। उन्होंने क्षेत्र में चीन की बढ़ती आक्रामकता के बीच कहा कि दक्षिण चीन सागर में शांति, सुरक्षा और स्थिरता पूरे हिंद-प्रशांत क्षेत्र के हित में है। मोदी ने कहा कहा हमारा मानना है कि



विएंतियान में लाओस के पीएम सोनेक्से सिफानदोने के साथ विभिन्न समझौतों पर चर्चा करते प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी

समुद्री गतिविधियां संयुक्त राष्ट्र समुद्री कानून संधि (यूएनसीएलओएस) के तहत संचालित की जानी चाहिए। नौवहन और वायु क्षेत्र की स्वतंत्रता सुनिश्चित करना आवश्यक है। एक मजबूत और प्रभावी आचार संहिता बनाई जानी चाहिए और इससे क्षेत्रीय देशों की विदेश नीति पर कोई अंकुश नहीं लगना चाहिए। उन्होंने किसी देश का नाम लिए बिना कहा हमारा दृष्टिकोण विकासवाद का होना चाहिए, न कि विस्तारवाद का। उन्होंने कहा कि दुनिया के विभिन्न हिस्सों में चल रहे संघर्षों के कारण सबसे अधिक नकारात्मक रूप से प्रभावित देश ग्लोबल साउथ के हैं। उन्होंने कहा कि यूरेशिया और पश्चिम एशिया जैसे क्षेत्रों में जल्द से जल्द शांति और स्थिरता बहाल करने की सामूहिक इच्छा है। मोदी ने यह टिप्पणी लंबे समय से जारी रूस-यूक्रेन संघर्ष और पश्चिम एशिया में इजराइल-हमास युद्ध की पृष्ठभूमि में की। ग्लोबल साउथ शब्द आम तौर पर लातिन अमेरिका, एशिया, अफ्रीका और ओशिनिया के क्षेत्रों के आर्थिक रूप से कम विकसित देशों के लिए इस्तेमाल किया जाता है। उन्होंने कहा मैं बुद्ध की धरती से आता हूं और मैंने बार-बार कहा है कि यह युद्ध का युग नहीं है। समस्याओं का समाधान युद्ध के मैदान से नहीं निकल सकता। प्रधानमंत्री ने कहा कि क्षेत्रीय अखंडता और अंतरराष्ट्रीय कानूनों का सम्मान करना आवश्यक है। उन्होंने कहा कि मानवीय दृष्टिकोण से, हमें संवाद और कूटनीति पर अधिक जोर देना चाहिए। उन्होंने कहा कि विश्वबंधु की जिम्मेदारी निभाते हुए भारत इस दिशा में हरसंभव योगदान देता रहेगा। उनकी यह टिप्पणी यूरेशिया में यूक्रेन और रूस के बीच संघर्ष तथा पश्चिम एशिया में इजराइल-हमास युद्ध के बीच आई है। मोदी ने इस बात पर जोर दिया कि आतंकवाद वैश्विक शांति और सुरक्षा के लिए भी एक गंभीर चुनौती है। उन्होंने कहा कि इसका मुकाबला करने के लिए मानवता में विश्वास रखने वाली ताकतों को एक साथ आना होगा और मिलकर काम करना होगा। प्रधानमंत्री ने कहा हमें साइबर, समुद्री और अंतरिक्ष के क्षेत्रों में आपसी सहयोग को मजबूत करना होगा। अपने संबोधन की शुरुआत में उन्होंने तूफान यागी से प्रभावित लोगों के प्रति अपनी गहरी संवेदना भी व्यक्त की। यागी एक विनाशकारी उष्णकटिबंधीय चक्रवात था, जिसने इस वर्ष सितंबर में दक्षिण पूर्व एशिया और दक्षिण चीन को प्रभावित किया था। मोदी ने कहा इस कठिन समय में हमने ऑपरेशन सद्भाव के जरिये मानवीय सहायता प्रदान की है। उन्होंने यह भी कहा कि भारत ने हमेशा आसियान (दक्षिण पूर्वी एशियाई राष्ट्रों का संघ) की एकता और प्रमुखता का समर्थन किया है। उन्होंने कहा कि आसियान भारत के हिंद-प्रशांत दृष्टिकोण और क्वाड सहयोग के केन्द्र में ...शेष पृष्ठ 14 पर

## निहोन हिदान्क्यो को दिया जायेगा शांति का नोबेल



स्टॉकहोम। इस साल का शांति का नोबेल पुरस्कार द्वितीय विश्वयुद्ध के दौरान जापान के हिरोशिमा और नागासाकी शहरों पर हुए अमेरिकी परमाणु बम हमलों के पीड़ितों के संगठन निहोन हिदान्क्यो को परमाणु शस्त्रों के विरुद्ध उनके कार्यों के लिए प्रदान किया जाएगा। नॉर्वे नोबेल समिति के अध्यक्ष जॉर्गन वात्ने फ्रिदनेस ने शुक्रवार को जापानी संगठन को पुरस्कार देने की घोषणा करते हुए कहा कि परमाणु हथियारों के इस्तेमाल पर रोक को लेकर बनी सहमति पर दबाव है और इसलिए इस संगठन को पुरस्कार दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि नोबेल समिति उन सभी जीवित बचे लोगों को सम्मानित करना चाहती है, जिन्होंने शारीरिक पीड़ा और दर्दनाक यादों के बावजूद, शांति के लिए आशा तथा जुड़ाव पैदा करने के वास्ते ...शेष पृष्ठ 14 पर

## संक्षेप

### नोएल होंगे टाटा ट्रस्ट्स के नये चेयरमैन

मुंबई। दिवंगत रतन टाटा के सौतेले भाई नोएल टाटा अब टाटा ट्रस्ट्स के चेयरमैन होंगे। यह विभिन्न परमार्थ-संस्थाओं का एक समूह है जो अप्रत्यक्ष रूप से 165 अरब अमेरिकी डॉलर के नमक से लेकर सॉफ्टवेयर बनाने वाले समूह को नियंत्रित करता है। उद्योगपति रतन टाटा (86) का बुधवार रात आयु संबंधी समस्याओं से निधन हो गया था जिसके बाद उनके उत्तराधिकारी की तलाश शुरू की गई। टाटा ट्रस्ट्स में शामिल विभिन्न ट्रस्ट के न्यासियों ने शुक्रवार को मुंबई में एक संयुक्त बैठक की और टाटा ट्रस्ट्स के चेयरमैन रतन टाटा के निधन पर शोक व्यक्त किया।

## अखिलेश यादव ने आवास के बाहर किया जयप्रकाश नारायण की प्रतिमा का माल्यार्पण



विशेष संवाददाता

लखनऊ। सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने शुक्रवार को अपने आवास के बाहर एक वाहन पर रखी जयप्रकाश नारायण की आवक्ष प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। अधिकारियों द्वारा सपा नेता को सुरक्षा कारणों से जयप्रकाश नारायण अंतरराष्ट्रीय केंद्र (जेपीएनआईसी) नहीं जाने देने के बाद उनके विक्रमादित्य मार्ग स्थित आवास के बाहर ...शेष पृष्ठ 14 पर

## योगी आदित्यनाथ ने नवमी पर की कुंवारी कन्याओं की पूजा

### योगी ने बेटियों के पांव पखार मातृ शक्ति की आराधना की

जिला संवाददाता

गोरखपुर। गोरक्षपीठाधीश्वर एवं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ मातृ शक्ति के प्रति अपनी अगाध श्रद्धा और उन्हें समाज में शक्ति स्वरूप में प्रतिष्ठित करने की पहल को एक बार फिर मजबूत करते दिखे। शुक्रवार को शारदीय नवरात्र की नवमी तिथि पर गोरखनाथ मंदिर में आयोजित कन्या पूजन अनुष्ठान में सीएम योगी ने नौ दुर्गा स्वरूपा कुंवारी कन्याओं के पांव पखारे, उनका विधि विधान से पूजन किया, चुनरी ओढाई, आरती उतारी, श्रद्धापूर्वक भोजन कराया, दक्षिणा और उपहार देकर उनका आशीर्वाद लिया। मुख्यमंत्री ने परंपरा का निर्वहन करते हुए बटुक पूजन भी किया।

शुक्रवार को गोरक्षपीठाधीश्वर योगी आदित्यनाथ ने मंदिर स्थित अपने आवास परिसर के प्रथम तल पर परंपरागत रूप से पीतल के परात में जल से सभी नौ कुंवारी कन्याओं के बारी-बारी पांव धोये। उनके माथे पर रोली, चंदन, दही, अक्षत और शक्तिपीठ की वेदी पर उगाई गई जई का तिलक लगाया। माला ...शेष पृष्ठ 14 पर



गोरखपुर में कन्या के पांव पखारते मुख्यमंत्री योगी

### नारी को सम्मान देने वाला समाज होता है समर्थ व शक्तिमान : योगी

जिला संवाददाता

गोरखपुर। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने समस्त प्रदेशवासियों को शारदीय नवरात्र की पावन महानवमी एवं विजयादशमी की बधाई देते हुए कहा कि शारदीय नवरात्र नारी गरिमा की प्रतिष्ठा का पर्व है और जिस समाज में नारी की पूजा होती है तथा सम्मान दिया जाता है, वह समाज स्वयं ही समर्थ और शक्तिमान होता है।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ बतौर गोरक्षपीठाधीश्वर शुक्रवार को गोरखनाथ मंदिर में शारदीय नवरात्र की महानवमी तिथि में कन्या पूजन के बाद मीडियाकर्मियों से बातचीत कर रहे थे। उन्होंने कहा कि देश-दुनिया में रहने वाले सनातन धर्मावलंबी वर्ष में दो बार शारदीय और वासंतिक नवरात्र में जगतजननी मां भगवती दुर्गा के नौ स्वरूपों के पूजन व अनुष्ठान के कार्यक्रम से श्रद्धा, उल्लास व उमंग से जुड़ते हैं। सनातन धर्म की पर्व और त्योहार से जुड़ी समृद्ध परंपरा सबका ध्यान आकर्षित करती है। आज शारदीय नवरात्र की नवमी तिथि पर सभी मनोकामनाओं ...शेष पृष्ठ 14 पर

## अवकाश की सूचना

विजयदशमी पर 'वॉयस ऑफ लखनऊ' के सुधी पाठकों, विज्ञापन दाता व समाचार पत्र वितरक बंधुओं और प्रदेशवासियों को ढेरों शुभकामनाएं।

12 अक्टूबर यानी शनिवार को वॉयस ऑफ लखनऊ कार्यालय बंद रहेगा। अगला अंक 14 अक्टूबर सोमवार को प्रकाशित होगा। -संपादक

## भीतर पढ़ें


- मिशन शक्ति की दिशा में क्रान्तिकारी कदम (पृष्ठ-02)
- जल्द शुरू होगी मुख्यमंत्री युवा उद्यमी अभियान योजना (पृष्ठ-02)
- भारत सबसे अधिक शुल्क लगाने वाला देश (पृष्ठ-14)
- सितंबर में खाद्य तेलों का आयात 29 प्रतिशत घटा (पृष्ठ-14)
- अगस्त में औद्योगिक उत्पादन 0.1 प्रतिशत घटा (पृष्ठ-14)


**विशेष खबर** विश्व के सामने मिसाल बनेगा महाकुंभ-2025, होगा भव्य और दिव्य आयोजन

## योगी सरकार पूरी दुनिया को देगी ग्रीन व स्वच्छ महाकुंभ का संदेश

विशेष संवाददाता

लखनऊ। महाकुंभ-2025 को भव्य और दिव्य बनाने के साथ ही योगी सरकार दुनिया के सबसे बड़े आयोजन को पूरी दुनिया के सामने मिसाल के रूप में भी प्रस्तुत करने जा रही है। करीब दो माह तक चलने वाले इस बड़े आयोजन को सफलतापूर्वक संपन्न कराने के साथ ही इस बार कुंभ 2019 की तर्ज पर कई बड़े वर्ल्ड रिकॉर्ड्स भी स्थापित किए जाएंगे। ये रिकॉर्ड्स कुंभ 2019 में बनाए गए रिकॉर्ड्स में सुधार करेंगे और सार्वजनिक गतिविधियों में जनभागीदारी की भावना को प्रोत्साहित करेंगे। 2019 में जहां इन गतिविधियों पर योगी सरकार ने 3०5 करोड़ रुपए खर्च किए थे तो वहीं इस बार 5 करोड़ रुपए के बजट का प्राविधान किया गया है। इन रिकॉर्ड्स के जरिए योगी सरकार पूरी दुनिया को ग्रीन एवं स्वच्छ महाकुंभ का संदेश भी देगी। योगी सरकार ने महाकुंभ-2025 के पावन अवसर पर आम लोगों की सहभागिता को सुनिश्चित करने के लिए व्यापक पैमाने पर तैयारियां की हैं। इसी क्रम में जनसहभागिता के माध्यम से चार गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड भी स्थापित किए जाने की योजना है। इन सभी गतिविधियों को वर्ल्ड रिकॉर्ड के रूप में स्थापित करने के लिए योगी सरकार की ओर से कुल 4.87 करोड़ रुपए के बजट का प्रावधान किया गया है। इसमें गतिविधियों के प्रबंधन पर सवा दो करोड़ रुपए खर्च होंगे, जबकि अन्य विकास कार्यों पर भी 1.62 करोड़ रुपए का खर्च किया जाएगा। इससे पूर्व 2019 कुंभ में भी कई बड़े वर्ल्ड रिकॉर्ड्स स्थापित किए गए थे, जिन पर योगी सरकार ने 3.53 करोड़ रुपए से ज्यादा की राशि खर्च की थी। इस तरह महाकुंभ 2025 में विभिन्न रिकॉर्ड्स के लिए आयोजित होने वाली गतिविधियों में 1.25 करोड़ रुपए से अधिक की राशि खर्च की जाएगी। कुंभ 2019 में योगी सरकार द्वारा सर्वाधिक हैण्डप्रिंट प्रिंटिंग का रिकॉर्ड्स स्थापित किया गया था। उस दौरान 8 घंटे में 60 फीट के कैनवास पर 7,664 लोगों के द्वारा हस्ताक्षर पेंटिंग में योगदान दिया गया था। यह रिकॉर्ड एक सामुदायिक भागीदारी गतिविधि थी, जिसमें दुनिया भर के लोगों ने भाग लिया। इस गतिविधि ने दक्षिण कोरिया द्वारा बनाए गए 4675 हस्ताक्षरों के पिछले ...शेष पृष्ठ 14 पर



## तमिलनाडु में मालगाड़ी से टकरायी दरभंगा एक्सप्रेस

एजेंसी

○ छह डिब्बे पटरी से उतरे, दो बोगियो में लगी आग

○ 19 यात्री घायल, राहत और बचाव अभियान तेज

तिरुवल्लुर। तमिलनाडु के तिरुवल्लुर जिले के कवरापेट्टई रेलवे स्टेशन पर दरभंगा एक्सप्रेस ट्रेन एक मालगाड़ी से टकरा गई। मालगाड़ी से टकराने के बाद दरभंगा एक्सप्रेस के छह डिब्बे पटरी से उतर गए। हादसे के बाद दरभंगा एक्सप्रेस की दो बोगियों में आग भी लग गई है। घटना के बाद ट्रेन में सवार यात्रियों को किसी तरह से बाहर निकाला जा रहा है। हादसे में 19 यात्रियों के घायल होने की भी सूचना मिली है। शुरुआती जानकारी के मुताबिक, दरभंगा एक्सप्रेस ने स्टेशन पर खड़ी मालगाड़ी को पीछे से टक्कर मारी है। टक्कर के समय एक्सप्रेस ट्रेन की स्पीड कितनी थी, इसे लेकर भी अभी तक कोई जानकारी सामने नहीं आई है। टक्कर के तुरंत बाद रेलवे के अधिकारी और कर्मचारी मौके पर पहुंचे हुए हैं। राहत व बचाव कार्य भी शुरू कर दिया गया है। घटना के बाद से अब यह सवाल भी उठने लगा है कि आखिर जिस पटरी पर मालगाड़ी पहले से खड़ी थी, उस पर एक्सप्रेस ट्रेन कैसे आ गई है? क्या लाइन मैन की तरफ से कोई गड़बड़ी हुई या फिर कोई बात थी।

संक्षेप

## जेपी जयंती: योगी व अन्य भाजपा नेताओं ने लोक नायक को दी श्रद्धांजलि

लखनऊ। यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आपातकाल का पुरजोर विरोध करने वाले समाजवादी नेता जयप्रकाश नारायण को सही मायने में लोकनायक बताया और उनकी जयंती पर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी। आदित्यनाथ ने एक्स पर पोस्ट किया, कि महान स्वतंत्रता संग्राम सेनानी, लोकतंत्र के परम उपासक भारत रत्न, लोकनायक जयप्रकाश नारायण की जयंती पर उन्हें नमन। आपातकाल के दौरान राष्ट्र की जनतांत्रिक चेतना को जागृत कर लोकतंत्र की पुनर्स्थापना में अविस्मरणीय योगदान दिया था। वह सच्चे अर्थों में लोकनायक थे। उत्तर प्रदेश विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना, उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक एवं केशव प्रसाद मौर्य समेत विभिन्न नेताओं ने जेपी को श्रद्धांजलि दी। उनका जन्म 11 अक्टूबर 1902 को बिहार में सारण जिले के सिताब दियारा गांव में हुआ था। वर्ष 1979 में उनका निधन हो गया।

## विस अध्यक्ष ने दी विजयदशमी की बधाई

लखनऊ। यूपी विधानसभा के अध्यक्ष सतीश महाना ने विजयदशमी के पावन पर्व पर प्रदेशवासियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं। उन्होंने कहा कि विजयदशमी का यह पर्व असत्य पर सत्य और अन्याय पर न्याय की जीत का प्रतीक है, जो हमें जीवन में सत्य, धर्म, और नैतिकता के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देता है। महाना ने प्रदेशवासियों से अपील की कि वे इस पर्व को सौहार्द और एकता के साथ मनाएं और समाज में भाईचारे और शांति का संदेश फैलाएं। उन्होंने सभी के जीवन में सुख-समृद्धि और खुशहाली की कामना की और कहा कि इस पवित्र अवसर पर हमें अपने कर्तव्यों के प्रति सजग रहकर समाज और राष्ट्र की प्रगति में योगदान देना चाहिए। उन्होंने आशा व्यक्त की कि विजयदशमी का यह पर्व प्रदेश में नई ऊर्जा और सकारात्मक बदलाव लाएगा।

# औद्योगिक और व्यवसायिक गतिविधियां बढ़ा रही सरकार

## यूपीसीडा 43 औद्योगिक व व्यवसायिक भूखंडों की करेगा मेगा ई-नीलामी

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** यूपी में औद्योगिक और व्यवसायिक गतिविधियों को बढ़ाने की दिशा में योगी सरकार ने एक नई पहल की है। सीएम योगी के विजन अनुसार, राज्य औद्योगिक विकास प्राधिकरण

- **यूपीसीडा की इस मौजूदा प्रक्रिया में बरेली, जालौन, बाराबंकी, प्रयागराज, मुरादाबाद व ट्रांस गंगा सिटी उन्नाव के विभिन्न व्यावसायिक प्लॉट्स की होगी नीलामी होगी**
- **मेगा ई-नीलामी में सम्मिलित प्लॉट्स का रिजर्व प्राइस तय है, इन भूखंडों को प्राप्त करने के लिए करोड़ों की बोली लगा सकेंगे**

(यूपीसीडा) 43 औद्योगिक व व्यवसायिक भूखंडों की मेगा ई-नीलामी होगी। इसकी प्रक्रिया को जल्द ही मूर्त रूप दिया जाएगा। यूपीसीडा की इस मौजूदा प्रक्रिया में बरेली, जालौन, बाराबंकी, प्रयागराज, मुरादाबाद व ट्रांस गंगा सिटी उन्नाव के विभिन्न व्यवसायिक प्लॉट्स की होगी नीलामी होगी। इन व्यवसायिक भूखंडों का वेयर हाउस, होटल, ग्रुप हाउसिंग, मल्टीप्लेक्स, पेट्रोल पंप हॉस्पिटल समेत विभिन्न प्रकार की व्यवसायिक गतिविधियों के संचालन के लिए इस्तेमाल हो सकेगा। इतना ही नहीं, यूपीसीडा द्वारा अमेठी, अमरोहा, बांदा व हमीरपुर में मेगा ई-नीलामी के जरिए औद्योगिक भूखंडों के आवंटन का भी मार्ग प्रशस्त किया जाएगा। इस मेगा ई-नीलामी में भाग लेने के लिए आवेदन प्रक्रिया शुक्रवार से शुरू हो गई है। मेगा ई-नीलामी में सम्मिलित सभी प्लॉट्स का रिजर्व प्राइस तय है और इसी आधार पर आवेदनकर्ता इन भूखंडों को प्राप्त करने के लिए करोड़ों की बोली लगा सकेंगे। प्रक्रिया के अंतर्गत कैटलॉग फीस, प्रोसेसिंग फीस व ईएमडी भुगतान करने की अंतिम तिथि 17 अक्टूबर निर्धारित की गई है। वहीं, सभी प्रक्रियाओं को पूरा करते हुए आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि 18 अक्टूबर निर्धारित की गई है। 25 अक्टूबर को मेगा ई-नीलामी का आयोजन प्रस्तावित है जिसके जरिए भूखंड आवंटन प्रक्रिया को पूरा किया



जाएगा। इस विषय में अधिक जानकारी के लिए यूपीसीडा की आधिकारिक वेबसाइट पर क्लिक करके जानकारी प्राप्त की जा सकती है। वहीं इस मेगा ई-नीलामी के लिए पोर्टल के तौर पर कार्य करेगा जिस पर लॉग इन करके पंजीकरण व अन्य विवरण की जानकारी प्राप्त की जा सकती है। प्रक्रिया के अंतर्गत, कुल 11 जिलों के विभिन्न क्षेत्रों में व्यवसायिक व औद्योगिक भूखंडों की नीलामी का मार्ग प्रशस्त होगा जिसका विवरण इस प्रकार है... बरेली 16800 मीटर स्क्वेयर क्षेत्र के प्लॉट का वेयरहाउस डेवलप करने के लिए इस्तेमाल हो सकेगा। इस प्लॉट की रिजर्व प्राइस 4.51 करोड़ है। वहीं, औद्योगिक भूखंड के तौर पर 18929.12 स्क्वेयर मीटर का प्लॉट निर्धारित है जिसका रिजर्व प्राइस 9.71 करोड़ है। जालौनः उरई में होटल निर्माण के लिए 6600 स्क्वेयर मीटर क्षेत्र के भूखंड का होटल निर्माण में इस्तेमाल हो सकेगा। इस भूखंड की रिजर्व प्राइस 3.19 करोड़ रखी गई है। बाराबंकीः ग्रुप हाउसिंग स्कीम के अंतर्गत यहां दो भूखंडों की नीलामी होगी। पहला भूखंड जीएच 1 इंडस्ट्रीयल एरिया कुर्सी रोड पर स्थित है। यह 2730.33 वर्ग मीटर का प्लॉट है जिसकी रिजर्व प्राइस 2.28 करोड़ निर्धारित है। वहीं, दूसरा प्लॉट जीएच 2 इंडस्ट्रियल एरिया, कुर्सी रोड स्थित है। यह भी 2730.33 वर्ग मीटर का प्लॉट है जिसकी रिजर्व प्राइस 2.28 करोड़ निर्धारित है। प्रयागराजः सरस्वती हाइटेक सिटी में होटल के लिए 2 व मल्टीप्लेक्स तथा हॉस्पिटल के लिए 1-1 प्लॉट आवंटित होंगे। इन प्लॉट्स का टोटल एरिया 2081.27 मीटर से लेकर 8486 स्क्वेयर मीटर के बीच होगा और इनकी रिजर्व प्राइस 8.75 से लेकर 17.84 करोड़ के बीच निर्धारित है। वहीं, भूरागढ़ इंडस्ट्रियल एरिया में 8832 व 11598.3 वर्ग मीटर के प्लॉट्स की नीलामी के लिए रिजर्व प्राइस 1.25 तथा 1.69 करोड़ रखा गया है। मुरादाबादः स्पेशल इकॉनमिक जोन (एसईजेड) में 6802.42 स्क्वेयर मीटर के प्लॉट की नीलामी पेट्रोल पंप की स्थापना के लिए 7.44 करोड़ की रिजर्व प्राइस पर हो सकेगी। अमेठी, बांदा, अमरोहा, हमीरपुर व मैनपुरीः अमेठी के कौहर इंडस्ट्रियल एरिया में इंडस्ट्रियल यूज के लिए 5 प्लॉट्स की नीलामी होगी जिनकी क्षेत्रफल 406.27 से लेकर 419.81 मीटर होगा और इनकी रिजर्व प्राइस 15.23 लाख से लेकर 15.74 लाख रखी गई है। इसी प्रकार, बांदा-हमीरपुर, मैनपुरी व अमरोहा में भी विभिन्न श्रेणी के इंडस्ट्रियल प्लॉट्स भी नीलामी के लिए उपलब्ध हैं। उन्नावः यहां व्यवसायिक और औद्योगिक दोनों ही प्रकार के कुल 10 प्लॉट्स नीलामी के लिए उपलब्ध हैं। इसमें से सबसे ज्यादा प्लॉट्स ट्रांस गंगा सिटी उन्नाव में स्थित हैं। इनका इस्तेमाल स्कूल, शॉपिंग सेंटर, बीपीओ, क्लब, वुमेंस होस्टल, बैंक्वेट हॉल, मल्टीपर्पज हॉल, कम्यूनिटी सेंटर, पेट्रोल व सीएनजी स्टेशन तथा हॉस्पिटल के लिए हो सकेगा। इसका क्षेत्रफल 2504.82 मीटर से 19769.48 मीटर के बीच स्थित है और रिजर्व प्राइस 11.38 से 44.91 करोड़ के बीच निर्धारित है।

# गोरखपुर-बिहार रूट की 50 ट्रेनें होंगी निरस्त

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। गोरखपुर-गोंडा रेलखंड पर स्थित डोमिनगढ़ से जगतबेला के बीच ऑटोमेटिक सिग्नलिंग कार्य के चलते पूर्वोत्तर रेलवे प्रशासन ने गोरखपुर और बिहार रूट की 50 ट्रेनों को निरस्त कर दिया है। 14 से 28 अक्तूबर तक इन ट्रेनों का संचालन प्रभावित रहेगा। जबकि 64 ट्रेनों को बदले मार्ग से चलाने का निर्णय लिया गया है। इससे त्योहार पर यात्रा करने वाले मुसाफिरों के लिए दुश्वारियां बढ़ेंगी।

सीपीआरओ पंकज कुमार सिंह ने बताया कि 12531/32 गोरखपुर लखनऊ जं. एक्सप्रेस 15 से 23 अक्टूबर व 25 से 27 अक्टूबर, 12530/29 लखनऊ जं. पाटलिपुत्र एक्सप्रेस 15 से 26 अक्टूबर, 22531/32 छपरा मथुरा जं. एक्सप्रेस 16 से 25 अक्टूबर, 15081/82 गोरखपुर गोमतीनगर/ 15113 गोमतीनगर छपरा कचहरी व 15070 ऐशबाग गोरखपुर एक्सप्रेस 14 से 27 अक्टूबर/ 15069 गोरखपुर ऐशबाग एक्सप्रेस 15 से 28 अक्टूबर, 15114 छपरा कचहरी गोमतीनगर एक्सप्रेस 13 से 26 अक्टूबर, 11123 ग्वालियर बरौनी एक्सप्रेस 16 से 26 अक्टूबर, 11124 बरौनी ग्वालियर एक्सप्रेस 17 से 27 अक्टूबर, 14010 आनन्दविहार टर्मिनस बापूधाम मोतिहारी एक्सप्रेस 16, 19, 21, 23 व 26 अक्टूबर, 14009 बापूधाम मोतिहारी आनन्दविहार टर्मिनस एक्सप्रेस 18, 20, 22, 25 व 27 अक्टूबर तक कैंसिल रहेगी। इसके अतिरिक्त लखनऊ के रास्ते चलने वाली 04137/38 ग्वालियर बरौनी, 04031/32 आनन्दविहार टर्मिनस सहरसा भी कैंसिल रहेंगी।

# महाकुम्भ 2025 में किन्नर अखाड़े का होगा विस्तार

## महाकुम्भ में किन्नर अखाड़े ने 55 पदाधिकारी नियुक्त करने की तैयारी की

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। प्रयागराज में होने वाले महाकुम्भ 2025 से ठीक पहले किन्नर अखाड़े की वरिष्ठ पदाधिकारी व महामंडलेश्वर भवानी गिरि ने भले ही सभी पदों से इस्तीफे का ऐलान कर दिया हो लेकिन आचार्य महामंडलेश्वर लक्ष्मी नाराणय त्रिपाठी ने किसी को अब तक बाहर न करने का ऐलान किया है। उन्होंने कहा कि हम सब किन्नर एक हैं और जब तक कोई किन्नर अखाड़े से अलग शिविर नहीं लगाएगा, उसे बाहर का रास्ता नहीं दिखाया जाएगा।

इस वक्त जब सभी अखाड़े महाकुम्भ 2025 की तैयारियों में जुटे हैं, किन्नर अखाड़े में दो फाड़ दिखने लगा है। अखाड़े की राष्ट्रीय महासचिव व महामंडलेश्वर भवानी गिरि ने सभी पदों से इस्तीफा दे दिया।



उन्होंने कहा कि हम लोग गद्दी किन्नर हैं जो वाल्मिकी समाज से आते हैं इसलिए हम लोग रुढ़ीवादी सोच के हैं जबकि किन्नर अखाड़े से हमारी सोच एकदम अलग हैं। वहां पढ़े लिखे लोग हैं और उनके यहां समलैंगिकों को भी जगह दी जाती हैए हमारे यहां पर ऐसा नहीं है। किन्नर अखाड़े में गुरु की परंपरा है ही नहीं, वो आज दुनिया में अपने विकास पर ध्यान दे रहे हैं। भवानी ने कहा कि उन्होंने 2016 में दिल्ली में किन्नर धाम संस्था की स्थापना की और उनका मूल उद्देश्य किन्नरों का विकास है। वह खुद भी इस समुदाय को छोड़ नहीं सकतीं। भवानी गिरि ने स्पष्ट किया कि उन्होंने किन्नर अखाड़े से दूरी की है लेकिन जूना अखाड़े के नागा साधु के रूप में उनकी पहचान थी और रहेगी। अगर गुरु महंत हरि गिरि बुलाएंगे तो जरूर आएंगे। उन्होंने हमें शिष्य बनाया है और हम उनके चेला हैं। महाकुम्भ 2025 में किन्नर अखाड़े का विस्तार होगा। देश विदेश से आने वाले 55 किन्नरों को अखाड़ा महंत, महामंडलेश्वर, जगद्गुरु जैसे पद देगा। इसकी तैयारी शुरू हो चुकी है। हर साल महाकुम्भ में बड़े स्तर पर महामंडलेश्वर बनाए जाते हैं। इस बार महाकुम्भ में किन्नर अखाड़े ने 55 पदाधिकारी नियुक्त करने की तैयारी की है। यह वही लोग होंगे, जिन्होंने देश और विदेश में सनातन धर्म के प्रचार के लिए व्यापक अभियान चलाया है। पद पाने वाले यह संत मूल रूप से उत्तर प्रदेश, बिहार, महाराष्ट्र, गुजरात, राजस्थान, हिमाचल प्रदेश सहित अन्य प्रदेश के हैं। विदेश के संतों को पद दिया जाएगा, जो ब्रिटेन, फ्रांस, जर्मनी, कनाडा, रूस, अमेरिका, नेपाल, श्रीलंका में रहते हैं।

# जल्द शुरू होगी मुख्यमंत्री युवा उद्यमी अभियान योजना

## चालीस हजार के वेतन पर आउटसोर्सिंग पर रखे जायेंगे सीएम युवा फेलो

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** युवाओं को लकर योगी सरकार ने बड़ा फैसला लिया है। योगी सरकार ने मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान को तैयार कर अब इसे लागू करने के लिए दस साल की योजना बनाई है। लाखों बेरोजगार युवाओं को इस योजना का लाभ आसानी से दिलाने के लिए हर जिले में सीएम युवा फेलो रखे जाएंगे।

इन्हें चालीस हजार के वेतन पर आउटसोर्सिंग के जरिए रखा जाएगा। 85 डाटा इंट्री आपरेटर रखे जाएंगे। राजधानी में एक मिशन कार्यालय बना कर एक आईएएस अधिकारी को मिशन डायरेक्टर बनाया जाएगा। इस योजना के अमल की निगरानी के लिए जिले, राज्य व मुख्य सचिव स्तर पर तीन अलग-अलग कमेटियां बनाई जाएंगी। मिशन डायरेक्टर, एडिशनल मिशन डायरेक्टर के अलावा चार संयुक्त निदेशक, महाप्रबंधक वित्त,



वित्त लेखाधिकारी, चार सहायक लेखाधिकारी, चार डिप्टी मिशन डायरेक्ट की भर्ती प्रतिनियुक्ति के जरिए होगी। 160 मुख्यमंत्री युवा फेलो व 85 डाटा इंट्री आपरेटर भी आउटसोर्सिंग के जरिए रखे जाएंगे। आपरेटरों को हर महीने 15000 रुपये दिए जाएंगे। मिशन निदेशक एक मिशन टास्क फोर्स का गठन करेगा। यह दस साल में दस लाख एमएसएमई इकाईयों की स्थापना कराने के लिए ब्याज मुक्त कर्ज दिलाने का काम करेगा। मुख्य सचिव की अध्यक्षता में राज्य स्तरीय शासकीय समिति बनेगी। इसमें औद्योगिक विकास, एमएसएमई विभाग समेत दस विभागों के प्रमुख सचिवों को रखा जाएगा। राज्य स्तरीय कार्यकारी समिति के अध्यक्ष अपर मुख्य सचिव एमएसएमई अध्यक्ष होंगे। यह योजना का पूरी तरह संचालन करेगी। मिशन के संचालन के लिए जिला कार्यक्रम प्रबंधन यूनिट डीएम की अध्यक्षता में होगी। इसके अलावा राज्य कार्यक्रम प्रबंधन इकाई बनेगी। तंबाकू, गुटखा, पान मसाला, पटाखो का निर्माण, प्लास्टिक कैरीबैग 40 माइक्रॉन से कम व प्रतिबंधित श्रेणी के अन्य उत्पाद वाले उद्योग लगाने पर इस सुविधा का लाभ नहीं मिलेगा। इस संबंध में अपर मुख्य सचिव आलोक कुमार ने मुख्यमंत्री युवा उद्यमी अभियान योजना को लागू करने के लिए विस्तृत शासनादेश जारी किया है।

# जेपी की जंयती पर अखिलेश का व्यवहार बचकाना

## भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने निशाना साधते हुए कहा-जननायक के नाम पर राजनीतिक स्वांग रच रहे

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह चौधरी ने जननायक जय प्रकाश नारायण की जयंती पर सपा प्रमुख अखिलेश यादव द्वारा किए गये व्यवहार को बचकाना एवं अपरिपक्वता का परिचायक बताया। उन्होंने शुक्रवार को बयान जारी कर कहा कि सपा की सोच विनाशकारी है। उन्हें सत्ता से गए हुए पूरे साढ़े सात साल हो गए, लेकिन उनकी अकड़, पुलिस के साथ बदसुलूकी और धमकी यही दिखाती है कि जनता ने उन्हें जिस हाल में पहुंचा दिया है, उसके बाद भी उनकी गुंडागर्दी, दंगाई और अराजकता बरकरार है।

वे खुद को मुख्यमंत्री समझने का मुगालता अभी भूल नहीं पाये हैं, वे प्रदेश को वापस अराजकता की ओर लौटाने की मंशा रखते हैं, वे प्रदेश का विकास नहीं विनाश ही चाहते हैं। उत्तर प्रदेश के निवासी यह भूले नहीं हैं कि उनके शासन में उनकी नहीं बल्कि गुंडे, दंगाइयों और बलात्कारियों की ही पूछ होती थी। आज वे जननायक के नाम पर राजनीतिक स्वांग रच रहे हैं। उन्होंने कहा कि जेपी की जयंती के नाम पर राजधानी लखनऊ में बड़ा बवाल खड़ा करने की सपा की कोशिशों को योगी सरकार ने नाकाम कर दिया है तो



बौखलाये अखिलेश यादव पुलिस को धमका रहे हैं। पिछले साल भी अखिलेश यादव ने अर्ध निर्मित जेपी एनआईसी में जाकर राजनीतिक नौटंकी कर सस्ती लोकप्रियता पाने का प्रयास किया था, ऐसा ही कृत्य इस बार भी उनके द्वारा किया गया। भूपेन्द्र चौधरी ने कहा कि अखिलेश यादव जेपी का नाम लेकर नौटंकी कर रहे है। वो जेपी के बारे में जानते ही क्या हैं। अगर वो जननायक जय प्रकाश नारायण के बारे में थोड़ा भी जानते तो उन्हीं लोगों की गोद में न बैठे होते जिनके खिलाफ ही जय प्रकाश नारायण ने पूरा आंदोलन खड़ा किया था। उन्हें पता भी है कि कांग्रेस सरकार ने जेपी के साथ क्या किया था। ये सिर्फ सत्ता लोभी लोग हैं जो आदर्शों और मूल्यों के लिए नहीं बल्कि निजी स्वार्थ के लिए राजनीति में हैं। उन्होंने कहा कि जेपी ने ही कांग्रेस की तानाशाही को हटाने के लिए संपूर्ण क्रांति आंदोलन चलाया था। उसी कांग्रेस के साथ सत्ता के स्वार्थ में सपा ने गठबंधन किया है। जनता मूर्ख नहीं है, चरित्र देखकर हिसाब बराबर कर देती है। यही कारण है कि आज दोनों सत्ता से बाहर बैठे हैं। सपा को जेपी की जयंती मनाने का नैतिक अधिकार नहीं है। उनकी सरकार के कार्यकाल में बनाया गया अर्धनिर्मित जेपीएनआईसी भ्रष्टाचार का सजीव उदाहरण है। उन्होंने भ्रष्टाचार के मामले में जेपी को भी नहीं बख्शा। उनके मुंह से लोकनायक का नाम भी अशोभनीय है। अर्ध निर्मित इमारत में वे जाकर क्या करना चाहते थे यह समझ से परे है। उन्होंने कहा कि सपा प्रमुख की बातों में अराजकता साफ झलक रही है जो सपा का स्वभाव है। अयोध्या में नाबालिग बच्ची के बलात्कारी मोईद खान और कन्नौज में बच्ची का बलात्कार करने वाले नवाब सिंह यादव जिनके ब्रांड एंबेसडर हैं उनके मुंह से लोकनायक जेपी का नाम शोभा नहीं देता है। उन्होंने कहा किसी महापुरुष के प्रति सम्मान दिल में होना चाहिए और उसके मार्गदर्शन पर चलना चाहिए, गुंडागर्दी करके कानून व्यवस्था की धज्जियां उड़ाना असमाजिक तत्वों का कार्य होता है।

# मिशन शक्ति की दिशा में ग्राम्य विकास विभाग का क्रान्तिकारी कदम

## मुख्यमंत्री आवास योजना-ग्रामीण के तहत 51 हजार निराश्रित महिलाओं को दिये गये पक्के मकान

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य के निर्देश पर मुख्यमंत्री आवास योजना-ग्रामीण के तहत प्रदेश में 51 हजार पति की मृत्यु के उपरान्त निराश्रित महिला (आयु 18 से 40 वर्ष) को इस वर्ष आवास आवंटित किये गये हैं। उप मुख्यमंत्री की पहल पर

- **ग्राम्य विकास विभाग से मातृ शक्ति को मिला बड़ा सम्बल**

इस तरह की निराश्रित महिलाओं को मुख्यमंत्री आवास योजना-ग्रामीण की पात्रता की प्राथमिकता श्रेणी में सम्मिलित किया गया है।

उप मुख्यमंत्री ने बताया कि पति की मृत्यु के उपरान्त निराश्रित महिला (आयु 18 से 40 वर्ष) एक अत्यन्त ही संवेदनशील वर्ग है, जिससे सामाजिक एवं सरकारी स्तर पर बेहद सुरक्षा की आवश्यकता होती है। इस उम्र की विधवा महिलाएं प्रायः ऐसी होती है, जिनमें से अधिकांश के बहुत छोटे-छोटे बच्चे होते हैं, जिससे इनके सुरक्षा एवं सहयोग की आवश्यकता और बढ़ जाती है। राज्य सरकार ने इस आयु वर्ग के लाभार्थियों को समस्या के दृष्टिगत इन्हें मुख्यमंत्री आवास योजना ग्रामीण के पात्रता/प्राथमिकता सूची में सम्मिलित कर एक क्रांतिकारी कदम उठाया है, जो समाज के हर जरूरतमंद के साथ खड़े होने की राज्य सरकार की मंशा को दर्शाता है। उप मुख्यमंत्री ने कहा है कि मिशन शक्ति की दिशा में ग्राम्य विकास विभाग का यह क्रान्तिकारी कदम हैं। इससे ग्राम्य विकास विभाग द्वारा मातृ शक्ति को बहुत बड़ा सम्बल मिला है। महिला सुरक्षा, सम्मान और स्वावलंबन के लिए सरकार पूरी प्रतिबद्धता के साथ आगे बढ़ रही है। प्रधानमंत्री के यशस्वी मार्गदर्शन में केंद्र और राज्य की सरकार, महिला सुरक्षा, सम्मान और



स्वावलंबन के लिए पूरी ईमानदारी और प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रही हैं। हमारी माताओं, बहनों व बेटियों ने हर क्षेत्र में कदम से कदम मिलाकर नए भारत के निर्माण में अपना योगदान सुनिश्चित किया है। हम अपनी नारी शक्ति की ताकत, साहस, और दृढ़ता को नमन करते हैं और विभिन्न क्षेत्रों में उनकी उपलब्धियों की सराहना करते हैं। हमारी सरकार शिक्षा, उद्यमिता, कृषि, प्रौद्योगिकी और अन्य क्षेत्रों में पहलों के माध्यम से महिलाओं को सशक्त बनाने के लिए प्रतिबद्ध है। ज्ञातव्य है कि मुख्यमंत्री आवास योजना ग्रामीण राज्य सरकार द्वारा संचालित ग्रामीण आवासीय योजना है, जिसे वर्ष-2018 से प्रारम्भ किया गया। इस योजना में प्राकृतिक आपदा, कुष्ठ रोग एवं कालाजार आदि रोगों से प्रभावित परिवार, आर्थिक दृष्टि से पिछडे जनजाति परिवार, दिव्यांगजन तथा मुसहर, वनटांगिया, बंजारा आदि कई वर्ग के आवास विहीन परिवारों को मुख्यमंत्री आवास योजना ग्रामीण की प्राथमिकता श्रेणी में जोडते हुए इस योजना से बडी संख्या में लाभ दिया जा रहा है। अब तक 3.51 लाख परिवारों को मुख्यमंत्री आवास योजना ग्रामीण के अन्तर्गत आवास आवंटित किये गये हैं। आपको बताते चलें कि इस योजना में वर्ष 2024-25 में पात्रता की प्राथमिकता श्रेणी में पति की मृत्यु के उपरान्त निराश्रित महिला (आयु 18 से 40 वर्ष) को सम्मिलित करते हुए राज्य सरकार द्वारा इस श्रेणी के आवासविहीन पात्र परिवारों का जनपद स्तर से सर्वेक्षण कराया गया। प्रदेश के जिलों से लगभग 51 हजार घरों की मांग इस श्रेणी में की गयी। सभी 51 हजार पति की मृत्यु के उपरान्त निराश्रित महिला (आयु 18 से 40 वर्ष) को इस वर्ष आवास आवंटित कर दिये गये हैं। इन आवासों के स्वीकृति एवं प्रथम किस्त निर्गत कराने की कार्यवाही प्रक्रिया में है। उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य, द्वारा विभागीय अधिकारियों को इन परिवारों के शीघ्रता से आवास स्वीकृत कर इन्हें पूर्ण कराने के निर्देश दिये गये हैं। उन्होंने कहा है इतनी बड़ी संख्या में पति की मृत्यु के उपरान्त कम उम्र की निराश्रित महिलाओं को आवासीय सुविधा उपलब्ध कराना सरकार की संवेदनशीलता एवं मिशन शक्ति की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। आयुक्त ग्राम्य विकास जीएस प्रियदर्शी ने बताया कि अब तक 3.51 लाख परिवारों को मुख्यमंत्री आवास योजना-ग्रामीण के अन्तर्गत आवास आवंटित किये गये हैं।

# बसपा अब किसी भी राज्य में क्षेत्रीय दलों से गठबंधन नहीं करेगी : मायावती

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** हरियाणा विधानसभा चुनाव में बहुजन समाज पार्टी को एक भी सीट हासिल न होने के बाद पार्टी प्रमुख मायावती ने फैसला किया है कि उनकी पार्टी अब किसी भी राज्य में क्षेत्रीय दलों से गठबंधन नहीं करेगी।

उन्होंने सोशल मीडिया पर लिखा कि विधानसभा चुनावों में भी गठबंधन के तहत बसपा के वोट दूसरे दल को मिल जाते हैं लेकिन उन दलों द्वारा अपने वोट बसपा को अंतरित नहीं करा पाने की वजह अपेक्षित चुनाव परिणाम नहीं मिलने से पार्टी कार्यकताओं को निराशा एवं उसके फलस्वरूप आंदोलन को संभावित हानि को बचाना जरूरी है, इसीलिए अब पार्टी क्षेत्रीय पार्टियों से गठबंधन नहीं करेगी। बसपा प्रमुख ने शुक्रवार को एक्स लिखा, कि उत्तर प्रदेश सहित दूसरे राज्यों के चुनाव में भी बसपा के वोट गठबंधन की दूसरी पार्टी को मिल जाने, किन्तु बसपा को अपने वोट दिलाने की क्षमता उनमें (उन दलों में) नहीं होने के कारण अपेक्षित चुनाव परिणाम नहीं मिलने पर पार्टी कार्यकताओं को निराशा एवं उससे आंदोलन को होने वाली हानि को बचाना जरूरी है। उन्होंने लिखा, कि इसी संदर्भ में हरियाणा विधानसभा के चुनाव परिणाम एवं इससे पहले पंजाब चुनाव के कड़वे अनुभव के मद्देनजर आज हरियाणा एवं पंजाब की समीक्षा बैठक में क्षेत्रीय पार्टियों से अब आगे गठबंधन नहीं करने का निर्णय लिया गया, जबकि भाजपा-राजग एवं कांग्रेस इण्डिया गठबंधन से दूरी पहले की तरह ही जारी रहेगी। मायावती ने कहा, कि देश की एकमात्र प्रतिष्ठित आंबेडकरवादी पार्टी बसपा एवं उसके आत्म-सम्मान और स्वाभिमान तथा इस आंदोलन को हर प्रकार से कमजोर करने की चौतरफा जातिवादी कोशिशें लगातार जारी हैं।

# एलडीए ने आवेदन से पहले कर दिया था भूखण्ड का आवंटन

## ट्रांसपोर्ट नगर मामला : जांच में हुआ खुलासा, शासन की कमेटी ने दोषी अफसरों व कर्मचारियों के मांगे नाम

- **दो भूखण्डों पर नियम विपरीत किया गया निर्माण, एलडीए ने नहीं की कार्रवाई**



आशिष मौर्य (vol)

**लखनऊ।** ट्रांसपोर्ट नगर योजना में तीन मंजिला बिल्डिंग गिरने के मामले में नया खुलासा हुआ है। प्राथमिक जांच में सामने आया है कि भूखंड सख्या सी-54 फेज-1 ट्रांसपोर्ट नगर का आवंटन वर्ष 2003 में किया गया जबकि आवेदक की ओर से आवेदन वर्ष 2004 में दिया गया। इसमें भी आवेदक की ओर से हस्ताक्षर भी नहीं किए गए थे। एलडीए की जांच समिति के परीक्षण में यह खुलासा हुआ है। बिना हस्ताक्षर के आवेदन पत्र पर आवंटन कर दिया गया वह भी आवेदन पत्र देने से पहले। अब सचिव गृह संजीव गुप्ता की अध्यक्षता में गठित समिति ने इस जांच रिपोर्ट के आधार पर एलडीए से सभी पहलुओं पर अभिलेखों के साथ जवाब तलब किया है। आवंटन प्रक्रिया में नियमों का उल्लंघन करने व इसके लिए उत्तरदायी अधिकारी व कर्मचारियों के नाम मांगे हैं।

कानपुर रोड स्थित ट्रांसपोर्ट नगर में 7 सितंबर को तीन मंजिला व्यावसायिक बिल्डिंग अचानक गिर गई थी। इसमें हादसे में आठ लोगों की मौत हो गई थी जबकि 28 लोग घायल हो गए थे। इसके बाद बिल्डिंग गिरने व हादसे की जांच के लिए मुख्यमंत्री ने सचिव गृह की अध्यक्षता में तीन सदस्यीय समिति गठित की थी जबकि एलडीए की ओर से भी जांच कमेटी बनाई गई। प्राधिकरण की कमेटी ने प्राथमिक जांच आख्या शासन को उपलब्ध करा दी है। रिपोर्ट में अवगत कराया गया है कि भूखंड सख्या सी-54 फेज-1 ट्रांसपोर्ट नगर का आवंटन आवेदक कुमकुम सिंघल के पक्ष में 9 सितंबर 2003 को किया गया है, जबकि आवेदक की ओर से 4 नवंबर 2004 को भूखंड आवंटन के संबंध में अनुरोध किया जाना बताया गया है। इस आवेदन में आवेदक के हस्ताक्षर भी नहीं हैं। इससे एलडीए की ओर से उस समय किए गए आवंटन पर ही सवाल उठ रहे हैं। यहां स्पष्ट है कि एलडीए प्रशासन ने पहले तो बिना आवेदन के बेशकीमती भूखण्ड का आवंटन कर दिया। फिर एक साल बाद बिना हस्ताक्षर के आवेदन पत्र फाइल में लगा दिया गया। यह किन परिस्थितियों में एवं किन-किन अधिकारियों व कर्मचारियों की ओर से किया गया है? यह भी जांच के घेरे में है। शासन ने इसकी पूरी पत्रावली स्पष्ट अभिलेखों के साथ एलडीए उपाध्यक्ष से मांगी है। इसके अतिरिक्त शासन की कमेटी ने एलडीए से पूछा है कि यह भूखंड व्यावसायिक श्रेणी का है, परन्तु इसका आवंटन आवेदन पत्र के आधार पर किया जाना तत्समय विद्यमान नियमों के अनुरूप था अथवा नहीं? यदि नियमों में ऐसी परिस्थितियों में भूखंड आवंटित किया जाना नियमसंगत था तो इसकी क्या व्यवस्था थी? सचिव गृह विभाग ने यह भी पूछा है कि उक्त आवंटन प्रक्रिया में किन-किन नियमों का उल्लंघन हुआ है एवं इसके लिए कौन-कौन अधिकारी / कर्मचारी उत्तरदायी हैं?

**स्वीकृत नक्शे के विपरीत किया गया निर्माण, जिम्मेदार कौन? :** पूछा गया है कि भूखण्ड सख्या सी-55 एवं 54 में लखनऊ विकास प्राधिकरण की ओर से निर्धारित दरों एवं सभी संबंधित शुल्कों को सम्मिलित करते हुए प्राधिकरण को सम्पूर्ण धनराशि प्राप्त हो चुकी है अथवा नहीं? एलडीए की रिपोर्ट के अनुसार भूखण्ड संख्या सी-54 के संबंध में स्वीकृत मानचित्र एवं शर्तों के अनुसार निमार्ण नहीं किया गया है। चारों तरफ सेटबैक एवं स्थान नहीं छोड़ा गया है। रेनवाटर हारवेस्टिंग का निर्माण नहीं किया गया है। दो मंजिल के स्थान पर तीन मंजिल का निर्माण कर दिया। लिफ्ट लगा दी गई। अब शासन ने इस रिपोर्ट के अनुसार एलडीए से पूछा है कि स्वीकृत मानचित्र एवं शर्तों का अनुपालन सुनिश्चित नहीं कराने के लिए प्राधिकरण के कौन-कौन से अधिकारी एवं कर्मचारी उत्तरदायी हैं?

**दोनों भूखण्डों को मिलाकर बनायी तीसरी मंजिल, नहीं हुई कार्रवाई :** एलडीए की रिपोर्ट में बताया गया है कि 9 सितंबर 2022 को अवर अभियंता, सहायक अभियंता एवं अधिशासी अभियंता की ओर से अवगत कराया गया है कि भूखण्ड संख्या सी-55 एवं सी-54 दो भूखण्डों पर 3 मंजिल का संयुक्त भवन निर्मित है। इसकी जानकारी होने पर भी इन भूखण्डों पर कार्रवाई नहीं की गई। इसके लिए कौन-कौन अधिकारी व कर्मचारी जिम्मेदार हैं?

**बिना अनुमति व लाइसेंस चल रहीं थीं व्यावसायिक गतिविधियां :** भवन के भूतल पर लुब्रीकैण्ट, मोबिल ऑयल जैसे ज्वलनशील पदार्थों का कार्य, भण्डारण किया जा रहा था एवं प्रथम तल पर दवाओं का भण्डारण और मेडिकल उपकरण भी रखे गये थे। नियमानुसार इन गतिविधियों के लिए किन-किन विभागों से अनापत्ति प्रमाण पत्र एवं अनुज्ञप्ति व लाइसेंस लिये जाने की व्यवस्था है। क्या इन सभी व्यवस्थाओं का अनुपालन किया जा रहा था? क्या अग्निशमन विभाग से इस संबंध में कोई अनापत्ति प्राप्त की गई थी अथवा नहीं?

**बिना साक्ष्य हादसे को आकस्मिक दुर्घटना बताने पर आपत्ति :** एलडीए ने अपनी रिपोर्ट में बताया है कि बिल्डिंग गिरने के बाद स्थलीय निरीक्षण के दौरान स्थानीय लोगों की ओर से अवगत कराया गया कि भवन के पिलर में ट्रक की टक्कर होने के कारण भवन क्षतिग्रस्त हुआ। कम्पन होने की वजह से बिल्डिंग गिर गई। शासन ने बिना किसी साक्ष्य एवं विवरण के पूरी घटना को एक आकस्मिक दुर्घटना बताए जाने पर आपत्ति की है।

### बिना पूर्णता प्रमाण पत्र के दिया गया कब्जा, जिम्मेदार कौन?

भूखण्ड संख्या सी-54 व्यावसायिक भूखण्ड है। स्वीकृत मानचित्र एवं शर्तों का पालन करते हुए आवेदक की ओर से पूर्णता का प्रमाणपत्र लिया जाना जरूरी था। बिना प्रमाणपत्र के कोई भी व्यक्ति वाणिज्यिक भवन का न तो कब्जा ले सकता है और न ही बिना कारण के ऐसा करने की अनुमति दे सकता है। परन्तु इस प्रकरण में नियमों का पालन नहीं किया गया। आवंटी ने भवन का स्वंय प्रयोग किया और किराये पर विभिन्न व्यक्तियों व फर्मों को भी दिया। प्राधिकरण के अधिकारियों व कर्मचारियों ने इन प्राविधानों का पालन नहीं कराया। शासन ने यह जानकारी मांगी है कि आवेदक को ओसी व सीसी सर्टिफिकेट जारी किया गया था अथवा आवेदन किया गया था। जारी कराने का दायित्व किस अधिकारी का था? गृह विभाग ने यह पूछा है कि भूखण्ड संख्या सी-54 से सम्बंधित सम्पत्ति पत्रावली पर एक्जीक्यूटिव लीज डीड में कई शर्तें लगाई गई हैं जिनका अनुपालन नहीं होने की दशा में जुर्माना लगाने तथा लीज निरस्त किए जाने से सम्बंधित कोई कार्यवाही की गई अथवा नहीं।

### इन बिन्दुओं पर भी उठाये सवाल, मांगी जानकारी

- भवन निर्माण के लिए किसी आर्किटेक्ट तथा इंजीनियर को कार्य के पर्यवेक्षण के लिए जिम्मेदारी दी गई थी।
- मानचित्र के लिए सम्पत्ति विभाग की ओर से अनापत्ति जारी की गई।
- बंधक रखने के लिए 23 जुलाई 2014 में बंधक पत्र जारी किया गया है। बंधक पत्र जारी करने से पूर्व नियमानुसार क्या देखा जाना था?
- अग्निशमन विभाग से अनापत्ति प्रमाण पत्र प्राप्त किया गया था या नहीं?
- नेशनल फारेंसिक साइंस यूनिवर्सिटी की रिपोर्ट में उल्लिखित अभिलेख व नमूने इत्यादि की जानकारी भी मांगी है।

## लविवि के नवीनीकृत टैगौर पुस्तकालय का कुलपति ने किया उद्घाटन

- **पुस्तकालय में गुरु रवीन्द्र नाथ टैगोर की प्रतिमा की भी हुई, प्रो. आलोक राय ने किया अनावरण**



विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** लखनऊ विश्वविद्यालय के नवीनीकृत टैगोर पुस्तकालय (केंद्रीय पुस्तकालय) का उद्घाटन कुलपति प्रो आलोक कुमार राय ने शुक्रवार को किया। उद्घाटन के साथ ही टैगोर पुस्तकालय एक नए स्वरूप में अपने पाठकों को सेवाएं देने के लिए तैयार है। आधुनिक कैटलॉग सिस्टम के साथ स्वचलित उपस्थिति एवं एक साथ 360 उपयोगकर्ताओं के लिए रीडिंग रूम की व्यवस्था की गई है। रीडिंग रूम में छात्रों के अध्ययन करने के लिए बैठने के लिए अच्छी व्यवस्था के साथ उनके टेबल पर ही प्रकाश की व्यवस्था करवा दी गई है। पूर्व में दीवारों पर लगे ट्यूबलाइट के जरिए ही प्रकाश की सुविधा थी। पंखों और खिड़कियों से हाल को और बेहतर हवादार बनाने का प्रयास किया गया है।

पुस्तकालय की सेवाओं को सुगम बनाने की दृष्टि से नए इशू रिटर्न्स काउंटर का निर्माण किया गया है। पुस्तकालय के आर्ट गैलरी में रखी गयी दुर्लभ कलाकृति विभाग में रखे हुए प्राचीन काल की दुर्लभ एवम ऐतिहासिक कलाकृतियों को जन सामान्य के लिए भी उपलब्ध कराया जाएगा। पुस्तकालय में वर्तमान अत्याधुनिक तरीको द्वारा दी जाने वाली सेवाओ जैसे साइबर लाइब्रेरी, ऑन लाइन पब्लिक एक्सेस कैटलॉग, ई रिसोर्सेज, ऑटोमेटेड अटेंडेंस सिस्टम को और अधिक सुदृढ़ बंनाने हेतु नई आधुनिक तकनीकी का प्रयोग किया जाएगा।

इस अवसर पर टैगोर पुस्तकालय में गुरु रविन्द्र नाथ टैगोर की प्रतिमा की भी स्थापना की गयी जो वास्तव में इस पुस्तकालय को अपनी पहचान देती है। आज इस प्रतिमा का अनावरण भी कुलपति ने किया। यह प्रतिमा 10 फीट 6 इंच ऊंची और लगभग 5 फीट चौड़ी स्टोन फाइबर से निर्मित है। इसी के साथ टैगोर के जीवन से जुड़े विश्वस्तरीय साहित्य को एकत्रित कर एक अलग कार्नर तैयार किया जाएगा जो गुरु जी पर शोध कर रहे शोधार्थियों के लिए अत्यंत उपयोगी साबित होगा।

## दशहरा बाद बदलेगा मौसम, सुबह शाम तापमान में गिरावट

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** राजधानी समेत प्रदेश में मौसम बदलना शुरू हो गया है। हालांकि सर्दी का दौर अभी दूर है मगर सुबह व शाम को तापमान में गिरावट शुरू हो गई है। वरिष्ठ मौसम वैज्ञानिक अतुल कुमार सिंह का कहना है कि एक सप्ताह तक मौसम शुष्क रहेगा। हालांकि बादल छाए रहेंगे, धूप भी खिलेगी। धूप में तल्खी नहीं रहने से लोगों को मौसम खुशगवार लगेगा। इस वजह से हल्की सी सिहरन के साथ हो सकती है। शुक्रवार को लखनऊ समेत पूर्वी उत्तर प्रदेश से पूरी तरह से विदा हो गया। साथ ही पछुआ ने जोर पकड़ना शुरू कर दिया। मौसम विभाग के अनुसार धीरे-धीरे दिन और रात के तापमान में गिरावट शुरू हो जाएगी। कुछ दिनों में सर्दी दस्तक देगी।

राजधानी लखनऊ में इस वर्ष मानसून में 696.7 मिलीमीटर वर्षा दर्ज की गई। यह सामान्य से दो फीसदी ज्यादा रही। पिछले साल 639 मिलीमीटर वर्षा हुई थी। पिछले साल के मुकाबले इस मानसून छह फीसदी ज्यादा बारिश हुई। अमौसी स्थित मौसम केन्द्र के अनुसार मानूसन इस बार देरी से वापस लौटा। इसकी वापसी के साथ ही नम पुरवा हवा कमजोर हो गई, शुष्क पछुआ तेज हो गई। ऐसे में रात के समय क्रमिक रूप से तापमान में गिरावट अब शुरू हो जाएगी। दिन में धूप का असर रहेगा। कुछ दिनों में दिन के तापमान में भी गिरावट देखने को मिलेगी। वहीं, शुक्रवार को अधिकतम तापमान 33.5 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। न्यूनतम तापमान 22.3 डिग्री रहा। मौसम विभाग के अनुसार शनिवार को सुबह आसमान साफ रहेगा लेकिन दोपहर तक हल्की बदली छाएगी। शाम तक आसमान फिर साफ हो जाएगा। अधिकतम तापमान 34 और न्यूनतम 24 डिग्री सेल्सियस के आसपास रह सकता है।

## ऑल इण्डिया टैलेंट सर्च परीक्षा में आराध्या अव्वल



**लखनऊ।** सीएमएस के गोमती नगर प्रथम कैम्पस की मेधावी छात्रा आराध्या शुक्ला ने आईआईटी कानपुर के तत्वावधान में आयोजित उद्घोष कार्यक्रम के अन्तर्गत अखिल भारतीय टैलेंट सर्च परीक्षा में अपनी बहुमुखी प्रतिभा का अभूतपूर्व प्रदर्शन कर लखनऊ का गौरव बढ़ाया है। इस प्रतिष्ठित परीक्षा के फाइनल राउण्ड में उत्तर प्रदेश से एकमात्र आराध्या शुक्ला को ही विजेता होने का गौरव प्राप्त हुआ है, जिसने गणित, विज्ञान, रीजनिंग, जनरल नॉलेज आदि विभिन्न विषयों में शानदार प्रदर्शन कर अपने ज्ञान-विज्ञान व बहुमुखी प्रतिभा का परचम लहराया है। आईआईटी कानपुर ने आराध्या की बहुमुखी प्रतिभा की भूरि-भूरि प्रशंसा करते हुए प्रशस्ति पत्र व आकर्षक उपहारों से पुरस्कृत कर सम्मानित किया। स्कूल प्रबंधक प्रो. गीता गांधी किंगडन ने छात्रा की उपलब्धि पर हार्दिक प्रसन्नता व्यक्त करते हुए उसके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है एवं विद्यालय की प्रधानाचार्या व शिक्षकों का आभार व्यक्त किया है। यह जानकारी स्कूल के कम्युनिकेशन के हेड ऋषि खन्ना ने दी है। उन्होंने बताया कि राष्ट्रीय स्तर की इस प्रतियोगिता में देश भर के प्रतिष्ठित विद्यालयों के छात्र-छात्राओं ने प्रतिभाग कर अपनी प्रतिभा का जोरदार प्रदर्शन किया। इस प्रतिष्ठित परीक्षा में छात्रा की अभूतपूर्व सफलता अपने आप में एक शानदार उपलब्धि है जिसने अपने ज्ञान-विज्ञान से राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर देश का गौरव बढ़ाने के संकेत दिये है।

## बड़ी संख्या में भाजपा से जुड़ रहे लोग



**लखनऊ।** भाजपा लखनऊ महानगर में वृहद स्तर पर चल रहे सदस्यता अभियान की कड़ी में भाजपा नेता सदस्यता अभियान के अवध क्षेत्र सहसंयोजक नीरज सिंह ने महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी के साथ अम्बेडकर नगर वार्ड बूथ संख्या 9 में आयोजित सदस्यता कैम्प में क्षेत्रवासियो को सदस्यता ग्रहण करायी।

एमएलसी मुकेश शर्मा ने मध्य मंडल एक में बूथ संख्या 225 पर, विधायक डॉ. नीरज बोरा ने अलीगंज वार्ड में आयोजित सदस्यता शिविर में लोगों को पार्टी से जोड़ा। नीरज सिंह ने कहा कि अंत्योदय के मूल मंत्र के साथ प्रत्येक वर्ग के उत्थान के लिए समर्पित भाजपा से जुड़ने के लिए यहां पहुंच रहे लोगों का उत्साह देखकर यह विश्वास और पक्का हो गया है कि भाजपा सदस्यता के पिछले रिकॉर्ड को तोड़ते हुए और अधिक सशक्त और मजबूत होकर राष्ट्र निर्माण और जन सेवा के कार्य करेंगी। आनंद द्विवेदी ने कहा कि लखनऊ महानगर में पार्टी के समर्पित कार्यकर्ताओं के कठिन परिश्रम से बड़ी संख्या भाजपा परिवार के साथ जुड़ चुकी है जो पार्टी के आगामी आयोजनों में कंधा से कंधा मिलाकर पार्टी के लिए कार्य करेंगे। कैम्प में गणेश कनौजिया, संतोष धानु, वीके चौहान, पवन लोधी, उमाशंकर सिंह, लक्ष्मी नारायण गुप्ता, बंटी अवस्थी आदि प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

## बीबीएयू में कार को रोकने को लेकर विवाद

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** बाबा साहेब भीमराव अम्बेडकर विश्वविद्यालय में गुरुवार की शाम को छात्र की कार को खड़ा करने को लेकर विवाद हुआ, जिसके बाद छात्रों ने इसका कड़ा विरोध जताया। काफी हीलाहवाली के बाद कार करीब छह घंटे बाद छोड़ी गयी, जिस पर शुक्रवार को छात्र के पिता ने कुलपति से प्राक्टर के व्यवहार को लेकर शिकायत दर्ज करायी है। इस बाबत प्राक्टर का कहना है कि छात्र ने बीच सड़क पर कार खड़ी की थी और हटाने के लिए कहने पर अभद्र व्यवहार किया।

बीबीएयू के बीए एलएलबी के छात्र अमय सोनकर ने बताया कि वह विश्वविद्यालय में छात्रसभा के स्व. मुलायम सिंह यादव की पुण्यतिथि के आयोजित कार्यक्रम में शिरकत करने पहुंचा था, उस दौरान वहां पर प्राक्टर प्रो. संजय कुमार आये और उन्होंने जबरन उस पर कार बीच में खड़ी होने का मुद्दा बनाकर दबाव बनाया और उसे करीब छह घंटे तक करीब 11 बजे तक मानसिक रूप से प्रताड़ित किया। साथ ही गाड़ी छोड़ने के लिए 10 हजार रुपये की मांग की गयी। फिलहाल गाड़ी हटाने की बात इतनी बढ़ गयी कि प्राक्टर और छात्र के बीच इतनी बढ़ गयी कि उन्होंने गाड़ी ले जाने से मना कर दिया। इस दौरान गाड़ी छोड़ने के लिए दो सांसदों ने फोन किया। इस पर कुलपति प्रो.एनएमपी वर्मा ने भी प्राक्टर से गाड़ी छोड़ने का आदेश दिया, बावजूद इसके प्राक्टर ने गाड़ी को करीब 6 घंटे परिसर से बाहर नहीं जाने दिया। इस पर प्राक्टर के खिलाफ अमय सोनकर के पिता गिरिश चंद्र ने कुलपति से शिकायत की है और उचित कार्रवाई की मांग की है। इस बाबत प्राक्टर प्रो. संजय कुमार का कहना है कि परिसर में दो छात्र संगठनों के कार्यक्रम थे और दोनों को भीमराव अम्बेडकर की प्रतिमा पर आना था, ऐसे में कार बीच सड़क पर होने के कारण उसे हटाने के लिए छात्र से कहा था, इस पर छात्र ने मौजूद सुरक्षा अधिकारी, एलआईयू और पुलिस के सामने बदतमीजी की, जिस कारण विवाद बढ़ गया और गाड़ी रोकने का आदेश दिया,लेकिन कुलपति के आदेश पर गाड़ी छोड़ दी गयी।

## सात साल से बंद है 17 मंजिला जेपीएन सेंटर व म्युजियम

- **एलडीए ने तैयार किया प्रस्ताव, शासन से हरी झंडी मिलने का इंतजार**

विशेष संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** जेपीएनआईसी का कार्य समाजवादी पार्टी की सरकार में वर्ष 2013 में प्रारंभ हुआ था। 11 अक्टूबर 2016 को तत्कालीन मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स का उद्घाटन भी कर दिया था। इसके लिए ऑलवेदर ओलम्पिक साईज स्वीमिंग पूल, मल्टी परपज कोर्ट में खेलों से जुड़ी प्रस्तुति भी करा दी थी। लेकिन वर्तमान सरकार की नीतियों से अब यह भवन खंडहर में तब्दील हो रहा है। भवन में टूट-फूट और धूल ही धूल नजर है। जेपी म्यूजियम और मुख्य जेपीएनआईसी परिसर के बीच एक कृत्रिम झील भी बनाई गई थी।

इस झील के पास बैठने के लिए सीढ़ियां थी, रख रखाव न होने से झाड़ियां उग आयी हैं। यह आरोप समाजवादी पार्टी के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष व विधान परिषद सदस्य नरेश चद्र उत्तम ने लगाए थे। दिसंबर 2023 में उन्होंने नियम 115 के तहत सदन से प्रभावी कार्रवाई की मांग की थी। कहा था सरकारी की नीतियों से बहुउद्देशीय भवन खंडहर में तब्दील हो रहा है।

करोड़ों रुपये खर्च होने के बाद यह बिल्डिंग उपयोगी नहीं है। सदन में मुद्दा उठने के बाद शासन की ओर से एलडीए उपाध्यक्ष को एमएलसी के आरोपों पर जवाब मांगा गया था।

बता दें कि 17 मंजिला जेपीएनआइसी के चार तल के अधूरे कामों को पूरा कर छह महीने में शुरू करने की तैयारी की थी। हाईकोर्ट ने भी अधूरे पड़े जेपीएनआईसी को लेकर राज्य सरकार व एलडीए से जवाब तलब किया था। गोमतीनगर के विपिनखंड में स्थित 17 मंजिला जेपीएनआईसी को बनाने पर 813 करोड़ रुपये खर्च हो चुके हैं। इसके बाद भी काफी काम अधूरे पड़े हैं। सात साल से इसका काम बंद पड़ा है। इस भवन के चार तल के बाद होटल ब्लॉक है। होटल ब्लॉक का काम अभी शासन स्तर पर लंबित है।

जिन चार तल को शुरू किया जाना है। लंबे समय से बंद होने की वजह से काफी सामान गायब हो गया है। बिल्डिंग में पेड़-पौधे उग आए हैं। जेपीएनआईसी में बैडमिंटन एवं टेनिस कोर्ट, स्विमिंग पुल, 2000 लोगों की क्षमता वाले सामुदायिक केंद्र, एक हजार लोगों की क्षमता वाले ऑडिटोरियम, म्यूजियम और कृत्रिम झील के काम अधूरे पड़े हैं। प्राधिकरण की ओर से चार तल के अधूरे काम पूरा करने व इसके संचालन के लिए आरएफपी निकालने का प्रस्ताव एलडीए ने तैयार किया है। हालांकि शासन से मंजूरी मिलने के इंतजार में आगे की कार्रवाई नहीं बढ़ी है।

## देव वन पार्क में कैफेटेरिया विकसित होगा

**लखनऊ।** मंडलायुक्त डॉ. रोशन जैकब शुक्रवार को देव वन, नक्षत्र वाटिका (हुसड़िया चौराहा) पहुंची। कमिश्नर ने सम्पूर्ण विकसित देव वन वाटिका का निरीक्षण किया। निरीक्षण के बाद मंडलायुक्त डॉ. रोशन जैकब व उपाध्यक्ष लखनऊ विकास प्राधिकरण प्रथमेश कुमार ने देव वन वाटिका में पारिजात पौधे लगाए। निरीक्षण के दौरान कमिश्नर ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि देव वन पार्क का रखरखाव अच्छे से किया जाए। साथ ही पार्क के एक छोर पर कैफेटेरिया विकसित किया जाए।

## सीएम ग्रिड योजना के 186 करोड़ रुपये से सात सड़कों की बदलेगी सूरत

- **नगर विकास मंत्री आज करेंगे उद्घाटन, 16 किमी सड़क का होगा कायाकल्प**

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** सीएम ग्रिड (मुख्यमंत्री ग्रीन रोड इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट स्कीम) योजना के पहले फेज के तहत शहर की सात प्रमुख सड़कों का कायाकल्प होगा। नगर विकास मंत्री एके शर्मा शनिवार को महानगर में इस कार्य का उद्घाटन करेंगे। साल के अंत इनका काम पूरा कर लिया जाएगा। 16 किमी की सात सड़कों को बनाने में करीब 186 करोड़ रुपये खर्च होंगे। इसके लिए दूसरी बार जारी किए गए टेंडर खुलने के बाद चयनित फर्मों को कायार्देश भी जारी किया जा चुका है। सात सड़कों को बनाने के लिए दो फर्मों का चयन किया गया है।

नगर निगम शहर में पहली बार सीएम ग्रिड योजना के तहत दस मीटर से अधिक चौड़ी सड़कें बनाने जा रहा है। इसके पहले फेज में सात सड़कों को चुना गया। इन सड़कों को पूरी तरह सुविधाओं से युक्त स्मार्ट बनाया जाएगा। इनका फुटपाथ भी सही किया जाएगा। नाली व डिवाइडर नहीं हैं तो ये भी बनाए जाएंगे। स्ट्रीट लाइटें लगाई जाएंगी। हरियाली करने के साथ फुटपाथ पर बैठने के लिए बेंच भी लगाई जाएंगी। बिजली के तार भूमिगत किए जाएंगे। इसके लिए सड़क किनारे डक्ट बनाई जाएगी। पानी, सीवर और गैस की पाइप लाइन को सड़क और फुटपाथ से हटाकर इनमें शिफ्ट किया जाएगा। वेंडिंग जोन बनाए जाएंगे। कालिदास चौराहे से सिविल अस्पताल चौराहे होते हुए हजरतगंज तक व डीएसओ चौराहे से सिविल अस्पताल चौराहा पार्क रोड तक, विश्वविद्यालय मार्ग से आरबीएल रोड चौराहा होते हुए हनुमान सेतु रोड बंधे तक, गोल मार्केट से कपूरथला चौराहा (मन्दिर मार्ग) व क्लासिक रेस्टोरेंट से मोंट फोर्ट स्कूल तक एव आस्था हॉस्पिटल से हनुमान मन्दिर तक मार्ग, भारतेंदु हरिश्चंद्र वार्ड में ताड़ीखाना डिवाइडर रोड से पप्पू जनरल स्टोर तक और वहां से विंध्याचल मंदिर से सेक्टर क्यू तथा वहां से बाटी चोखा रेस्टोरेंट के सामने तक, पुरनिया अलीगंज रोड से सावित्री अपार्टमेंट के सामने से होते हुए गोयल चौराहे से मामा तिराहा रोड व जनगणना निदेशालय होते हुए कुर्सी रोड पर पेट्रोल पंप तक, रायबरेली रोड तेलीबाग में इग्नू मोड़ से एलेन हाउस स्कूल तक और रजनीखंड पावर हाउस से सैनिक ढाबा रायबरेली रोड तक की सड़क बनाई जाएगी। इनमें से करीब दस किमी की चार सड़कों का काम मेसर्स अजय बिल्डर्स इंजीनियर्स एंड कन्सट्रक्शन ओपीसी प्रा. लि. तथा छह किमी की तीन सड़कों का काम मेसर्स आर एंड सी इंजीनियर्स प्रा. लि. को दिया गया है। फर्म को पांच साल तक इन सड़कों का रखरखाव भी करना होगा।



**फेस-2 के तहत सड़क निर्माण के प्रस्ताव भी तैयार :** सीएमं ग्रिड फेस-2 के तहत सड़क निर्माण के लिए भी प्रस्ताव तैयार कर शासन को भेज दिया गया है। इनमें महात्मा गांधी मार्ग से राणा प्रताप मार्ग तक (मोती महल मार्ग) समेकित विकास एवं उन्नयन कार्य विभूति खण्ड में मण्डी परिषद कार्यालय के बगल से टेक्नो टावर के सामने तक, पिकप भवन के पीछे से डा. चन्द्रा क्लीनिक तक पीएनबी ट्रेनिंग इंस्टीट्यूट के बगल से बस डिपो तक, आईजीपी चौराहा से मारुति सुजकी शोरूम तक एवं एल्डिको एलीगेन्स से टीएलएफ माई पैट होते हुए समिट बिल्डिंग तक समेकित विकास एवं उन्नयन कार्य एवं चिनहट द्वितीय वार्ड के अन्तर्गत अयोध्या मार्ग सर्विस रोट विशाल मेगा मार्ट से अवध बस स्टेशन तक समेकित विकास एवं उन्नयन कार्य कराये जाने के लिए शासन को प्रस्ताव भेजे जाने की मंजूरी दी गई।

**सड़क निर्माण में नयी तकनीक के इस्तेमाल को बढ़ावा देगी यूरिडा :** शहरों में आवागमन सुगमता से मुहैया कराने के लिए सरकार ने मुख्यमंत्री ग्रीन रोड इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट स्कीम (अर्बन) यानी सीएम ग्रिड्स योजना को मंजूरी दी है। इस योजना को धरातल पर लाने और निकायों की सड़कों के विकास, वित्त पोषण और कार्यों की निगरानी के लिए नगर विकास विभाग ने अर्बन रोड इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट एजेंसी (यूरिडा) की स्थापना की है। नगर विकास विभाग ने यूरिडा की स्थापना के साथ ही उसके दायित्व भी तय किए हैं। इसके तहत यूरिडा सड़कों के विकास एवं रखरखाव के साथ ही नगरीय सड़क प्रबंधन प्रणाली को भी विकसित करेगी। शहरों की सड़कों को इंटरनेशनल लुक देने में यह बड़ा कदम साबित होगी। इस योजना में प्रदेश भर में 500 करोड़ रुपये से सड़कों की सूरत बदलेगी।

## जयप्रकाश ने अपना जीवन देश को समर्पित कर दिया

**लखनऊ।** लोकनायक जयप्रकाश नारायण के जन्मदिवस पर एक ड्ढाषण प्रतियोगिता एवं गोष्ठी का आयोजन ड्ढाजपा प्रवक्ता, व जेपी वाहिनी के अध्यक्ष की ओर से संगीत नाटक अकादमी गोमती नगर में किया गया। लोकनायक जयप्रकाश नारायण की संपूर्ण क्रांति एवं वर्तमान संवैधानिक व्यवस्था विषय पर आयोजित ड्ढाषण प्रेतियोगीता में लखनऊ विश्वविद्यालय व अन्य डिग्री कॉलेज के लगड्ढग 25 छात्रों ने ड्ढाग लिया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक मौजूद रहे व कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह मौजूद रहे। इस अवसर पर मुख्य अतिथि उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक ने अपने विचार रखते हुए कहा कि लोकनायक जयप्रकाश नारायण संपूर्ण क्रांति के पक्षधर थे वह चाहते थे कि सरकारी संवैधानिक दायरे में रहकर काम करें और ड्ढारत देश की संवैधानिक व्यवस्था को बनाए रखने के लिए उन्होंने अपना पूरा जीवन तन मन देश के लिए समर्पित कर दिया आज आज ड्ढारत देश अंतरराष्ट्रीय स्तर पर एक चमकता हुआ सितारा बनकर उड्ढारा है। विशिष्ट अतिथि मंत्री दया संकर ने कहा जहां ड्ढारत की आर्थिक मजबूती आई है वहीं ड्ढारत की सैन्य शक्ति को ड्ढी विश्व ने देखा है।



महाअष्टमी व नवमी पर दुर्गा पूजा पंडाल में धनुचि आरती करती महिलाएं



मां भवानी का कमल के फूल व दीये से सजाते भक्तगण



पूजा पंडाल में नृत्य करती महिलाएं

सभी फोटो-अमित वर्मा

# दुर्गा पूजा : पंडालों में गूंजे देवी स्त्रोत, विधि-विधान से हुई संधि पूजा



वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** लोबान के धुएं से मां की आरती-पूजन के बीच ढाकियों की थाप ने शुक्रवार को शहर में कोलकाता की झलक से रूबरू कराया। दिन में हुई विशेष महाअष्टमी पूजन ने उल्लास दोगुना किया। मां की स्तुति के लिये पंडाल दोपहर से ही खचाखच भरे रहे। चंडी स्वरूपा मां दुर्गा की विशेष पूजा-अराधना संधि पूजा पंडालों में की गई। बुराईयों के नाश के लिये मां दुर्गा का ॐ जयन्ती मंगला काली भद्रकाली कपालिनी, दुर्गा क्षमा शिवा धात्री स्वाहा स्वधा नमोस्तु ते।। मंत्र पढ़ा गया। यहां कोलकाता से आए पंडित जी ने विशेष पूजा कराई। विशेष आयोजन रामकृष्ण मठ में हुआ।

पूजा पंडालों में 108 दी, जलाकर ऊं के रुप में सजाये गये और 108 कमल के फूलों से मां की पूजा की गई। सुबह छह साल की बालिका को मां दुर्गा की प्रतिमा के सामने बैठाकर देवी रूप में उनका पूजन किया गया। उनको उपहार स्वरूप विशेष परिधान भी भेंट किए गए। शहर की लगभग सभी दुर्गा पूजाओं में संधि पूजा की गई। पूजा के बाद ढाक के धुनें बजना शुरू हुई और शाम को धुनिचि नृत्य ने माहौल बना दिया। पंडालों में पूजा करने वाले पंडितों ने भक्तों को बताया कि संधि पूजा हमारे हृदय में विराजमान आसुरी प्रवृत्तियों के विनाश का प्रतीक है और हमें दिव्य रूप में बदलने का सूचक है। सामूहिक रूप से भक्तों ने श्री दूर्गा मां को पुष्पांजलि अर्पित की और बाद में पका हुआ प्रसाद भक्तों को वितरित किया गया। विद्यांत दुर्गा पूजा, सुंदरबाग, मॉडल हाउस, जानकीपुरम सहारा स्टेट, भूतनाथ इंदिरानगर, रवीन्द्रपल्ली, रामनगर आलमबाग, सेवाग्राम कालोनी चारबाग समेत सभी मुख्य पूजा पंडालों में संधि पूजा में बड़ी संख्या में बंगाली परिधान पहने महिलाएं उपस्थित रहीं। बादशाह नगर दुर्गा पूजा कमेटी की प्रिया सिन्हा ने बताया कि दोपहर 3:36 बजे से पूजा शुरू हुई और शाम 4:24 बजे तक चली। पूजा में 108 दीपक, 108 कमल पुष्प, 108 गुड़हल के पुष्प और 108 बेलपत्रों के साथ ही धुनुचि आरती हुई। इसके बाद भोग का वितरण किया गया। सुबह ढाक की धुन पर धुनुचि आरती के साथ आलमबाग के सिंधी स्कूल में सुबह विशेष पाठ किया गया तो कानपुर रोड एलडीए कालोनी के खजाना में बी घोष के संयोजन में पूजा हुई।

महानवमी पर एक बार फिर अवध नगरी बंगाल के सांस्कृतिक रंगों से रंगी नजर आई। कोलकाता के पंडालों में होने वाली दुर्गा पूजा की तर्ज पर राजधानी के तमाम पूजा पंडालों में सुबह महानवमी पूजा हुई और शाम को धुनुचि आरती से मां की आराधना की गई।

भक्त भी धुनुरचि आरती कर मां को मनाते नजर आये। कई पंडालों में धुनिचि आरती की प्रतियोगिताएं भी हुईं। इंदिरानगर हो या आशियाना, बंगाली क्लब, सुंदरबाग, मॉडल हाउस, जानकीपुरम हो या गोमतीनगर सभी पंडालों में सांस्कृतिक कार्यक्रमों की छटा बिखरी नजर आई। शाम को दुर्गा पूजा पंडालों में आखिरी दिन होने के कारण रौनक एकदम बढ़ गई।

**108 दीपकों के साथ हुई संधि पूजा:** ट्रांसगोमती नगर दुर्गा पूजा एवं दशहरा कमेटी के संयोजक ने बताया कि अलीगंज के चंद्रशेखर पार्क के सामने 108 दीपकों के साथ संधि पूजा हुई और प्रसाद वितरण किया गया। गोमती नगर के विकल्प खंड स्थित शिव मंदिर में नीरा सिन्हा और निराला नगर के श्रीराम कृष्ण मठ में अध्यक्ष के सानिध्य में मां का आह्वान किया गया।

## तीन घाट समेत छह जगह होगा मां की प्रतिमाओं का विसर्जन

राजधानी के दुर्गा पंडालों में विराजीं जगत जननी मां दुर्गा की प्रतिमाओं का विसर्जन शनिवार को विधि विधान पूजन के बाद से शुरू कर दिया जाएगा। आचार्यों के मुताबिक विजय दशमी के दिन सुबह से ही विसर्जन का शुभ मूहुर्त है। बंगाली समाज के लोग सिंदूर उत्सव या सिंदूर खेला के बाद धूमधाम से नाचते.गाते प्रतिमाओं का विसर्जन करने जाते हैं। प्रशासन ने विसर्जन के लिए घाटों पर पुलिस, पीएसी और बैरिकेडिंग लगा दी है। साथ ही अपील की है कि सुबह ही प्रतिमाओं का विसर्जन कम से कम सदस्यों की संख्या में करना शुरू कर दें।



## महानवमी : कन्या पूजन कर पाया व्रत का आशीर्वाद





वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** नवरात्र के नौवें दिन शुक्रवार को अष्टमी और महानवमी पर मंदिरों व घरों में देवी के सिद्धिदात्री स्वरूप का पूजन किया गया। इस मौके पर हवन और धार्मिक अनुष्ठान हुए। विधि-विधान से देवी की आरती के बाद घरों में कन्या पूजन किया गया।

कन्याओं के पैर धोकर उन्हें हलवा, पुरी, चने, खीर आदि का भोग लगाया गया। साथ ही उन्हें चुनरी, उपहार और भेंट दिए। शारदीय नवरात्र के नौवें दिन सोमवार को मां आदिशक्ति भगवती के नौवें स्वरूप मां सिद्धिदात्री की आराधना के लिए देवी मंदिरों में भक्तों की भीड़ उमड़ पड़ी। चौक का बड़ी काली जी मन्दिर हो या फिर बीकेटी का चान्द्रिका देवी मन्दिर हो हर जगह मां के भक्तों का मेला दिख रहा था। मन्दिरों में जय माता दी और सर्व मंगल मांगल्ये शिवे सर्वार्थ साधिके शरण्ये त्रयम्बके गौरी नारायणी नमोस्तुते के श्लोक गूंज रहे थे। नवरात्र में नवमी के दिन मां सिद्धिदात्री की पूजा अर्चना की जाती है, मां सिद्धिदात्री सभी प्रकार की सिद्धियों को देने वाली हैं। आज के दिन शास्त्रीय विधि-विधान और पूर्ण निष्ठा के साथ साधना करने वाले साधक को सभी सिद्धियों की प्राप्ति हो जाती है। सृष्टि में कुछ भी उसके लिए अगम्य नहीं रह जाता है। ब्रह्मांड पर पूर्ण विजय प्राप्त करने की सामर्थ्य उसमें आ जाती है। मां सिद्धिदात्री भक्तों और साधकों को ये सभी सिद्धियां प्रदान करने में समर्थ हैं। देवीपुराण के अनुसार भगवान शिव ने इनकी कृपा से ही इन सिद्धियों को प्राप्त किया था। इनकी अनुकम्पा से ही भगवान शिव का आधा शरीर देवी का हुआ था। इसी कारण वे लोक में अर्द्धनारीश्वर नाम से प्रसिद्ध हुए। मां सिद्धिदात्री चार भुजाओं वाली हैं। इनका वाहन सिंह है। ये कमल पुष्प पर भी आसीन होती हैं। इनकी दाहिनी तरफ्के नीचे वाले हाथ में कमलपुष्प है।

**हवन के बाद कन्या पूजन:** नवरात्र की नवमी को मां सिद्धिदात्री की पूजा के साथ लोगों ने कन्याओं को भोज कराया। नवमी के दिन कन्या पूजन का विशेष महत्व माना जाता है। इस लिए मंदिरों हो या फिर घर सभी जगहों पर कन्याओं को भोज कराया गया। भेजन के बाद उन्हें दान दक्षिणा व उपकहार भेंट दिया। पं. बिन्द्रेस दुबे ने बताया कि नवरात्र में कन्या पूजन करने का विशेष महत्व है। नवरात्र में छोटी कन्याओं में माता का स्वरूप बताया गया है। उन्होंने बताया कि नवमी तिथि का हवन आदि करने के बाद कन्याओं का पूजन करने से सारी मनोकामनाएं पूर्ण होती हैं।

**51 शक्तिपीठ में वृहद स्तर पर हुआ कन्या भोज का आयोजन:** बीकेटी के 51 शक्तिपीठ में चल रहे नवरात्र महोत्सव के क्रम में शुक्रवार को मां सिद्धिदात्री की आराधना की गई। नवमी पर मां सिद्धिदात्री के पिंडी पूजन संस्था की अध्यक्ष तृप्ति तिवारी और वरद तिवारी ने किया। पूजन आचार्य धनंजय पाण्डेय ने सम्पन्न कराया। पूजन हवन के बाद वृहद स्तर पर कन्या पूजन व भोज कराया गया। कन्या भोज की शुरूआत पद्मश्री डा. विद्या बिंदू ने की। नवमी पर भक्तों ने अपनी इच्छ अनुसार माता का श्रृगार किया।

**नवमी पर सुंदरकांड संग गूंजे भजन कीर्तन:** देवभूमि मायापुरी समिति द्वारा पिछले 5 वर्षों की भाती इस वर्ष भी शारदीय नवरात्रि एवम भंडारे का आयोजन समिति द्वारा 3 दिन तक किया गया आयोजन में स्थानीय महिलाओं द्वारा अष्टमी एवं नवमी के दिन सुंदरकांड एवं भजन कीर्तन किया गया दशहरे के दिन सुबह कन्या पूजन उसके बाद भंडारे का आयोजन किया जाता है भंडारे के उपरांत रावण दहन का कार्यक्रम भी रखा गया उसके उपरांत बच्चों का रंगारंग कार्यक्रम का आयोजन होगा।

**भक्तों ने ग्रहण किया भोग का प्रसाद:** दुर्गा अष्टमी के अवसर पर विभिन्न पूजा पंडालों पर भारी भीड़ उमड़ी। इस दौरान श्रद्धालुओं ने मां दुर्गा के दर्शन कर प्रसाद ग्रहण किया। शहर के सुन्दरबाग, विट्री इलेवन, विघांत पूजा समिति, शशिभूषण पूजा समिति सहित अन्य पूजा पंडालों में विशेष पूजा अर्चना हुई, जहां सुबह से ही भक्तों की कतारें लगी रहीं।

**गायिका शिप्रा चंद्रा ने गाया भजन:** मानव आदर्श सेवा समिति शैक्षिक एवं सांस्कृतिक संस्था द्वारा श्री श्री दुर्गा पूजा के सांस्कृतिक कार्यक्रम में गायिका शिप्रा चंद्रा ने भजन गाकर धूनी आरती मे अपनी मधुर प्रस्तुति दी। कीबोर्ड पर शैंकी,ढोलक पर रजत, ऑक्टोपैड आशीष, गायक अमित मोहन श्रीवास्तव, सहगाइएका ऐश्वर्या चंद्रा, नृत्य जया कुमारी,दीपाली निगम ने सुंदर प्रस्तुति दी। सूचना एवं जनसंपर्क विभाग से अग्रणी कल्चरल ग्रुप की मोना चंद्रा ने अपनी टीम के द्वारा सुंदर प्रस्तुति दी।



**रामकृष्ण मठ में कन्या को सजाकर की कुमारी पूजा:** निराला नगर के रामकृष्ण मठ में शुक्रवार को मां के सजीव स्वरूप में पांच साल की कन्या को भव्य रूप से सजाकर कुमारी पूजा हुई। मठ में महाअष्टमी पर कुमारी पूजा का विशेष महत्व है।

श्री श्री दुर्गा पूजा समारोह 2022 के मौके पर मठ की ओर से हुई पूजा में दुनिया भर से बड़ी संख्या में भक्त जुड़े। पूजा देखी और पुजारी के कहे मंत्रों का उच्चारण किया। मौके पर मौजूद भक्तों ने देवता को फूलए चंदन का लेप चढ़ाया। दोपहर बाद भक्तों को पका हुआ प्रसाद वितरित किया गया।

**ढाक की थाप पर झूमे भक्त:** दर्जनों ढाकियों की थाप के स्वर जब गूंजे तो हर कोई भक्त झूम उठा। यह नजारा था राजधानी लखनऊ के पूजा पंडालों का। मंगलवार को कैसरबाग स्थित प्रतिष्ठित कालीबाड़ी मन्दिर में ढाक वादन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। ढोल, शहनाई कांसा के संग जब ढाक प्रतियोगिता शुरु हुई तो हर कोई मां की भक्ति में भक्तिमय हो गये। कोई मां की आराधना मन्दिर में कर रहा था तो कोई ढाक की धुन पर झूम रहा था। अजय घोष के संयोजन में शुरु हुई प्रतियोगिता में शहर में चल रही दुर्गा पूजा के अधिकांश पाण्डालों से आकर ढाकियों ने मन्दिर में मां के सामने प्रतियोगिता में हिस्सा लिया। मंदिर परिसर को गुलाब गेंदा के फूलों और गुब्बारों से सजाया गया।

## अंगद-रावण संवाद ने जीता दर्शकों का दिल



वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** बिन पूंछे पूंछ घुमा कपि ने उद्यान उजाड़ा सारा, अतएव निपूंछा करो इसे अब यह आदेश हमारा है। रावण का आदेश मिलते ही हनुमान जी की पूंछ में आग लगा दी जाती है तो हनुमान जी कहते है कि हे दुष्ट रावण अब यही पूंछ तेरा अभिमान चूर कर देगी। हनुमान अपनी पूंछ से पूरी लंका में आग लगा देते है और पूरी लंका धूं-धूं कर जल उठती है। सेक्टर-ए सीतापुर रोड योजना कालोनी में चल रहे रामलीला के 32वें मंचन के चौथे दिन का शुभारंभ शुक्रवार को मां दुर्गा जी की आरती से हुआ।

लो यह मेरी चूड़ामणि लो, उनके चरणों में रख देना...अपनी पूंछ की आग बुझाकर हनुमान जी माता सीता के सम्मुख आते है तो माता सीता उन्हें चूड़ामणि देती है जिसके पश्चात माता सीता से आज्ञा लेकर हनुमान जी सागर पार कर वानरों के पास आ जाते है। कलाकारों ने बालि वध, माता सीता की खोज, लंका दहन, विभीषण शरणागति, राजकुमार वध व अंगद-रावण संवाद का मंचन किया। लंका दहन का दृश्य देख दर्शकों ने हनुमान और अंगद-रावण संवाद का आनंद लेते हुए अंगद के चरित्र की भूरि-भूरि प्रशंसा की। समिति के अध्यक्ष सुरेश तिवारी व महामंत्री जितेंद्र मिश्रा ने बताया कि शनिवार को रावण वध, श्रीराम राज्याभिषेक व पारितोषिक वितरण के साथ पांच दिवसीय रामलीला का समापन होगा।

## कुंभकर्ण वध और मेघनाद युद्ध लीला देख दर्शक हुए भावविभोर



वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** शुक्रवार को श्री राम लीला समिति ऐशबाग के प्रांगण में स्थित तुलसी मंच पर कार्यक्रम का शुभारम्भ देवताओ की स्तुति के साथ हुआ जिसके बाद सायंकाल 7:30 बजे प्रथम मंच पर स्वर्ण हंस के कलाकारों द्वारा भगवान कृष्ण की वंदना एवं भगवान राम की वंदना भजनो पर नृत्य प्रस्तुत किया।

'शुभद्रा नृत्य संस्थान के कलाकारों द्वारा सायंकाल 8 बजे अनेक भजनो पर नृत्य प्रस्तुत हुआ जिसका समापन सायंकाल 8:30 बजे हुआ' श्री रामलीला समिति के पदाधिकारियों ने हुमा साहू को स्मृति चिन्ह ,रामायण एवं रामनामी दुपट्टा देकर सम्मानित किया एवं नृत्य करने वाले बच्चो को प्रमाण पत्र स्मृति चिन्ह देकर उनका उत्साह वर्धन किया तत्पश्चात सायंकाल 8:30 बजे से रामलीला मंचन पूरे राममय वातावरण में भास्कर बोस जी के निर्देशन में प्रारम्भ हुआ, जिसमे रामा दल में हनुमान का चूड़ामणि देना, दरबार से विभीषण का निष्कासन, राम विभीषण मिलन, विभीषण राज्याभिषेक, समुद्र पूजा, सेतुबंध स्थापना, रावण अंगद संवाद, युद्ध घोषण, दुरमुख वध, कुम्भकरण रावण संवाद कुम्भकरण वध, नाग फांस, लक्ष्मण शक्ति, संजीवनी लाना के साथ रामलीला का मंचन रात्रि 11:30 बजे संपन्न हुआ।

**मौसमगंज रामलीला में अहिरावण वध:** डालीगंज की श्री मौसमगंज रामलीला में शुक्रवार को निर्देशक शिवकुमार वर्मा उप निदेशक राजेश त्रिपाठी व लीला संचालक पीयूष कुमार निगम द्वारा नारांतक वध और अहिरावण वध की लीला का मंचन किया गया। बाद में समिति के अध्यक्ष घनश्याम अग्रवाल समेत अन्य पदाधिकारी ने रामलीला के पत्रों राम लक्ष्मण सीता हनुमान जी की आरती उतारी।



## रावण के अहंकार ने जलवा दी सोने की लंका



वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** श्री रामलीला समिति महानगर की ओर से आयोजित रामलीला महोत्सव में शुक्रवार को भगवान शंकर की आरती के साथ लीला की शुरूआत हुई।

लीला में दिखाया कि हनुमान जी लंका में प्रवेश करते है माता जानकी से मिलने के बाद रावण की अशोक वाटिका को उजाड़ कर तहस-नहस कर देते हैं। रावण का पुत्र मेघनाथ उन्हें नागफास में बांध कर अपने पिता के सम्मुख ले जाता है जहां रावण हनुमान जी की पूंछ में कपड़े लपेटकर तेल में डुबोकर आग लगाने का आदेश देता है। उसके बाद हनुमान जी सोने की लंका को आग लगा देते हैं।

प्रभु श्रीराम सेतुबंध रामेश्वरम में शिवलिंग स्थापना करते हैं। यह खबर जब रावण को मिलती है तो वह अपने भाई विभीषण से सलाह लेता है कि क्या किया जाए विभीषण की रावण से कहते हैं की रामचंद्र जी से बैर न लें और सीता जी को लौटा दे, विभीषण की बात रावण को नगवार लगती है और वह विभीषण को लात मार कर लंका से निकाल देता है। बाद में अंगद रावण संवाद की लीला चली। रावण अंगद से कहता है। मैं बांध चुका तूफानों को, झंझाओं को, कैद कर चुका सागर के विपुल प्रवाहों को। तेरा स्वामी तो पिद्दी सा है मैं आफत पर काल हूं तब अंगद समझाते हुए कहते हैं। मेरा मेरा जो कहता है कुछ साथ ना जाएगा तू मुट्ठी बांधे आया था और हाथ पसारे जाएगा। लेकिन रावण की समझ में कुछ नहीं आता है। राम की भूमिका में यशी लोहुमी, लक्ष्मणं फाल्गुनी लोहुमी, सीता अनुराधा मिश्रा, हनुमान महेंद्र पंत, रावण भास्कर जोशी ने किया। मंच संचालन पंडित नारायण पाठक ने किया। समिति के अध्यक्ष ललित मोहन जोशी ने बताया कि विजयदशमी शनिवार को शाम 7:00 बजे से रामलीला मंचन के साथ-साथ होगा। मेघनाद और रावण के पुतलों का दहन होगा। इस वर्ष रावण का पुतला 35 फुट और मेघनाथ का पुतला 30 फुट का है। पुतला दहन के बाद आतिशबाजी होगी।

# दशहरा आज, राजधानी में जगह-जगह होगा रावण दहन





वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** रामलीला मंचन के बाद अब दशहरे पर रावण दहन की तैयारियां पूरी हो गई हैं। शनिवार को राजधानी का सबसे ऊंचा रावण ऐशबाग रामलीला मैदान में जलेगा। राजधानी के पक्का पुल के पास शनिवार को ही रावण जलाया गया।

सचिव आदित्य द्विवेदी ने बताया कि राष्ट्रविरोधी ताकतों का समूल नाश थीम पर रावण का दहन होगा। शनिवार शाम 8:30 बजे होने वाले दहन से पहले आतिशबाजी होगी।80 फीट ऊंचे रावण के दहन से पहले एक घंटे तक आतिशबाजी होगी। गोमतीनगर के बड़ी जुगौली रेलवे क्रांसिंग के पास रावण व कुंभकरण का पुतला जलाया जाएगा। कमेटी के अध्यक्ष अजय यादव ने बताया कि 40 फीट ऊंचे रावण और 35 फीट ऊंचे कुंभकरण के पुतले का दहन होगा।

**एचएएल में जलेगा 40 फीट का रावण:** एचएएल परिसर में शाम 7:30 बजे एचएएल के महाप्रबंधक 40 फीट ऊंचे रावण और 35 फीट ऊंचे मेघनाद के पुतले का दहन करेंगे। आतिशबाजी के साथ शाम दहन होगा।

**मौसमगंज रामलीला का दशहरा मेला व रावण दहन आज:** मौसमगंज रामलीला समिति के अध्यक्ष घनश्याम अग्रवाल ने बताया कि दशहरा मेला कार्यक्रम 12 अक्टूबर को शाम 6:00 बजे मौसमगंज रामलीला मैदान में होगा। उन्होंने बताया कि इस बार 30 फुट रावण के पुतले का दहन होगा। इससे पूर्व बाराबंकी के आतिशबाज द्वारा आतिशबाजी का शानदार प्रदर्शन किया जाएगा। दशहरा मेला से पहले भगवान श्री राम की शोभायात्रा धूमधाम से निकल जाएगी जो लीला स्थल से प्रारंभ होकर पन्नालाल रोड डालीगंज बाजार इक्का स्टैंड होते हुए लीला स्थल पर समाप्त होगी। उसके बाद राम रावण युद्ध का मंचन होगा फिर रावण दहन कार्यक्रम होगा।

**दशहरा का शुभ मुहूर्त :** आश्विन माह के शुक्ल पक्ष की दशमी तिथि 12 अक्टूबर के दिन है। इस दिन सुबह 10 बजकर 59 मिनट से दशमी तिथि शुरू होगी और 13 अक्टूबर को सुबह 09 बजकर 08 मिनट पर समाप्त होगी। पंचांग के अनुसार, 12 अक्टूबर को दशहरा मनाया जाएगा। इस दिन विजय मुहूर्त दोपहर 02 बजकर 03 मिनट से लेकर 02 बजकर 49 मिनट तक है। वहीं, पूजा हेतु शुभ समय दोपहर 01 बजकर 17 मिनट से लेकर दोपहर 03 बजकर 35 मिनट तक है। इस दौरान साधक भगवान श्रीराम की पूजा कर सकते हैं।

## 9 वर्ष की अर्यमा शुक्ला ने किया श्री दुर्गा सप्तशती का पाठ

### अर्यमा को श्री दुर्गा सप्तशती पाठ संग संस्कृत में अनेक महामंत्र कंठस्थ हैं

वरिष्ठ संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** राजधानी की 9 वर्ष की अर्यमा शुक्ला ने बक्शी का तालाब, लखनऊ स्थित 51 शक्तिपीठ में संपूर्ण श्री दुर्गा सप्तशती का पाठ किया। पाठ सुबह 10 बजे से शुरू होकर दोपहर 12:15 बजे तक चला। अर्यमा ने बिना किसी विराम के अखण्ड पाठ पूर्ण किया। छोटी सी बच्ची को संपूर्ण श्री दुर्गा सप्तशती का पाठ करते देख सभी चकित रह गए। ज्ञात हो कि अर्यमा लखनऊ स्थित सिटी मॉन्टेसरी स्कूल की अलीगंज शाखा की कक्षा 4 की छात्रा हैं और लगातार नए-नए कीर्तिमान स्थापित करती रहती हैं।

आर्यमा को संस्कृत में अनेक महामंत्र कंठस्थ हैं जैसे कि महिषासुर मर्दिनी स्तोत्रम, श्री कनकधारा स्तोत्रम, श्री विष्णू सहस्त्रनाम, श्री राम स्तुति, सरस्वती वंदना, शिव रक्षास्तोत्रम, शिव तांडव, श्री राम रक्षास्तोत्रम, श्री रामाष्टकम, कृष्णाष्टाकम, मधुराष्टकम, श्री गणेशपंचरत्नम, नवदुर्गा स्तोत्रम, श्री हरि स्तोत्रम, अष्टलक्ष्मी स्तोत्रम, रुद्राष्टकम, शिवाष्टकम, निर्वाण षटकम, शिव षडक्षर स्तोत्रम, श्री राम सहस्त्रनाम, संपूर्ण श्रीमद् भगवत गीता जी और संपूर्ण श्रीदुर्गा सप्तशती आदि। अर्यमा प्रधानमंत्री मोदी जी से बहुत प्रभावित हैं और उनसे मिलकर आशीर्वाद प्राप्त करने की इच्छा रखती हैं।

अर्यमा को देश की अनेक विभूतियों समेत उत्तर प्रदेश की राज्यपाल श्रीमती आनंदी बेन पटेल और जगद्गुरु शंकराचार्य स्वामीश्री अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती जी ने भी आशीर्वाद और अपना स्नेह प्रदान किया है अर्यमा की स्मरण शक्ति और शुद्ध उच्चारण की सभी ने तारीफ की है जबकि अर्यमा अंग्रेजी माध्यम स्कूल की मेधावी छात्रा है और कक्षा में अव्वल आती है किंतु घर पर कोई संस्कृत भाषा का ज्ञाता नही है और वह मात्र सुनकर ही कठिन से कठिन महामंत्रो को शुद्ध उच्चारण सहित कंठस्थ कर लेती हैं। वह भारतरत्न एमएस सुब्बुलक्ष्मी जी को अपना आदर्श मानती हैं। ऐसी बाल प्रतिभा नई पीढ़ी के लिए अनुकरणीय है।


## कार्यालय नगर पालिका परिषद्, नवाबगंज, बाराबंकी

पत्रांकः- 1521/मु.का./2024-25 दिनांकः-10.10.2024

**अल्पकालीन निविदा सूचना**

नगर पालिका परिषद्, नवाबगंज, बाराबंकी के पंजीकृत ठेकेदारों तथा शासनादेश सं0-3890/नौ-5-19-149सा./2019 नगर विकास अनुभाग-5 लखनऊ दिनांक 20 सितम्बर 2019 के अनुसार एतदद्वारा सूचित किया जाता है कि पालिका निधि/राज्य वित्त में उपलब्ध धनराशि से कराये जाने वाले कार्यों की निविदायें दिनांक 05.11.2024 को इस पालिका परिषद में रखे निविदा बाक्स में अपरान्ह 2.00 बजे तक आमंत्रित की जाती है उक्त निविदायें दिनांक 05.11.2024 को अपरान्ह 3.00 बजे निविदादाताओं/प्रतिनिधियों की उपस्थिति में अधोहस्ताक्षरी के कक्ष में खोली जायेंगी। समस्त निविदा प्रपत्र दिनांक 29.10.2024 से 04.11.2024 तक अपरान्ह 4.00 बजे पालिका कार्यालय कोषागार में निर्धारित धनराशि जमा कर प्राप्त किये जा सकते हैं। उक्त तिथियों में अवकाश होने की दशा में अगला कार्य दिवस मान्य होगा। समस्त निविदाओं के साथ पृथक-पृथक 10% जमानत धनराशि का एफ.डी.आर./एन.एस.सी. या अन्य प्रतिभूत प्रमाण-पत्र जो अधिशासी अधिकारी, नगर पालिका परिषद् नवाबगंज, बाराबंकी के पक्ष में बंधक हो, लगाना अनिवार्य होगा। कार्यो के सम्बन्ध में विस्तृत जानकारी किसी भी कार्य दिवस में कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है सक्षम अधिकारी को यह अधिकार होगा कि कोई भी अथवा समस्त निविदायें बिना कारण बताये अस्वीकृत / निरस्त कर दें जिसका कोई भी क्लेम निविदादाता का मान्य न होगा। प्रत्येक निविदा के साथ 100.00 रुपए के स्टाम्प पेपर पर स्वघोषणा पत्र लगाना अनिवार्य होगा। निविदादाताओं को निविदा के साथ जिलाधिकारी महोदय द्वारा प्रदत्त नवीनतम् चरित्र प्रमाण-पत्र व हैसियत प्रमाण-पत्र, जी.एस.टी. प्रमाण-पत्र, पैन कार्ड की छायाप्रति लगाना अनिवार्य होगा।

| क्र. सं. | कार्य का नाम | व्ययानुमान | धरोहर धनराशि | टेण्डर शुल्क + 18% जी.एस.टी. | कार्यावधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | नगर पालिका परिषद में मा. सभासद कक्ष के सामने स्थित मीटिंग हाल में फैन्सी स्टील बाडी चेयर व वी.आई.पी. चेयर तथा वुडेन मेज की आपूर्ति का कार्य। | 622246.00 | 52800.00 | 635+114+250+45 = 1044 | 1 माह |
| 2 | नगर पालिका परिषद में मा. सभासद कक्ष के सामने स्थित मीटिंग हाल के जीर्णोद्धार का कार्य। | 774222.00 | 65700.00 | 785+141+250+45 = 1221 | 1 माह |
| 3 | नगर पालिका परिसर में स्थित मुख्य कार्यालय कक्ष में विट्रीफाइड फ्लोर टायलिंग फालसीलिंग, वाल पैनलिंग रिपेयर इलेक्ट्रिफिकेशन प्रकाश व्यवस्था, कान्फ्रेन्सिंग टेबिल का कार्य ए.सी., वाल फेन, फैन्सी चेयर व वी.आई.पी. चेयर के अधिष्ठापन आदि का कार्य एवं सभासद कक्ष में 35 खाने की वुडेन अलमारी की आपूर्ति का कार्य। | 663292.00 | 56300.00 | 675+121+250+45 = 1091 | 1 माह |
| 4 | नगर पालिका परिषद, में मा. सभासद कक्ष के सामने स्थित मीटिंग हाल में इन्टरनल वायरिंग, प्रकाश व्यवस्था, वाल फैन, ए.सी. व साउन्ड सिस्टम, कम्प्यूटर सेट, वेब कैमरा माइक सहित व एल.ई.डी. सिस्टम के आपूर्ति का कार्य। | 904386.00 | 76700.00 | 915+165+250+45 = 1375 | 1 माह |
| 5 | वार्ड कानून गोयान में बंशी बाबू के मकान से गुलजारबानों के घर तक इण्टरलाकिंग एवं नाली का कार्य। | 202566.00 | 17200.00 | 215+32+250+45 = 542 | 1 माह |
| 6 | वार्ड पीरबटावन पश्चिमी में ईदगाह मैदान के सामने साइड पटरी एवं इण्टरलाकिंग सड़क एवं नाली निर्माण का कार्य। | 599209.00 | 50800.00 | 605+109+250+45 = 1009 | 1 माह |
| 7 | वार्ड पीरबटावन पश्चिमी में ईदगाह परिसर से जुड़ी विभिन्न गलियों की मरम्मत एवं नाली क्रासिंग, स्लोप आदि का मरम्मत कार्य। | 559043.00 | 47400.00 | 565+102+250+45 = 962 | 1 माह |
| 8 | मोहल्ला जसवन्त नगर वार्ड बनवा पल्हरी में आर्मी हाउस से रजनीश मिश्रा के मकान तक इंटरलॉकिंग एवं नाली निर्माण। | 305173.00 | 25900.00 | 315+57+250+45 = 667 | 1 माह |
| 9 | वार्ड आजाद नगर में इस्राइल के मकान से कयूम व आवेश के मकान से रिजवान के मकान तक इण्टरलाकिंग रोड का निर्माण व नाली मरम्मत का कार्य। | 358154.00 | 30400.00 | 365+66+250+45 = 726 | 1 माह |
| 10 | वार्ड आजाद नगर में कल्लू के घर से गुफरान अहमद के घर होते हुये शिव मन्दिर तक नाली एवं इण्टरलॉकिंग का कार्य। | 435982.00 | 37000.00 | 445+80+250+45 = 820 | 1 माह |
| 11 | वार्ड आजाद नगर में पुरानी सब्जी मण्डी के पीछे इलियास के मकान से मुर्तजा के मकान तक इण्टरलाकिंग रोड का निर्माण व नाली मरम्मत का कार्य। | 289966.00 | 24600.00 | 295+53+250+45 = 643 | 1 माह |
| 12 | वार्ड सत्यप्रेमी नगर सिथत लेडी हार्डिन बंगले की रिक्त भूमि पर सीमांकन हेतु एंगिल लगाने का कार्य। | 277118.00 | 23500.00 | 285+51+250+45 = 631 | 1 माह |
| 13 | बादीनगर में समृद्धि क्लब के पास अवशेष भाग में सी.सी. रोड का निमार्ण कार्य। | 221738.00 | 18800.00 | 235+42+250+45 = 572 | 1 माह |
| 14 | वार्ड बाढियन टोला में बारादरी मजार के सामने मास्टर इस्माइल के घर से पप्पू पी सी ओ तक इन्टरलाकिंग सडक एवं नाली मरम्मत का कार्य। | 553196.00 | 46900.00 | 565+102+250+45 = 962 | 1 माह |
| 15 | जमुरिया नदी के बगल स्व. राम सेवक यादव समाधि स्थल की छतिग्रस्त बाउन्ड्रीवाल व समाधि चबूतरे की मरम्मत का कार्य। | 140902.00 | 12000.00 | 155+28+250+45 = 478 | 1 माह |
| 16 | वार्ड बेगमगंज में स्थित क्षतिग्रस्त शौचालय को तोड़कर पार्क का निर्माण एवं 4 आर.सी.सी. बेन्च एवं ओपन जिम तथा दो पोल स्ट्रीट लाइट की स्थापना का कार्य। | 692123.00 | 58700.00 | 705+127+250+45 = 1127 | 1 माह |
| 17 | पीरबटावन पूर्वी में डा. रफी रोड पर स्थित छतिग्रस्त कूड़ा पड़ाव स्थल का पुनः निर्माण कार्य। | 458083.00 | 38900.00 | 465+84+250+45 = 844 | 1 माह |
| 18 | वार्ड पीरबटावन पश्चिमी में बाउली रोड पर निकट ताज रोलिंग शटर के पास पुलिया निर्माण का कार्य। | 148624.00 | 12600.00 | 155+30+250+45 = 480 | 1 माह |
| 19 | ऑफिस काम्पेक्स इन्दिरा मार्केट कार्यालय संख्या-2 के मरम्मतीकरण एवं रंगाई पुताई का कार्य। | 954070.00 | 80900.00 | 965+174+250+45 = 1434 | 1 माह |
| 20 | इन्दिरा मार्केट कार्यालय संख्या-2 के फर्श का टायलीकरण एवं टायलेट का मरम्मतीकरण एवं रंगाई पुताई का कार्य। | 297759.00 | 25300.00 | 305+55+250+45 = 655 | 1 माह |
| 21 | नगर पालिका सीमान्तर्गत जी.जी.आई.सी. स्कूल परिसर में ब्रिक सोलिंग एवं इन्टरलाकिंग तथा सी.सी. मरम्मत का कार्य। | 429177.00 | 36400.00 | 435+78+250+45 = 808 | 1 माह |
| 22 | नगर पालिका सीमान्तर्गत लखनऊ पब्लिक इण्टरनेशनल स्कूल परिसर में 10-अस्थाई स्नानघर का निर्माण कार्य। | 242473.00 | 20600.00 | 255+46+250+45 = 596 | 1 माह |

**-: शर्ते :-**

1. किसी भी टेस्टिंग पर आने वाले खर्च का वहन ठेकेदार द्वारा किया जायेगा।
2. निर्माण कार्यों हेतु निविदादाता निविदा प्रक्रिया में भाग लेने से पूर्व कार्य एवं कार्य स्थल के बारे में भली-भांति परिचित हो लें।
3. निविदा स्वीकृत होने की दशा में सम्बन्धित ठेकेदार को शीघ्र-अतिशीघ्र अनुबन्ध करना होगा।
4. निविदा प्रपत्र के साथ अद्यतन हैसियत व चरित्र प्रमाण-पत्र की छायाप्रति लगाना अनिवार्य होगा।
5. उ.प्र. भवन और सन्निर्माण कर्मकार (नियोजन तथा शर्त विनियमन) नियमावली 2009 के अनुसार कार्य के निर्माण लागत का 1 प्रतिशत की दर से उपकर (सेस) की धनराशि सम्बन्धित बोर्ड को स्थानान्तरित की जायेगी। जिसको समाविष्ट करते हुए निविदादाता अपनी निविदा दर अंकित करें।
6. शासनादेश सं0-622 /23-12-2012-2आडिट /08टी.सी. दिनांक 08.06.2012 के निहित निर्देशानुसार कार्यों की विभागीय दरों से ठेकेदारों द्वारा 10 प्रतिशत तक कम दर डालने पर 0.5 प्रतिशत प्रति 01 प्रतिशत कम दर तथा 10 प्रतिशत से अधिक कम दर डालने पर 01 प्रतिशत प्रति 01 प्रतिशत कम दर के अनुरूप परफार्मेशन गारण्टी ली जायेगी। उक्त धनराशि अनुबन्ध के समय जमा करने की बाध्यता होगी।
7. ठेकेदार के नाम निर्माण कार्य स्वीकृत होने की दशा में ठेकेदार को भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार अधिनियम-1996 एवं तत्सम्बन्धित प्रदेश नियमावली-2009 के प्राविधानों के अन्तर्गत श्रमिक व निर्माण स्थल का पंजीयन कराना अनिवार्य होगा।
8. शासनादेश संख्या-1319/नौ-9-21-45ज / 21 नगर विकास अनुभाग-9 लखनऊ दिनांक 30 जून 2021 द्वारा जारी नगर पालिका परिषद में निर्माण/विकास कार्यों के क्रियान्वयन हेतु मानक संचालन प्रकिया (एस0ओ0पी0) में दिये गये निदेर्शों का अनुपालन किया जाना अनिवार्य होगा।

**अधिशासी अधिकारी,**
**नगर पालिका परिषद्, नवाबगंज,**
**बाराबंकी।**

**अध्यक्ष**
**नगर पालिका परिषद नवाबगंज,**
**बाराबंकी।**


## प्रकृति की सुन्दरता को कला कृतियों से उकेरा

वरिष्ठ संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** सिनैप्स इंटरनेशनल आर्ट गैलरी ने द सेंट्रम होटल के साथ मिलकर समूह कला प्रदर्शनी का आयोजन किया, जिसमें चार कुशल कलाकारों चिन्मयी बेहरा (दिल्ली), पिंकी कुमारी (झारखंड), राहुल राय (लखनऊ), और संबित पांडा (दिल्ली) की उत्कृष्ट कलाकृतियाँ शामिल थीं। प्रदर्शनी, सोनिक सेरेनिटी-एक्सप्लोरिंग द साउंड्स ऑफ नेचर का संचालन गैलरी के संस्थापक और निदेशक राकेश कुमार मौर्य द्वारा किया गया है।

कला प्रदर्शनी का शुभारम्भ कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में कुमकुम रॉय चौधरी, एवम विशिष्ट अतिथि के रूप में वरिष्ठ वास्तुकार सविता अग्रवाल, म्यूरलेज की संस्थापक शामिल रही। शो का उद्घाटन दीप प्रज्वलन समारोह के साथ किया गया। प्रदर्शनी 21 अक्टूबर 2024 तक सुबह 11 बजे से शाम 7 बजे तक चलेगी। उल्लेखनीय उपस्थित लोगों में पूर्णिमा वर्मा, नारायण एंटरप्राइजेज के मालिक विपिन वर्मा, राजेंद्र मिश्रा, एक उद्यमी, शिक्षाविद्, मैराथन धावक, होटल व्यवसायी और फिल्म निमार्ता श्री सर्वेश गोयल और देवेंद्र भी शामिल थे। ललिता कला के क्षेत्रीय सचिव त्रिपाठी, प्रसिद्ध कलाकार अनिल रिशाल सिंह और द सेंट्रम होटल के महाप्रबंधक श्री भगवती पंथ के साथ। गैलरी के संस्थापक निदेशक, राकेश कुमार मौर्य ने मीडिया को बताया कि प्रदर्शनी सोनिक सेरेनिटी-एक्सप्लोरिंग द साउंड्स ऑफ नेचर प्रकृति की भव्यता की जटिलताओं और समय बीतने के गहन प्रभावों को उजागर करती है यह मानव प्रकृति, सांस्कृतिक विविधता और हिमालयी परिदृश्य के सार को गहराई से दशार्ता है। प्रदर्शनी में जलवायु परिवर्तन, पर्यावरणीय गिरावट, साझा सामाजिक मूल्यों और समकालीन परंपराओं जैसे महत्वपूर्ण मुद्दों पर सावधानीपूर्वक प्रकाश डाला गया है।

## सनातन परंपरा में किन्नरों को उपदेवता माना गया है: गरिमा सिंह

वरिष्ठ संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** हमारे समाज का तानाझबाना मर्द और औरत से मिलकर बना है, लेकिन एक तीसरा जेंडर भी हमारे समाज का हिस्सा है, इसकी पहचान कुछ ऐसी है जिसे सभ्य समाज में अच्छी नजर से नहीं देखा जाता, समाज के इस वर्ग को थर्डजेंडर, किन्नर या हिजड़े के नामसे जाना जाता है। पूरे समाज में इनके दिल की बात और आवाज कोई सुनना नहीं चाहता क्योंकि पूरे समाज के लिए इन्हें एक बदनुमा दाग समझा जाता है, लोगों के लिए ये सिर्फ.हंसी के पात्र हैं। लेकिन, हाल ही में इनकी ज़िंदगी में झांकने की कोशिश की है लखनऊ की सोशल वर्कर गरिमा सिंह ने इनकी ज़िंदगी के जो रंग आज तक किसी ने नहीं देखे थे उन रंगों को समाज में गरिमा सिंह ने दिखाया है, गरिमा बीते 5 वर्षों से किन्नरों के हक के लिए संघर्ष कर रही है। किन्नरों के मान सम्मान के लिए वह प्रतिवर्ष नवरात्र के समापन अवसर पर किन्नर अर्धनारीश्वर भोज का आयोजन करती है। इस बार भी गरिमा सिंह ने नवरात्र समापन के मौके पर गोमती नगर एक्सटेंशन, होटल द लीफ में किन्नर भोज का आयोजन करके उन्हें भोजन कराकर सम्मानित किया। गरिमा ने किन्नरों को समाज की मुख्यधारा से जोड़ने के लिए उनका सम्मान करके प्रदेश व देश में एक अच्छा संदेश दिया।

**समाज में लिंग के आधार पर कार्य में भेदभाव:** समाज हर तरह के लोगों से मिलकर बनता है, जिसमें अलगझअलग लोगों काभिन्नझभिन्न पेशा होता है। जिसका सम्मान करना सबका दायित्व बनता है। लेकिन समाज में लिंग के आधार पर कार्य में भेदभाव आमतौर पर देखने कोमिलता है। समाज में आज भी किन्नर समुदाय को सम्मान या दर्जा नहीं दिया गया है, जो समाज में रहने वाले आम नागरिकों के पास मौजूद है। यह वही किन्नर समुदाय है जो लोगों की छोटी से बड़ी खुशियों में शामिल होता है। लोगों के चेहरों पर मुस्कान लाता है। समाज कहता है कि किन्नर द्वारा दिया गया आशीर्वाद बहुत शुभ होता है। इसके बावजूद भी समाज में उन्हें सम्मान ना मिलना, समाज में रहने वाले लोगों की दोहरी मानसिकता को साफ तौर पर दशार्ता है।

## आईआईएम एल के छात्र समर प्लेसमेंट में शत प्रतिशत चयनित

- आईआईएम लखनऊ ने 2024-2026 बैच के लिए पीजीपी और पीजीपी-एबीएम कार्यक्रमों में कुल 576 प्रस्ताव हुए प्राप्त

विशेष संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** भारतीय प्रबंधन संस्थान लखनऊ (आई आईएम एल) ने 2024-2026 बैच के लिए अपनी ग्रीष्मकालीन प्लेसमेंट प्रक्रिया पूरी कर ली है, जिसमें पोस्ट ग्रेजुएट प्रोग्राम (पीजीपी) के 40वें बैच के छात्रों और कृषि व्यवसाय प्रबंधन में पोस्ट ग्रेजुएट प्रोग्राम (पीजीपी-एबीएम) के 21वें बैच के छात्रों के लिए 576 प्रस्ताव प्राप्त हुए हैं। इस वर्ष, औसत वजीफा 1.43 लाख प्रति माह दिया गया, जिसमें औसत वजीफा 1.50 लाख प्रति माह था। उच्चतम घरेलू वजीफा 3.95 लाख प्रति माह तक पहुंच गया, जबकि अंतरराष्ट्रीय ऑफर 1.75 लाख प्रति माह से ऊपर रहे, जो संस्थान की वैश्विक अपील और घरेलू और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर इसके स्नातकों की मजबूत मांग को दर्शाता है।

ग्रीष्मकालीन प्लेसमेंट की सफलता के बार में बताते हुए आईआईएम लखनऊ की छात्र मामले और प्लेसमेंट सेल की अध्यक्ष प्रो. प्रियंका शर्मा ने कहा कि मुझे यह घोषणा करते हुए गर्व हो रहा है कि चुनौतीपूर्ण आर्थिक परिस्थितियों के बावजूद, हमारे ग्रीष्मकालीन प्लेसमेंट अभियान ने उल्लेखनीय सफलता हासिल की है। हमारा अनूठा पाठ्यक्रम, कई व्यावहारिक सीखने के अवसरों के साथ मिलकर हमारे छात्रों को आगे बढ़ने और उत्कृष्टता प्राप्त करने के लिए आवश्यक कौशल विकसित करने में सक्षम बनाता है।

यह, छात्र विकास और पूर्व छात्र नेटवर्क के लिए आईआईएम लखनऊ की अटूट प्रतिबद्धता के साथ, विविध उद्योगों से शीर्ष भर्तीकर्ताओं को आकर्षित करना जारी रखता है। जैसे-जैसे अर्थव्यवस्था स्थिर होती है, हम अवसरों का और विस्तार करने और अपने छात्रों को निरंतर पेशेवर सफलता के लिए तैयार करने में आश्वस्त हैं।

आईआईएम लखनऊ के विविधतापूर्ण 2024-2026 बैच में 234 फ्रेशर्स और 342 छात्र शामिल हैं, जिनके पास विभिन्न क्षेत्रों में पर्याप्त पूर्व कार्य अनुभव है। नई प्रतिभाओं और अनुभवी पेशेवरों के इस मिश्रण ने छात्रों को परामर्श, वित्त, सामान्य प्रबंधन, उत्पाद प्रबंधन, बिक्री और विपणन, संचालन और खुदरा और ई-कॉमर्स सहित कई क्षेत्रों में पद सुरक्षित करने में मदद की। इस प्रक्रिया में कई नए भर्तीकर्ताओं ने भाग लिया, जिनमें आर्सेनियम, बार्कलेज, बैंक ऑफ न्यूयॉर्क मेलन, ईबे, एस्सार, जीएमआर ग्रुप, नवनीत, एनआईआईएफ, पेटीएम मनी, पेप्सिको एग्रो, सेंट गोबेन, स्प्रिंकलर, टाटा कंज्यूमर प्रोडक्ट्स, टेस्को और वचुर्सा शामिल हैं, जो घरेलू और अंतर्राष्ट्रीय भूमिकाओं का मिश्रण पेश करते हैं। इन पहली बार भर्ती करने वालों में एक्सेंचर, आदित्य बिड़ला ग्रुप, एडोब, अल्वारेज एंड मार्सल, अमेजॉन, अमेरिकन एक्सप्रेस, बैन एंड कंपनी, बोस्टन कंसल्टिंग ग्रुप, सिटी ग्रुप, डेलोइट, ईवाई, गोल्डमैन सैक्स, एचयूएल, मैकिन्से एंड कंपनी, प्रॉक्टर एंड गैंबल, पीडब्ल्यूसी और टाटा एडमिनिस्ट्रेटिव सर्विसेज जैसे पुराने भर्तीकर्ता शामिल हुए, जिन्होंने आईआईएम लखनऊ के छात्रों पर अपने निरंतर विश्वास की पुष्टि की। बदलते समय के तहत आईआईएम लखनऊ ने हाइब्रिड प्लेसमेंट मॉडल अपनाया, जिसमें छात्रों और भर्ती करने वालों दोनों के लिए लचीलापन और सुविधा सुनिश्चित करने के लिए ऑनलाइन और ऑफलाइन दोनों विकल्प पेश किए गए। इस सहज दृष्टिकोण ने प्रतिभागियों को स्थान की परवाह किए बिना एक समावेशी और कुशल प्लेसमेंट प्रक्रिया सुनिश्चित की।

संक्षेप

## ललितपुर की प्रथम महिला बनीं शाति देवी साहू अंगदानी एवं देहदानी

ललितपुर। देहदानात्परं दानं न भूतं न भविष्यति। देहदानेन यजते यस्तु स यज्ञैरू समभिजायते। महाभारत, शांति पर्व अध्याय 169, श्लोक 66 में यह है, जिसका अर्थ देह दान से बढ़कर कोई दान नहीं है, न होगा। जो देह दान करता है, वह यज्ञों से भी अधिक पुण्य प्राप्त करता है।

बताया गया है कि खुशाल चन्द्र साहू की धर्मपत्नी एवं मनीष साहू, श्रीमति अनामिका साहू एवं आशीष साहू की माताश्री श्रीमति शान्ति साहू का महापरिनिर्वाण 07 अक्टूबर 2024 सोमवार को हो गया है। उनका पार्थिव शरीर भावी चिकित्सकों के अध्ययन एवं अनुसंधानार्थ, एस.एन.मेडिकल कॉलेज आगरा एवं मानव कल्याणार्थ अंग दान, नेत्र दान जी.एस.वी.एम.मेडिकल कॉलेज कानपुर को किया गया है।

इस संकट की दारूण वेला में मृत्यु भोज जैसी अन्धविश्वासी कुप्रथा को समाप्त करने का साहसिक निर्णय लिया जाता है। इसके विपरीत समाज में व्याप्त सामाजिक कुरीति तेरहवीं मृत्यु भोज के उन्मूलन करने हेतु एक श्रृद्धांजलि सभा का आयोजन 13 अक्टूबर 2024 रविवार को किया जाना है।

इस संगोष्ठी में सजातीय व सामाजिक लोगों को आमंत्रित किया गया है, ताकि आने वाली पीढ़ियां समाज में व्याप्त कुप्रथाओं को त्यागने का साहस कर सकें।

यह शोक श्रृद्धांजलि सभा श्रीरामराजा मंदिर ट्रस्ट साहू समाज धर्मशाला लक्ष्मीपुरा (ललितपुर) में अपराह्न 1 से 3 बजे तक आयोजित की जायेगी।

# स्वतंत्रता व लोकतंत्र के महान पोषक थे जय प्रकाश नारायण



जिला संवाददाता(vol)

देवरिया। सपा कार्यालय पर सपा जिलाध्यक्ष व्यास यादव की अध्यक्षता व जिला महासचिव मंजुर हसन के संचालन मे लोकनायक जयप्रकाश नारायण की जन्म जयंती मनाया गयी!

सपा जिलाध्यक्ष के नेतृत्व मे सैकडों कार्यकर्ता व नेताओं ने लोकनायक के चित्र पर पुष्प चढाकर भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित किये!

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिलाध्यक्ष श्री व्यास यादव ने कहा की लोकनायक जयप्रकाश नारायण स्वतंत्रता आंदोलन के एक महान सेनानी थे जो गांधी, लोहिया व नेहरु के अत्यंत निकट रह कर देश की स्वतंत्रता के लिए अग्रणी भूमिका निभाई, देश के स्वतंत्रत होने के पश्चात भी वो व्यवस्था परिवर्तन के लिए संघर्ष करते रहे उनका सम्पूर्ण जीवन शोषितों वंचितो के उत्थान मे समर्पित था! श्री यादव ने भाजपा सरकार पर तंज कसते हुए कहा की उस समय हमारे पुरखों ने घोषित आपातकाल के खिलाफ लडा था आज अखिलेश यादव जी के नेतृत्व में हम अघोषित आपातकाल से लड रहे हैं और 2027 मे बुलडोजर वाली सरकार को भी अपनी औकात का पता चल जाएगा श्री यादव ने कहा की हम पीडीए परिवार के लोग जे.पी. के सपनों का भारत बनाने के लिए भाजपा को सत्ता से उखाड कर ही दम लेंगे!

सांसद मा. रमाशंकर राजभर ने कहा की देश मे एक ऐसा समय आया की सत्ता मे बैठे लोग स्वयं को सर्वशक्तिमान समझ लोकतंत्र का दमन करते हुए देश मे आपातकाल की घोषणा कर दिए तब लोकनायक ने सम्पूर्ण क्रांति का अह्वान किया! लोकनायक नें कहा था कि सम्पूर्ण क्रांति में सात क्रांतियाँ शामिल है– राजनैतिक, आर्थिक, सामाजिक, सांस्कृतिक, बौद्धिक, शैक्षणिक व आध्यात्मिक क्रांति। इन सातों क्रांतियों को मिलाकर सम्पूर्ण क्रान्ति होती है। मा. सांसद ने कहा सम्पूर्ण क्रांति की तपिश इतनी भयानक थी कि केन्द्र में कांग्रेस को सत्ता से हाथ धोना पड़ गया था। जय प्रकाश नारायण जिनकी हुंकार पर नौजवानों का जत्था सड़कों पर निकल पड़ता था। बिहार से उठी सम्पूर्ण क्रांति की चिंगारी देश के कोने-कोने में आग बनकर भड़क उठी थी। जे॰ पी॰ के नाम से मशहूर जयप्रकाश नारायण घर-घर में क्रांति का पर्याय बन चुके थे। श्रद्धांजलि सभा में मुख्य रूप से उद्भव नारायण सिंह, विजय प्रताप यादव, कमलेश पांडेय, हृदय नारायण जायसवाल, वीरेंद्र लाल श्रीवास्तव, राजवंशी राजभर, विवेक सिंह पटेल, संतोष यादव, मुन्ना यादव, प्रज्ञानंद चौधरी, राजेश यादव, वीर बहादुर सिंह सैथवार, रमेश यादव, विजय चौहान, ओम प्रकाश यादव, राम बचन सिंह यादव, जयराम राजभर, पंकज वर्मा, आनंद यादव, एन. पी. यादव, छेदीलाल यादव, मालवीय निर्मल, नित्यानंद त्रिपाठी, रमजान अली, दयाशंकर यादव, प्रभा भारती, सुनैना सिंह कुशवाहा, शांति यादव, सीमा मौर्य, उमाशंकर यादव, अमरेंद्र यादव, धर्मेंद्र यादव, रामायण यादव, रामखेदू यादव, राजेंद्र प्रसाद, अरविंद यादव, बृजेश पासवान, सूरज यादव, सुहैल अंसारी, लारेब रेहमान सहित सैकड़ो लोग मौजूद रहे।

## लोकतंत्र व संविधान के सच्चे रक्षक थे जे पीः भंते महेंद्र



देवरिया। लोकतंत्र, संविधान और लोगों की स्वतंत्रता पर जब - जब तानाशाही प्रवृत्तियां प्रभावशाली होने की कोशिश करेंगी, तब तब जयप्रकाश नारायण जीवंत हो उठेंगे, युक्त उद्गार रामपुर कारखाना विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत डुमरी स्थित सपा जन सम्पर्क कार्यालय पर आयोजित जेपी जयंती कार्यक्रम में व्यक्त करते हुए सपा के पूर्व ज़िला प्रवक्ता चंद्रभूषण सिंह यादव ने कहा कि समाजवादी पुरोधा जेपी ने देश में समाजवादी विचारधारा को प्रतिस्थापित करने हेतु अपना संपूर्ण जीवन समर्पित कर दिया।

जेपी को संघर्ष का प्रतीक बताते हुए पूर्व दर्जा प्राप्त मंत्री रहे भंते महेंद्र ने कहा कि जेपी ने सामाजिक भेदभाव और धार्मिक कट्टरता के विरुद्ध सदैव संघर्ष किया। देश सर्वधर्म समभाव से आगे बढ़ेगा जिसके जयप्रकाश नारायण प्रबल समर्थक थे।

डुमरी स्थित सपा जनसंपर्क कार्यालय पर जयप्रकाश नारायण जयंती पर उनके चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित करने वालों में डा प्रमोद कुमार यादव, मनिकराज यादव, मुस्तकीम, रामप्यारे यादव,श्याम सुंदर प्रसाद, रामअशीष चौहान , सुरेश नारायण सिंह यादव,संतोष मद्धेशिया, संजय यादव,अमित टुनटुन यादव, अनिल गुड्डू यादव आदि के नाम प्रमुख हैं।

## सफाई व प्रकाश व्यवस्था सुदृढ़ रखते हुए मूर्ति विसर्जन कार्यक्रम की तैयारी जोरों पर

कुशीनगर। पडरौना नगर की पूर्वी सीमा पर झरही नदी के तट पर स्थित खिरकिया घाट पर विजयादशमी की शाम से देर रात तक होने वाले श्रीदुर्गा माता मूर्ति विसर्जन को लेकर नगरपालिका प्रशासन ने अभी से कमर कस ली है और नगरपालिका परिषद पडरौना अध्यक्ष विनय जायसवाल के नेतृत्व व निर्देशन में नपा टीम द्वारा सफाई, प्रकाश व पेयजल व्यवस्था सहित मेडिकल व्यवस्था सुदृढ़ रखते हुए मूर्ति विसर्जन कार्यक्रम की तैयारी का कार्य देर शाम तक चलता रहा। इस दौरान सुरक्षा की स्थिति मजबूत बनाये रखने हेतु उन्होंने प्रशासनिक अमले से भी बातचीत किया। गौरतलब हो कि विजयादशमी के दिन होने वाले मूर्ति विसर्जन कार्यक्रम को नपाध्यक्ष विनय जायसवाल विगत दो दशक से अपनी देखरेख में करवाते आ रहे हैं। इस मौके पर उन्होंने बताया कि इस वर्ष आसपास के क्षेत्रों में भारी बरसात और नेपाल तथा बिहार में उफनाई नदियों के प्रभाव से नदी में पर्याप्त जल है। जलीय क्षेत्र होने के कारण भूमि को समतल करना अति आवश्यक था, इस हेतु नपा द्वारा काफी दिनों से मिट्टी व राबिश भराई का कार्य करवाया जा रहा था। साथ हीं उन्होंने बताया कि किसी अनहोनी की आशंका से बचाव हेतु नगरपालिका द्वारा नाव व गोताखोरों के अलावा मेडिकल किट व एम्बुलेंस की व्यवस्था भी की गई है। इस दौरान नगर पालिकाध्यक्ष विनय जायसवाल की शाम तक मौके पर उपस्थिति बनी रही। इस दौरान उनके साथ अध्यक्ष प्रतिनिधि मनीष बुलबुल जायसवाल के अलावा कोतवाली प्रभारी आशुतोष सिंह, ईओ सन्तराम सरोज, सफाई निरीक्षक रियाजुद्दीन, स्टोर लिपिक महेंद्र चौधरी, सफाई नायक अनिल कुमार, अरुण सिंह, घनश्याम यादव, अब्दुल लतीफ, बृजेश शर्मा, गौरव रौनियार व राजेश जायसवाल के अलावा नपा के अन्य कर्मी उपस्थित रहे।

## एसपी ने नवरात्र और दशहरा के दृष्टिगत की गश्त, सुरक्षा का दिया भरोसा



देवरिया। पुलिस अधीक्षक संकल्प शर्मा द्वारा प्रभारी निरीक्षक कोतवाली के साथ थाना कोतवाली क्षेत्रान्तर्गत चाक चौबन्द सुरक्षा एवं शांति व्यवस्था तथा बालिकाओं/महिलाओं की सुरक्षा के दृष्टिगत किया गया पैदल गस्त/ फ्लैग मार्च। पैदल गश्त के दौरान प्रमुख मार्गो,चौराहों, बाजारों व भीड़-भाड़ वाले स्थानों आदि पर संदिग्ध व्यक्ति, वस्तु व वाहनों की गहनता से चेकिंग की गई। पुलिस अधीक्षक देवरिया द्वारा पैदल गस्त के दौरान नवरात्रि पर्व व आगमी दशहरा के दृष्टिगत सुरक्षा ड्यूटी में लगे पुलिस कर्मियों को उनकी ड्यूटी के संबंध में उचित दिशा निर्देश दिए गए। *पैदल गस्त के दौरान आम जन को आश्वस्त कराया जा रहा है कि नवरात्रि आगामी दशहरा त्यौहार के लिए देवरिया पुलिस शांति, सौहार्द एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए कटिबद्ध है।

## जिला जज ने केंद्रीयकृत दाखिला केंद्र का किया लोकार्पण



कुशीनगर। जिला एवं सत्र न्यायालय कुशीनगर अब डिजिटल व आधुनिक सुविधाओं से लैस होते जा रहा है। जनपद न्यायाधीश सुशील कुमार शशि व परिवार न्यायालय के प्रधान न्यायाधीश बीडी भारती ने केन्द्रीयकृत दाखिला केन्द्र व ई सेवा केन्द्र का वैदिक मंत्रोच्चार के बीच फीता काटकर लोकार्पण किया।

उच्च न्यायालय के निर्देश पर खुले केन्द्रीयकृत दाखिला केन्द्र में सभी प्रकार के मुकदमों का पंजीकरण व दाखिला हो सकेगा। वादी व अधिवक्ताओं की सुविधा के लिए यह केन्द्र बनाया गया है। इसी प्रकार प्रांगण में ई सेवा केन्द्र भी खोला गया है। यहां कोई भी वादी अपने मुकदमे की वास्तविक स्थिति से भलीभांति परिचित हो सकेगा। अब इधर-उधर भटकना नहीं पड़ेगा। लोकार्पण के समय न्यायिक अधिकारी रिजवान अहमद, विशेष न्यायाधीश एससी-एसटी सुनील कुमार यादव, विशेष न्यायाधीश पॉक्सो एक्ट ज्योत्स्ना सिंह, नोडल अधिकारी सतपाल सिंह प्रेमी, सीजेएम कविता सिंह, संदीप वर्मा, जेई भरत गुप्ता, अमित गुप्ता, धीरज तिवारी, पं. वेदप्रकाश मिश्र, बार एसोसिएशन के अध्यक्ष महंत गोपाल आदि उपस्थित रहे।

## रामकथा पार्क में चल रही श्रीमद्भागवत कथा का समापन



अयोध्या। तीन कलश तिवारी मंदिर द्वारा आयोजित नौ दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा का समापन हवन पूजन के साथ हुआ। भंडारे का आयोजन शनिवार को किया गया है। शिवेश्वरपति त्रिपाठी, श्रीशपति त्रिपाठी और महापौर महंत गिरीशपति त्रिपाठी ने तिवारी मंदिर में सपरिवार हवन-पूजन किया। समापन सत्र की कथा में जगतगुरु रामानुजाचार्य डॉक्टर स्वामी राघवाचार्य महाराज ने बताया कि श्रीमद् भागवत कथा अमृत संजीवनी है क्योंकि श्रीमद् भागवत कथा के श्रवण से सद्गति प्राप्त होती है और श्रीमद् भागवत कथा श्रवण से मनुष्य ही नहीं बल्कि उनके पूर्वज भी धन्य हो जाते हैं इसलिए मनुष्य को अपनी जीवन में कम से कम एक बार श्रीमद् भागवत कथा अवश्य सुनना चाहिए। उन्होंने बताया कि श्रीमद् भागवत कथा श्रवण करने से ही कल्याण हो जाता है इसलिए जो कथा का आयोजन नहीं कर सकते केवल सुनने मात्र से ही उसे जीव का कल्याण हो जाता है। श्रीमद्भागवत कथा के श्रवण से प्राणी द्वारा मन, कर्म और वचन से किए पापों का अंत हो जाता है। कथा में जगतगुरु महाराज ने कंस वध के साथ श्रीमद् भागवत श्रवण से कैसे मनुष्य ही नहीं बल्कि जीव का कल्याण होता है इसका विस्तार पूर्वक वर्णन किया। उन्होंने आयोजक परिवार को आशीर्वाद दिया। उन्होंने कहा कि आयोजक परिवार द्वारा पतित पावनी सरयू के तट पर श्रीमद्भागवत कथा का आयोजन हुआ जहां हजारों की संख्या में श्रृद्धालु उपस्थित हुए तथा कथा का श्रवण कर अपने जीवन को धन्यवाद बनाया। महापौर महंत गिरीशपति त्रिपाठी ने सभी श्रोताओं, कार्यकताओं और श्रीमद् भागवत कथा में अपना योगदान देने वाले लोगों का आभार व्यक्त किया। समापन सत्र की कथा का शुभारंभ व्यास पीठ और उस पर विराजमान जगतगुरू स्वामी डॉ राघवाचार्य महाराज के पूजन अर्चन से हुई। समापन सत्र की कथा में बड़ी संख्या में श्रृद्धालुओं ने कथा का रसपान किया।

### बिजली विभाग ने चलाया वसूली अभियान

आंवला, बरेली। बिजली विभाग के द्वारा लगातार वसूली अभियान चलाया जा रहा है और यह अभियान लगातार चलता रहेगा। आंवला नगर में गुरूवार को बिजली विभाग ने 55 बिजली उपभोक्ताओं के कनेक्शनों को चेक किया। इनमें से एक लाख से अधिक बकाया होने पर दो लोगों के कनेक्शन काटे गए। इस दौरान डेढ़ लाख रुपए की वसूली की गई। इस अभियान में जे ई मनोज कुमार यादव, कृष्णपाल, प्रदीप स्वामी, छोटू, रजत कश्यप, विजय, मनोज गिरी, छोटू, सोहन पाल व अन्य लोग मौजूद रहे। वहीं जेई मनोज कुमार यादव ने बताया कि इस प्रकार का बिजली चेकिंग अभियान निरंतर चलता रहेगा।

## महिला सशक्तीकरण के लिए महिलाओं बालिकाओं को पुलिस ने किया जागरूक



देवरिया। उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा महिला सुरक्षा, सम्मान व स्वावलम्बन हेतु चलाए जा रहे विशेष अभियान मिशन शक्ति फेज-5 के तहत आज द पुलिस अधीक्षक देवरिया संकल्प शर्मा के निर्देशन व अपर पुलिस उत्तरी दीपेन्द्रनाथ चौधरी के पर्यवेक्षण में जनपद के समस्त थाना क्षेत्र अंतर्गत महिला बीट पुलिस अधिकारियों द्वारा गांव, कस्बा, स्कूल, कालेज, बस स्टैण्ड सहित विभिन्न सार्वजनिक स्थानों पर भ्रमण कर कर प्राथमिकता के आधार पर महिला/बालिकाओं को जागरुक करने के साथ ही महिला संबंधित समस्याओं के निस्तारण कराने के संबंध में चौपाल का आयोजन कर जनजागरुकता अभियान चलाया जा रहा है तथा महिलाओं एवं बालिकाओं के साथ शक्ति दीदी के रूप में जुड़ कर उन्हें सशक्त एवं सुरक्षित वातावरण देने का प्रयास किया जा रहा है।

साथ ही महिलाओं एवं बालिकाओं को विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों यथा- वूमेन पॉवर लाइन-1090, पुलिस आपातकालीन सेवा-112, एम्बुलेंस सेवा-108, चाइल्ड लाइन-1098, स्वास्थ्य सेवा-102, महिला हेल्पलाइन-181, मुख्यमंत्री हेल्पलाइन-1076 तथा सार्थक और सकारात्मक चर्चा कर गुड टच, बैड टच के बारे में, घरेलू हिंसा के बारे में, साइबर अपराधों के बारें में साइबर हेल्पलाइन-1930 आदि सहित कानूनी प्रावधानों एवं उनके अधिकारों इत्यादि के बारें में चर्चा करते हुए शासन द्वारा चलायी जा रही विभिन्न सरकारी योजनाओं के विषय में जानकारी देते हुए पम्पलेट प्रदान कर जागरूक किया जा रहा है।

### इलाज के दौरान विवाहिता की मौत

मीरगंज, बरेली। पांच वर्ष पूर्व गांव मण्डनपुर में ब्याही एक विवाहित युवती की संदिग्ध परिस्थितियों में इलाज के दौरान मौत हो गयी।

मृतक के पिता ने दहेज हत्या का आरोप लगाते हुए मीरगंज कोतवाली पुलिस को तहरीर दी है।

## महिला सशक्तीकरण को लेकर आयोजन



जिला संवाददाता(vol)

ललितपुर। प्रदेश में महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान एवं स्वावलम्बन हेतु शारदीय नवरात्र के पर्व पर मिशन शक्ति के विशेष अभियान (फेज-5) चलाया जा रहा है, जिसके अंतर्गत नारी सुरक्षा, नारी सम्मान एवं नारी स्वावलम्बन हेतु अनेक गतिविधियां संचालित की जा रही हैं। इसी के क्रम में महिला एवं बाल कल्याण विभाग (प्रोबेशन विभाग) द्वारा बड़ापुरा एवं जिला प्रोबेशन कार्यालय में अनंता (प्रेरक महिलाओं तथा बालिकाओं की पहचान व सम्मान) मेगा इवेन्ट का आयोजन किया गया। इस अवसर पर अनंता महिलाओं, बालिकाओं के साथ एक गोष्ठी आयोजित की गई, जिसमे सामाजिक कार्यों में अग्रणी भूमिका निभाने वाली महिलाओं रूचिका बुन्देला, सुनीता पंथ एवं अर्चना सक्सेना का पुष्पगुच्छ व गौरव सम्मान प्रमाण पत्र तथा स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया गया। प्रोबेशन अधिकारी ने बताया कि सरकार द्वारा नारी सशक्तिकरण के लिए लगातार मिशन शक्ति अभियान चलाये जा रहे हैं। इसी क्रम में फेज-5 अभियान चलाया जा रहा है, जिसमें नारी सुरक्षा, नारी सम्मान व नारी स्वावलम्बन पर सभी विभाग मिलकर काम कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि नारी सशक्तिकरण के लिए केन्द्र व प्रदेश सरकार द्वारा अनेकों कल्याणकारी योजनाएं चलायी जा रही हैं, जिसका सीधा लाभ महिलाओं व बेटियों को मिल रहा है। साथ ही अभियान के अंतर्गत महिला सुरक्षा, विभिन्न सरकारी योजनाओं की जानकारी प्रदान करना एवं महिला हिंसा से सम्बंधित तथा अन्य शिकायतों के निवारण हेतु विभिन्न हेल्पलाइन नम्बर/फोरम यथा- चाअल्ड हेल्पलाइन-नम्बर 1098, महिला हेल्पलाइन नम्बर-1090, पुलिस हेल्पलाइन नम्बर-112, एम्बुलेंस-108 तथा घर पर किसी भी प्रकार की पुलिस सहायता के लिए हेल्पलाइन नम्बर-181 के सम्बंध में जानकारी प्रदान की जा रही है। लैंगिक अपराध, लैंगिक दुर्व्यवहार, सामाजिक कुरीतियों यथा लिंग भेद, दहेज प्रथा, बाल विवाह, कन्या भ्रूण हत्या एवं बालिका अशिक्षा आदि के सम्बंध में जन-जागरुकता हेतु अभियान चलाया जा रहा है।

## जयंती पर याद किये गए जयप्रकाश नारायण




अयोध्या। समाजवादी पार्टी महानगर कार्यालय लोहिया भवन पर शुक्रवार को लोकनायक जयप्रकाश नारायण की जयंती मनाई गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता महानगर अध्यक्ष श्याम कृष्ण श्रीवास्तव व संचालन महासचिव हामीद जाफर मीसम ने किया कार्यक्रम में महानगर अध्यक्ष श्याम कृष्ण श्रीवास्तव महासचिव हामीद जाफर मीसम व उपाध्यक्ष चैधरी श्रीचंद यादव ने उनके चित्र पर श्रद्धा सुमन अर्पित करते हुए उनको याद किया इस मौके पर महानगर अध्यक्ष श्याम कृष्ण श्रीवास्तव ने कहा लोकनायक जयप्रकाश नारायण का जन्म बिहार में हुआ था उन्होंने आजादी की लड़ाई मे गांधी जी के साथ बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया और 1976के आंदोलन में उन्होंने संपूर्ण क्रांति का नारा दिया महानगर महासचिव हामीद जाफर मीसम ने कहा उन्हें लोकतंत्र की लड़ाई के लिए लोकतंत्र का जनक भी माना जाता है उन्हें मरणोपरांत भारत रत्न से सम्मानित किया गया था उन्होंने कहा लोकनायक जय प्रकाश नारायण के आंदोलन से भारत को नई दिशा और लोकतंत्र का मायने समझ में आया महानगर प्रवक्ता राकेश यादव ने बताया इस मौके पर प्रदेश सचिव रामअचल यादव महानगर महासचिव हामीद जाफर मीसम उपाध्यक्ष चैधरी श्रीचंद यादव महानगर सचिव जगन्नाथ यादव,वीरेंद्र गौतम, अजय यादव, ऋतुराज सिंह, डॉ घनश्याम यादव, अवनीश प्रताप सिंह, पार्षद कृष्ण गोपाल यादव, अक्षत श्रीवास्तव,प्रदीप यादव,सुरेंद्र यादव,सुनील तिवारी, सूर्यभान यादव, जितेंद्र यादव, अरुण यादव आदि लोग मौजूद रहे।

## सिरौली पुलिस ने निकाला फ्लैग मार्च

सिरौली, बरेली। दशहरा आदि त्योहारों के मद्देनजर पुलिस ने फ्लैग मार्च निकालकर लोगों को शांति बनाए रखने का संदेश दिया है। दशहरा आदि त्योहारों को देखते हुए शुक्रवार को थानाध्यक्ष प्रयागराज सिंह के नेतृत्व में नगर में फ्लैग मार्च निकाला। इस दौरान लोगों को त्योहारों पर भाईचारा और शांति बनाए रखने का संदेश दिया गया। इस दौरान थानाध्यक्ष प्रयागराज सिंह, इंस्पेक्टर अपराध प्रमोद कुमार, कस्बा इंचार्ज घनश्याम सिंह, उपनिरीक्षक कांस्टेबल कृष्ण गोपाल आदि पुलिसकर्मी मौजूद रहे।

# मैहर धाम में दर्शन कर लौटे साइकिल यात्रियों का स्वागत



जिला संवाददाता(vol)

ललितपुर। श्री दुर्गा शक्ति सेवा साईकिल यात्रा समिति के तत्वाधान में विगत तैंतीस वर्ष की भांति इस चैतीसवे वर्ष में भी जय मां शारदा माता मैहर धाम से यात्रा करके लौटे साईकिल भक्तों का का ढोल नगाड़ों के बीच भव्य स्वागत किया गया। नेहरू नगर में स्थित श्री श्री 1008 श्री सिंह वाहिनी माता मन्दिर व हनुमान मन्दिर से साईकिल भक्तों का जत्था जय मां शारदा माता मैहर धाम के लिये यात्रा समिति के अध्यक्ष सरदार सिंह उर्फ रमेश दाऊ के मार्ग दर्शन में कार्यक्रम के मुख्य अतिथि उत्तर प्रदेश व्यापार मण्डल के जिलाध्यक्ष नरेन्द्र कड़की ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया था। मन्दिर के पुजारी बाबा प्राण किशन दास महाराज ने बड़ी ही विधी विधान व मन्त्रोंच्चार के बीच हवन पूजन सम्पन्न कराया था जय मां शारदा माता मैहर धाम के दर्शन को साईकिल भक्त नवदुर्गा की चैथ को शाम के समय जय मां शारदा माता मैहरधाम पहुंचे गये थे। सुबह पंचमी को सभी साईकिल भक्तों ने मन्दिर पर पहुंचकर जय मां शारदा माता मैहर धाम के जयकारे लगाते हुये, माता रानी को चुनरी, प्रसाद चढ़ाया एवं माता रानी के चरणों में माथा टेककर मां शारदा माता का आशीर्वाद प्राप्त किया। सभी साईकिल भक्त ललितपुर के लिये रवाना हुये। साईकिल यात्रा से लौटे भक्तों ने ललितपुर के तुवन मंदिर पर पहुंचकर हनुमान बब्बा के दर्शन कर आशीर्वाद प्राप्त किया एवं तुवन मन्दिर के महन्त श्री रामलखन दासजी से मिले। वहीं तुवन मन्दिर पर मुख्य अतिथि द्वारा जय मां शारदा माता मैहर धाम के दर्शन करके लौटे साईकिल भक्तों का तिलक लगाकर, फूलमाला पहनाकर व मिष्ठान खिलाकर गाजे बाजे के साथ भव्य स्वागत किया। साईकिल भक्तों को मंगलमय यात्रा की शुभकामनायें दी। वहीं अतिथियों द्वारा प्रमाण पत्र वितरित किये गये। इस दौरान अंगद रायकवार, हरदास कुशवाहा कक्का, देवेन्द्र राय, रोहित सिंह को भी प्रमाण पत्र वितरित कर सम्मानित किया गया। साईकिल भक्त श्री श्री 1008 श्री सिंह वाहिनी माता मन्दिर पतरुआ धाम पर पहुंचकर माता रानी व हनुमान बब्बा के समक्ष माथा टेककर आशीर्वाद प्राप्त किया। वहीं साईकिल यात्रा का समापन किया गया। साईकिल यात्रा से जय मां शारदा माता मैहर धाम के दर्शन को गये हुये साईकिल भक्तों में राकेश सिंह तोमर, आशाराम रायकवार उर्फ लल्लू भैया, सुरेन्द्र रायकवार, मूलचन्द कुशवाहा, अभय रायकवार, अमित रायकवार, शामिल थे इस दौरान श्री दुर्गा शक्ति सेवा साईकिल यात्रा समिति के अध्यक्ष सरदार सिंह उर्फ रमेश दाऊ, हरदास कुशवाहा कक्का, बद्रीप्रसाद विश्वकर्मा, अंगद रायकवार, रोहित ठाकुर, देवेन्द्र राय के अलावा मोहल्ले के अनेक श्रद्धालु उपस्थित थे।

# कब जलेंगी बुराइयां

हम हर साल रामलीलाओं के मंचन में रावण के पुतले का दहन करते हैं। इसके पीछे हमारा संकल्प यह होता है कि रावण अनगिनत बुराइयों का प्रतीक है और उसका दहन कर समाज को बुराइयों से मुक्त किया जाये। लेकिन फिर भी समाज में अनेक तरह की बुराइयों हैं। कुछ हमारे अंदर छिपी हैं, कुछ हमारे सामूहिक संकल्प में कमी के कारण समाज में सघन रूप में व्याप्त हैं। पर्यावरण प्रदूषण, गरीबी, बेरोजगारी, भ्रष्टाचार अगर समाज के सामूहिक संकल्प में कमी के कारण व्याप्त हैं, तो अपराध, असमानता और महिलाओं व बेटियों के खिलाफ होने वाली हिंसा,ये सब ऐसी चीजें हैं जो शिक्षा, संस्कार और हमारे सरोकारों में कमी को प्रतिबिंबित करती हैं। हम एक बेहतर समाज के लिए इनमें से किसी भी एक चीज को नजरअंदाज नहीं कर सकते। क्योंकि इनका हमारे मानस पर और व्यापक समाज पर गहरा असर है। इसलिए हमें हर साल रावण का दहन करते हुए यह संकल्प भी लेना चाहिए कि कम से कम एक बुराई को खत्म करने का प्रयास करें। अगर हम हर साल अपने अंदर और समाज में एक बुराई के रावण को मार दें, तो एक दिन ऐसा आयेगा जब हम एक-एक कर गरीबी, बेरोजगारी, भ्रष्टाचार, पर्यावरण प्रदूषण, नशा, अपराध, महिलाओं-बेटियों के खिलाफ हिंसा, छूआछूत, असमानता, जातिवाद जैसी तमाम बुराइयों को खत्म कर वास्तव में ऐसा समाज बना सकते हैं जिसकी संकल्पना भगवान श्रीराम ने रामराज्य के रूप में की थी। हमारी सामूहिक चेतना में जब तक सह अस्तित्व का भाव नहीं आयेगा, हम हर वक्त व्यक्ति परक ही बनें रहेंगे तो बहुत सारे सामाजिक उद्देश्य या सरोकार पीछे छूट जायेंगे। हमें एकजुटता के साथ, सामूहिक चेतना और कल्याण के भाव के साथ न सिर्फ आगे बढ़ना है, बुराइयों से लड़ना है बल्कि एक आदर्श समाज



बनाने के लिए समग्र प्रयास और समग्र कल्याण की दिशा में काम करना है। भारत को आजाद हुए आठ दशक होने वाले हैं। इस दौरान हमारी प्रगति अनेक सोपानों को छूते हुए शिखर की तरफ बढ़ रही है। हम तीसरी दुनिया के गरीब देश होने की पहचान को अगले कुछ वर्षों में बदल लेंगे। राजनीतिक-सामाजिक विरोध और असहमतियों के कारण भले यह स्वीकार न करें लेकिन यह सच है कि आज भारत तेज गति से आगे बढ़ रहा है और अगले एक-दो दशक में वैश्विक स्तर पर आर्थिक प्रगति, प्रौद्योगिकी और सैन्य शक्ति के क्षेत्र में महाशक्ति बन जायेंगे। लेकिन महाशक्ति का यह तमगा तब तक हमारे किसी काम का नहीं होगा जब तक कि देश में बेरोजगारी की चुनौतियां रहेंगे।
बेरोजगारी, गरीबी और कई अन्य सामाजिक समस्याओं को जन्म देती है। इसलिए सरकार को भी, समाज को भी और औद्योगिक जगत को भी मिलकर इस समस्या को खत्म करना चाहिए। अगर हम बेरोजगारी के रावण को अपने देश में खत्म कर दें, तो हम गरीबी के खिलाफ एक बड़ी लड़ाई को जीत लेंगे। देश में विकास की अपार संभावनाएं हैं और हमारी युवा शक्ति इन संभावनाओं को पंख लगाती है। इसलिए यह जरूरी भी है कि हम युवाशक्ति का उपयोग सुनिश्चित करें क्योंकि भारत ऐसा देश है जिसके पास युवाशक्ति विपुल संख्या में है। यूरोप और जापान जैसे परम्परागत समृद्ध देश आज युवाओं की कमी से जूझ रहे हैं। उनके लिए विकास का अति यांत्रिक मॉडल उपयुक्त है लेकिन भारत को पश्चिम के रास्ते पर चलने के बजाय अपने स्वदेशी मॉडल को आगे बढ़ाना होगा जिसमें पर्यावरण को बचाते हुए, प्राकृतिक संसाधनों एवं उपहारों में वैल्यू एडेड कर उद्यमिता और रोजगार की संभावनाओं को बढ़ाना होगा। हम अगर यांत्रिक और प्रौद्योगिकी आधारित उद्यमों के साथ अपने युवाओं को स्किल्ड कर उनको लघु, मध्यम एवं कुटीर उद्यमों से जोड़कर उद्यमिता को आगे बढ़ायें, सरकार भी अपना रोजगार दायित्व निभाये और उद्योग जगत अधिक से अधिक युवाओं को नियोजित करे, बालश्रम और दोहरी नौकरियां खत्म हों, तो देश में बेरोजगारी की समस्या का स्थायी समाधान हम कर सकते हैं।

---

विचार

मनुष्य आपत्तियों का लक्ष्य बनने के लिए ही जन्मा है। अतएव बुद्धिमान मनुष्य को आपत्ति से घबराना नहीं चाहिए।

-कन्फ्युशियस.

जब तक मनुष्य के मन में काम, क्रोध, अहंकार और लोभ की अल्प मात्रा भी शेष रहती है, तब तक पंडित और मूर्ख दोनों एक समान होते हैं।

-कबीर.

फल के आने से पेड़ झुक जाते हैं, वर्षा के समय बादल झुक जाते हैं, सम्पत्तिवान होने पर सज्जन नम्र हो जाते हैं – परोपकारियों का स्वभाव ऐसा ही है।

-कालिदास.

संतोष जीवन के उद्देश्य का दरवाजा खोलता है। क्योंकि सिवा संतोष के उस दरवाजे की और कोई कुंजी नहीं है।

-खलील जिब्रान.

जीवन कर्म का ही दूसरा नाम है। वह जो कभी कर्म नहीं करता उसका अस्तित्व है किन्तु वह जीवित नहीं है।

-हिलार्ड.

# शायराना गद्य की मल्लिका को नोबेल पुरस्कार



विजय कपूर



> अपने तीव्र शायराना गद्य के माध्यम से हान कांग ऐतिहासिक सदमे का मुकाबला करती हैं और मानव जीवन की भंगुरता को एक्सपोज करती हैं। उनका साहित्य उस इतिहास का गवाह है, जिसे उन्होंने देखा है। मसलन, 1980 में हान कांग के गृह नगर ग्वांगजू में लोकतंत्र समर्थक प्रदर्शनकारियों की हत्या की गई। ह्यूमन एक्ट्स इसी घटना की गवाही देता है।

येओंग-हये आधुनिक सेओल में रहने वाली एक गृहिणी हैं, जो पार्ट-टाइम ग्राफिक आर्टिस्ट भी हैं। जब उन्हें जानवरों को काटते हुए लगातार अनेक डरावने सपने आते हैं, तो वह गोश्त न खाने का निर्णय लेती हैं। दक्षिण कोरिया जैसे मांसाहारी देश में यह कठिन फैसला था, जिसका उनके व्यक्तिगत व पारिवारिक जीवन पर गहरा असर पड़ता है और वह अपने परिवार व समाज से दूर होती चली जाती हैं। इस संक्षिप्त प्लाट को आधार बनाकर हान कांग ने 1997 में 'द फ्रूट ऑफ माई वुमन' (मेरी औरत का फल) नामक लघुकथा लिखी थी, जिसका उन्होंने बाद में उपन्यास के रूप में विस्तार किया जो 2007 में 'द वेजीटेरियन' (शाकाहारी) के शीर्षक से प्रकाशित हुआ। 'द वेजीटेरियन' तीन खंडों में विभाजित उपन्यास है। पहला हिस्सा 'द वेजीटेरियन' येओंग-हये का पति चेओंग फर्स्ट-पर्सन में बयान करता है। दूसरा हिस्सा 'मंगोलियन मार्क' थर्ड-पर्सन में है, जो येओंग-हये के देवर पर फोकस करता है और तीसरा हिस्सा 'फ्लेमिंग ट्रीज' थर्ड-पर्सन में ही रहता है, लेकिन येओंग-हये के देवर पर फोकस करता है। 'द वेजीटेरियन' को यी सांग साहित्यिक पुरस्कार से सम्मानित किया गया था। इसका अंग्रेजी, फ्रेंच, स्पेनी, मंडारिन सहित 13 से अधिक भाषाओं में अनुवाद किया जा चुका है। डेबोराह स्मिथ द्वारा अंग्रेजी में अनुवादित 'द वेजीटेरियन' को 2016 में मेन बुकर इंटरनेशनल प्राइज से सम्मानित किया गया था। 'द वेजीटेरियन' पहला उपन्यास था जिसे यह पुरस्कार दिया गया, जबकि 2015 तक यह पुरस्कार एकल उपन्यास की बजाय लेखक के सम्पूर्ण कार्य को आधार बनाकर दिया जाता था।
जून 2016 में 'टाइम' ने द वेजीटेरियन को वर्ष की सर्वश्रेष्ठ पुस्तकों की सूची में शामिल किया था। हालांकि हान कांग ने अपनी साहित्यिक यात्रा एक कवियत्री के रूप में आरंभ की थी कि उनका पहला कविता संग्रह 1993 में प्रकाशित हुआ और फिर 1995 में उनका लघुकथा संग्रह प्रकाशित हुआ, लेकिन इसके बाद उन्होंने उपन्यासों पर अधिक फोकस किया और उनके कलम से 'ब्लैक डियर', द वेजीटेरियन, 'ग्रीक लेसंस', 'ूमन एक्ट्स' व 'द वाइट बुक' जैसे पठनीय उपन्यास निकले। द वाइट बुक शायराना उपन्यास है, जो हान कांग की बड़ी बहन की मौत पर आधारित है, जिनका जन्म के कुछ दिनों बाद ही निधन हो गया था। द वाइट बुक को 2018 में इंटरनेशनल बुकर प्राइज के लिए शोर्ट लिस्ट किया गया था। हान कांग का नवीनतम उपन्यास 'वी डू नॉट पार्ट' (हम बिछुड़ते नहीं हैं) है, जोकि 20वीं शताब्दी में दक्षिण कोरिया के उपद्रवी इतिहास से संबंधित है, जिस दौरान युद्ध हुआ, कोरिया का विभाजन हुआ और तानाशाही देखने को मिली। दरअसल, अपने तीव्र शायराना गद्य के माध्यम से हान कांग ऐतिहासिक सदमे का मुकाबला करती हैं और मानव जीवन की भंगुरता को एक्सपोज करती हैं। उनका साहित्य उस इतिहास का गवाह है, जिसे उन्होंने देखा है। मसलन, 1980 में हान कांग के गृह नगर ग्वांगजू में लोकतंत्र समर्थक प्रदर्शनकारियों की हत्या की गई। ह्यूमन एक्ट्स इसी घटना की गवाही देता है। ह्यूमन एक्ट्स में वह एक जगह लिखती हैं, मैं हर दिन लड़ रही हूं, अकेले। मैं उस नरक के साथ जंग में हूं, जिससे मैं बच गई हूं। मैं अपनी खुद की मानवता के लिए ये लड़ाई लड़ रही हूं। मुझे रोज इस ख्याल से मुकाबला करना होता है कि बचने का एकमात्र तरीका मौत है। साथ ही उनके उपन्यास मानव होने के दर्द का अवलोकन करते हैं और कोरिया के उपद्रवी इतिहास के जख्मों को व्यक्त करते हैं।

> हान कांग की रचनाओं का तेरह भाषाओं में अनुवाद हुआ है।

उनके उपन्यासों के किरदार कमजोरों विशेषकर महिलाओं के प्रति संवेदनशील हैं, साथ ही शरीर व आत्मा और जीवन व मौत के बीच संबंध स्थापित करने में उनके अंदर विशिष्ट जागृति है। इसलिए यह आश्चर्य नहीं है कि 53-वर्षीय हान कांग को वर्ष 2024 के लिए 10 अक्टूबर को साहित्य के नोबेल प्राइज से सम्मानित करने की घोषणा की गई है, जो उन्हें दिसम्बर में प्रदान किया जायेगा। दक्षिण कोरिया की कवियत्री व उपन्यासकार हान कांग एशिया और दक्षिण कोरिया की पहली महिला लेखिका हैं, जिन्हें साहित्य का नोबेल प्राइज दिया जायेगा। दक्षिण कोरिया के लिए यह दूसरा नोबेल प्राइज होगा। हान कांग से पहले शांति का नोबेल सम्मान 2000 में पूर्व राष्ट्रपति किम दाए-जंग को दिया गया था; क्योंकि उन्होंने सैन्य शासन के दौरान लोकतंत्र स्थापित किया था और प्रतिद्वंदी उत्तर कोरिया से संबंध बेहतर किये थे। हान कांग को नोबेल प्राइज ऐसे समय दिया गया है, जब दक्षिण कोरिया की संस्कृति का ग्लोबल प्रभाव निरंतर बढ़ता जा रहा है। कोरियाई टीवी ड्रामा दुनियाभर में धूम मचा रहे हैं। बोंग जून-हो की फिल्म पैरासाइट ने ऑस्कर जीता है। बीटीएस व ब्लैकपिंक जैसे के-पॉप ग्रुप्स हर जगह दिलचस्पी व उत्साह से सुने जा रहे हैं। उपन्यास लिखने के संदर्भ में हान कांग का कहना है, यह मेरे लिए अपने आपसे सवाल करने का तरीका है। अपनी लेखन प्रक्रिया के जरिये मैं सिर्फ.सवालों को पूरा करने का प्रयास करती हूं और सवालों में ही रहने की कोशिश करती हूं, कभी दर्द बढ़ जाता है, कभी मांग बढ़ जाती है। बहरहाल, नोबेल प्राइज मिलने पर उन्हें सम्मानित होने का एहसास भी है और आश्चर्य भी। हान कांग के पिता व भाई भी उपन्यासकार हैं, इसलिए वह कहती हैं कि उन्होंने कोरियाई साहित्य के साथ परवरिश पायी है, जिसके बहुत करीब वह खुद को पाती हैं। वह कहती हैं, ह्लमैं उम्मीद करती हूं कि कोरियाई साहित्य के पाठकों, मेरे दोस्तों व लेखकों के लिए यह अच्छी खबर है। नोबेल प्राइज का जश्न मैं बहुत खामोशी से मनाऊंगी और अपने बेटे के साथ चाय पीयूंगी। साहित्य के नोबेल प्राइज की लम्बे समय से इस आधार पर आलोचना होती रही है कि यह यूरोप और उत्तर अमेरिका के लेखकों पर अधिक फोकस करता है। साथ ही यह पुरुष प्रधान भी है कि इस वर्ष के पुरस्कार को भी गिना जाये तो 120 में से सिर्फ.18 महिलाओं को यह सम्मान दिया गया है।
हान कांग से पहले जिस महिला को साहित्य का नोबेल प्राइज मिला था वह फ्रांस की एनी एर्नौक्स थीं। इसलिए हान कांग को यह सम्मान दिया जाना स्वागतयोग्य है। उनका शायराना गद्य वास्तव में प्रभावित करता है। मसलन, इन पंक्तियों को देखिये- सफेद रंग में सारे रंग शामिल हैं। दुनिया की सारी रोशनियां इसी में समायी हुई हैं। सफेद रंग और शांति का कोई रिश्ता नहीं है। हान कांग की कल्पनाओं की दुनिया में मानव मन के तहखानों में पैबस्त अंधेरों को अपनी नंगी उंगलियों से स्पर्श करने की कोशिश है। साल 2012 की लघुकथा यूरोप को एक पुरुष सुना रहा है, जिसने एक महिला का मुखौटा लगाया हुआ है। वह एक ऐसी महिला की ओर आकर्षित हो गया है, जिसकी हाल ही में शादी टूटी थी। लेकिन उसके पास खामोश रहने के अतिरिक्त कोई उत्तर नहीं है, जब उसकी प्रेमिका सवाल करती है, अगर तुम अपनी मर्जी के मुताबिक जी पाने में सक्षम होते, तो तुम अपनी जिंदगी के साथ क्या करते? इस अफसाने का एक हासिल यह है कि इस संसार में तृप्ति और प्रायश्चित के लिए कोई स्थान नहीं है।

सोशल मीडिया



प्रधानमंत्री इशिबा के साथ बहुत ही सार्थक बैठक हुई, जापान के पीएम बनने के कुछ ही दिनों बाद उनसे मिलकर मैं खुश हूं, हमारी वार्ता में इन्फ्रा, रक्षा और सहयोग बढ़ाने के तरीके शामिल थे। पीएम मोदी.

# जीवन में संतुलन

मनुष्य के रास्तों को कभी कठिनाइयां रोक नहीं पाती हैं। दुनिया के फलक पर ऐसे सितारों की बड़ी संख्या है जो तमाम अभावों का सामना करके आगे आये अपनी तीक्ष्ण बुद्धि, प्रतिभा, त्याग और उपदेश से पूरी दुनिया का मार्गदर्शन किया। विषम स्थितियों से सामना होने पर मनुष्य की भौतिक अंतः प्रतिभा जाग्रत होती है। सुप्त शक्तियों का विकास होता है। पत्थर पर रगड़ खाने वाला चाकू तेज होता है और वह अपने काम में अधिक कारगर साबित होता है। उसका स्वभाव, अनुभव और दिमाग मंज कर साफ हो जाता है, जिससे आगे बढ़ने में उसे बहुत सफलता मिलती है। इसके विपरीत जो लोग अमीर और साधन सम्पन्न घरों में पैदा होते हैं उन्हें जीवन की आवश्यक सामग्रियां प्राप्त करने के लिए संघर्ष नहीं करना पड़ता। लाड़, दुलार, ऐश, आराम के कारण उनकी प्रतिभा निखरती नहीं, वरन बंद पानी की तरह सड़ जाती है। यह निष्क्रिय चाकू की तरह जंग लगकर निकम्मी हो जाती है। आमतौर पर आजकल ऐसा देखा जाता है कि अमीरों के लड़के अपने जीवन में असफल रहते हैं और गरीबों के लड़केआगे चलकर चमक जाते हैं।
पुराने जमाने में राजा रईस अपने लड़कों को ऋषियों के आश्रम में इसलिए भेज देते थे कि यहां रहकर अभावग्रस्त जीवन व्यतीत करें और अपनी प्रतिभा को तीव्र बनायें। हमारा उद्देश्य यह कहने का नहीं है कि अमीरी कोई बुरी चीज नहीं है और अमीरों के घर में पैदा होने वाले उन्नत जीवन नहीं बिता सकते। जहां साधन है वहां तो और भी जल्दी उन्नति होनी चाहिए। बढ़ई के पास बढ़िया लकड़ी और अच्छे औजार हों तब तो वह बहुत ही सुंदर फर्नीचर तैयार करेगा यह तो निश्चित है। हमारा तात्पर्य केवल यह कहने का है कि यदि जिन्दगी जीने की कला आती हो तो अभाव, कठिनाई या विपरीत परिस्थिति भी कुछ बाधा नहीं डाल सकती। गरीबी या कठिनाई में साधनों की कमी का दोष है तो प्रतिभा को चमकाने का गुण भी है। अमीरी में साधनों की बाहुल्यता है तो लाड़ दुलार और ऐशो आराम के कारण प्रतिभा के कुन्द हो जाने का दोष भी है। दोनों ही गुण दोषयुक्त हैं। किन्तु जो जीवन जीना जानता है, वह चाहे अमीर हो या गरीब, अच्छी परिस्थितियों में अनुकूलता और आनन्द प्राप्त कर सकता है। आनन्दमय जीवन बिताने के लिए धन, विद्या, अच्छा सहयोग, स्वास्थ्य आदि की आवश्यकता है। परन्तु ऐसा न समझना चाहिए कि इन वस्तुओं के होने से ही जीवन आनन्दमय बन सकता है। एक अच्छी पुस्तक लिखने के लिए कागज, दवात, कलम की आवश्यकता है।

अंतर्दृष्टि

# हमारे सांस्कृतिक नायक हैं प्रभु राम

**आधुनिक दुनिया में सदियों से रामकथा किसी न किसी रूप में प्रचारित-प्रसारित रही है। जो लोग दुनिया के अलग अलग कोनों में रामचरित का वाचन मंचन करते रहते हैं, ये सब न तो हिंदू होते हैं और न ही हिंदू धर्म को मानने वाले, ये अलग अलग धर्म के लोग होते हैं, फिर भी इनमें राम के प्रति और रामायण के प्रति अगाध श्रद्धाभाव होता है, तो इसलिए क्योंकि राम ने मानव अवतार में ऐसा मानवीय आदर्श प्रस्तुत किया है जो अतुलनीय है।**



धर्म/अध्यात्म ● लोकमित्र

मर्यादा पुरुषोत्तम राम भारतीय संस्कृति की आत्मा हैं। उनके बिना भारत निष्प्राण है। राम भारतीय जनमानस के रोम-रोम में बसते हैं। दुनिया के सांस्कृतिक परिदृश्य में अगर भारत का कोई ग्रंथ और उसका नायक देश का प्रतिनिधित्व करता है, तो वह ग्रंथ रामायण है और वह उदात्त नायक राम हैं। विश्व के कई देशों में बकायदा रामलीलाओं का मंचन होता है- थाईलैंड, श्रीलंका और जापान के लोगों में रामलीलाओं को लेकर वैसी ही उत्सुकता और श्रद्धाभाव होता है, जैसे भारतीयों में होता है। राम दुनिया के ऐसे अकेले नायक या कहें आख्यान पुरुष हैं, जिनके प्रति पूरे विश्व के लोग अनुकरणीय भाव रखते हैं। क्योंकि पूरे संसार में राम अकेले ऐसे परम पुरुष हैं, जो समस्त मानवीय मयार्दाओं का पालन करते हैं। शायद यही कारण है कि कभी भी दुनिया के किसी आतंकी या अलगाववादी संगठन ने राम और रामायण के प्रति किसी अभद्र भाषा का इस्तेमाल नहीं किया, कभी किसी संगठन ने उनके विरुद्ध कोई फतवा नहीं जारी किया।
जापान के सबसे कट्टर आतंकी संगठन रेड आर्मी ने एक जमाने में जापान में सभी तरह की धार्मिक गतिविधियों का विरोध करता था, लेकिन उसने भी स्कूलों, कालेजों से लेकर थियेटरों तक में होने वाली रामकथाओं के मंचन का कभी विरोध नहीं किया था। धर्म को अफीम मानने वाले और सभी तरह के धार्मिक रिचुअल्स पर एक जमाने में प्रतिबंध लगाने वाले सोवियत संघ में, उन दिनों मास्को से लेकर कीव तक रामकथाओं वाली वैले नाटिकाएं अबाध ढंग से होती थीं। किवदंती की तरह मशहूर महिला जासूस और क्लासिक डांसर माताहारी अपनी जिन नृत्य प्रस्तुतियों से पूरे यूरोप को मंत्रमुग्ध कर दिया था,वे रामकथाओं पर आधारित नाटिकाएं होती थीं। पेरिस तो उनकी उन कथाओं और नृत्य प्रस्तुतियों का दीवाना ही हो गया था। आधुनिक दुनिया में सदियों से रामकथा किसी न किसी रूप में प्रचारित-प्रसारित रही है। दक्षिण और पूर्वी एशिया के तो लगभग सभी देशों में रामलीला होती है।
थाईलैंड, श्रीलंका और जापान में पूरे साल किसी न किसी रूप में रामकथाओं का वाचन, मंचन होता रहता है। ये सभी लोग जो दुनिया के अलग अलग कोनों में रामचरित का वाचन मंचन करते रहते हैं, ये सब न तो हिंदू होते हैं और न ही हिंदू धर्म को मानने वाले ही होते हैं, ये अलग अलग धर्मों और विश्वासों के लोग होते हैं, फिर भी इन लोगों में राम के प्रति और रामायण के प्रति अगाध श्रद्धाभाव होता है तो इसलिए क्योंकि भगवान राम ने मानव अवतार में ऐसा मानवीय आदर्श प्रस्तुत किया है जो अतुलनीय है। विदेशों में जो रामलीलाएं होती हैं निःसंदेह इनमें काफी बड़ी संख्या हिंदुओं की भी भागीदारी होती है, लेकिन दूसरे धर्म और विश्वास के लोग भी विदेशों में रामलीला खेलने और देखने में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेते हैं।



हालांकि हमारे देश में नई पीढ़ी की रुचि रामलीलाओं में कम हो रही है, मगर बाली, टोकियो और फुकेट में इसका जबर्दस्त क्रेज है। यह क्रेज किस हद तक आत्मीय है, इसका अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता है कि इन रामकथाओं में अनेक स्थानीय संदर्भ भी जोड़ लिए गये हैं। खुद भगवान राम का रूप रंग और देहयष्टि तक स्थानीय हो गयी है। इन देशों में भले कभी राम को और रामकथाओं को भारतीयों द्वारा लाया गया हो, लेकिन आज ये इनकी अपनी हैं।
इन रामलीलाओं और रामकथाओं के चलते स्थानीय लोगों ने किसी हद तक भारतीय संस्कृति को भी अपनाया है। मसलन दक्षिण पूर्व एशिया में एकमात्र लैंडलॉक्ड (स्थलबद्ध) देश लाओस है, जो 1953 में फ्रांसीसी गुलामी से मुक्त हुआ था और लंबे समय तक यहां साम्यवाद रहा है। लेकिन लाओस की संस्कृति में राम और रामलीलाएं घुली मिली हैं, जिसका कभी भी विरोध नहीं हुआ, न ही इसे लेकर किसी तरह का कभी तनाव हुआ। मेकांग नदी वाले इस देश में सदियों से वाल्मीकि रामायण का मंचन होता है। यहां रामायण गानों की तरह गायी, बजायी जाती है। साथ ही डांस, पेंटिंग और थियेटर की कई गतिविधियां सीधे इससे जुड़ी होती हैं। लाओस का राष्ट्रीय महाकाव्य फरा लाख, जिसमें फरा की कहानी राम से मिलती जुलती है। हालांकि वह भगवान बुद्ध पर आधारित है। इसी तरह डच प्रभाव वाले सूरीनाम में भी कई सदियों से रामलीला का मंचन होता है और यहां तो मुख्य रामलीला का सीधा राष्ट्रीय प्रसारण भी होता है। डच प्रभाव वाली इस रामलीला के नायक भगवान राम का नाम रामत्जांद्रे व सीता का नाम सियेता होता है। इस रामलीला का पूरा टेक्स्ट हिंदी, संस्कृत और डच के सामान मिश्रण से तैयार होता है। जापान में तो रामलीलाओं का नृत्य नाटिकाओं के रूप में हमेशा से प्रदर्शन होता रहा है, लेकिन चीन भी रामकथाओं और रामलीलाओं का अपनी तरह से मंचन करता है। भले भारत और चीन के रिश्ते बेहतर न हों और चीन सांस्कृतिक रूप से काफी कट्टर हो, लेकिन चीन में राम और रामलीलाओं के प्रति गहन अनुराग देखने को मिलता है। जापान में 12वीं सदी में जो रामकथा होबुत्सुशू के रूप में निर्मित हुई थी, वह वास्तव में चीनी भाषा से बनी थी। वैसे यह भी कहा जाता है की यह पहले से ही चीनी ग्रंथ छह पारमितासूत्र से ली गई है और चीनी भाषा का ग्रंथ छह पारमितासूत्र चीनी भाषा के ही एक प्राचीनग्रंथ अनाम कंजातक पर आधारित है। यह लंबी परंपरा बताती है कि राम और रामलीलाओं का सदियों पहले से ही पूरे विश्व में प्रभाव रहा है। मॉरीशस में तो रामकथा वैसे ही गायी जाती है जैसे वाल्मीकि रामयाण में जिक्र आता है कि लव और कुश राम की कथा को गाकर सुनाया करते थे। मॉरीशस में भी इसे सरकार का संरक्षण प्राप्त है। मॉरीशस में सरकारी खर्च पर हर साल सांस्कृतिक मंत्रालय रामलीला का मंचन कराता है और पूरे साल गायकों द्वारा झाल, ढोलक और खड़ताल पर दो गायक लव और कुश की तरह घूम-घूमकर रामकथा का गायन प्रस्तुत करते हैं। यहां इस कदर रामायण का क्रेज है कि हर साल भारत से अनेक कलाकारों को बुलाकर रामलीला करायी जाती है।
कंबोडिया, थाईलैंड, म्यांमार और इंडोनेशिया भी रामकथा के बड़े सघन गढ़ हैं। इन सभी देशों में मुख्य सांस्कृतिक गतिविधि के रूप में रामकथा और रामलीलाओं का गायन, वाचन और मंचन होता है। इंडोनेशिया तो इस्लामिक देश है, लेकिन वहां के लोग गर्व से कहते हैं कि हमारी संस्कृति हिंदू है। रामकथा और रामायण को इंडोनेशिया में भी सरकारी संरक्षण प्राप्त है। दशहरा के मौके पर रावण दहन होता है। रावण एक बुराई का प्रतीक था और श्रीराम ने इस बुराई को खत्म किया, लेकिन उनकी लीलाएं सिर्फ इतने तक ही सीमित नहीं हैं बल्कि उन्होंने धरती पर अवतार लेकर दुनिया को एक आदर्श राजा का कर्तव्य समझाया, शबरी माता की बेर खाकर समानता का संदेश दिया और जीते हुए राज्य को उसके वाजिब उत्तराधिकारियों को सौंपकर दुनिया को वह मार्ग बताया जिस पर चलकर वास्तव में मानव समाज के बीच संघर्ष हमेशा-हमेशा के लिए खत्म हो सकता है।

## आप की बात

### पर्यावरण पोषक हो ऊर्जा

ग्लोबल वार्मिंग के बढ़ते खतरे के बीच ऊर्जा जरूरतों को पूरा करने के लिए सोलर क्रांति को तेजी से आगे बढ़ाने की जरूरत है। 1991 में आर्थिक सुधारों का सूत्रपात हुआ, उद्योग फ्रेंडली नीति बनी और औद्योगिक क्रांति का दौर आया। इसके पीछे भी सरकार की नीति ही थी। आज भारत एक साथ कई क्रांति के दौर से गुजर रहा है। डिजिटल क्रांति एक मुकाम तक पहुंच गयी है। बुनियादी संरचना में क्रांतिकारी की गति यह है कि भारत का रोड नेटवर्क चीन से ज्यादा हो गया है। इसी तरह सोलार क्रांति का दौर भी हम देख रहे हैं। सरकारी प्रोत्साहन, वित्तीय सहायता, ऊर्जा आत्म निर्भरता की राष्ट्रीय आकांक्षा और स्वच्छ ऊर्जा की दिशा में आगे बढ़ने की ललक ने भारत में सोलार क्रांति का आगाज कर दिया है। सौर ऊर्जा उत्पादन से आमजन को जोड़ने की मोदी सरकार की नीति के कारण देश में सौर ऊर्जा का उत्पादन बीते दस साल में बीस गुना से भी ज्यादा बढ़ा है। सौर ऊर्जा का उत्पादन बढ़ने से इसकी लागत घटी और यह उम्मीद भी बंधी है कि भारत 2030 तक 280 गीगावॉट सौर ऊर्जा उत्पादन का लक्ष्य प्राप्त कर लेगा। इस मुकाम तक पहुंचने में हाल ही में शुरू की गई पीएम सूर्य घर योजना मील का पत्थर साबित हो सकती है। इस योजना में छत पर सौर ऊर्जा संयंत्र लगाने के लिए 75,021 करोड़ मंजूर किए गए हैं। योजना के तहत एक करोड़ घरों को सौर ऊर्जा से रोशन करने का लक्ष्य रखा गया है। इसमें हर महीने 300 यूनिट तक बिजली का उत्पादन होगा। योजना के तहत 1, 2 या 3 किलोवॉट तक का संयंत्र लगाने पर केंद्रीय वित्तीय मदद मिलेगी।

**धीरेन्द्र कुमार वर्मा, बाराबंकी.**

### समावेशी हो विकास

देश में तेज आर्थिक प्रगति के बावजूद संसाधनों का न्यायिक बंटवारा न होने के कारण आर्थिक विषमता भी उतनी ही तेजी से बढ़ रही है और कोरोना काल में यह और जटिल हुई है क्योंकि तमाम गरीब जो औपचारिक रूप से किसी रोजी-रोजगार से जुड़े थे वह खत्म हो गये। इससे गरीबी बढ़ी है और गरीबों का जीवन और कठिन हो गया है। अमीर-गरीब के बीच बढ़ती खाई समाज में अनेक तरह की विषमता उत्पन्न कर रही है। दुनिया की संपत्तियां कुछ हाथों में सिकुड़ती जा रही हैं और विकास के लाभ आमजन तक नहीं पहुंच रहे हैं। विश्व में आर्थिक विषमता का बढ़ना चिंताजनक स्थिति को दर्शाता है। धन के असमान वितरण से स्थिति भयावह होती जा रही है।

**पवन कुमार सिंह, लखनऊ.**

संक्षेप

## बैसवाड़ा ब्राह्मण उत्थान समिति की बैठक कल

सुमेरपुर, उन्नाव। त्रयोदश विश्व वैदिक सम्मेलन व सामूहिक उपनयन संस्कार समारोह की तैयारियों हेतु बैसवाड़ा ब्राह्मण उत्थान समिति की कार्यकारिणी की बैठक 13 अक्टूबर को दोपहर 11 बजे एम जी कॉलेज आफ साइंस आर्ट एंड कल्चर छांछीराईखेड़ा, सुमेरपुर, उन्नाव के प्रांगण में आहूत की गई है। बैसवाड़ा ब्राह्मण उत्थान समिति के राष्ट्रीय अध्यक्ष अशोक पांडेय ने बताया कि आयोजित बैठक में त्रयोदश विश्व वैदिक सम्मेलन की रूपरेखा तैयार की जाएगी।

## सरस्वती हॉस्पिटल एंड ट्रामा सेंटर को मिली आयुष्मान भारत की सुविधा

गोसाईंगंज-अयोध्या। गोसाईंगंज क्षेत्र में गरीबो को फ्री इलाज की सुविधा देने वाली मोदी सरकार की जनकल्याणकारी आयुष्मान भारत योजना अब नगहरा स्थित सरस्वती हॉस्पिटल एन्ड ट्रामा सेंटर में भी उपलब्ध है ।इस हॉस्पिटल में आयुष्मान योजना के साथ सरकारी कर्मचारियों को भी पंडित दीनदयाल उपाध्याय योजना के तहत निःशुल्क इलाज की सुविधा मिलेगी।

# नवरात्र के अंतिम दिन मंदिरों में उमड़े श्रद्धालु





जिला संवाददाता(vol)

- पूजा पंडालों में भक्तों का लगा रहा तांता, कन्याओं का हुआ पूजन
- जगह – जगह हुआ भंडारे का आयोजन

**अयोध्या।** नवरात्र के अंतिम दिन देवी मंदिरों में व पूजा पंडालों माता के दर्शन को भक्तों का सैलाब उमड़ पड़ा। सुबह के समय बड़ी व छोटी देवकाली, जालपा देवी, मरी माता मंदिर, पाटेश्वरी मंदिर सहित माता के अन्य मंदिरों में हवन-पूजन किया गया। सप्तमी और अष्टमी एक ही दिन 10 अक्टूबर को थी। शास्त्रों के अनुसार, नवरात्र में जब सप्तमी-अष्टमी एक ही दिन हो तो दुर्गाष्टमी का व्रत उस दिन नहीं करना चाहिए। इसे निषेध माना गया है।इसलिए इस साल 11 अक्टूबर को ही अष्टमी और नवमी दोनों मनाई गई है। शारदीय नवरात्र की नवमी तिथि पर माता दुर्गा के आखिरी स्वरूप मां सिद्धिदात्री की पूजा-अर्चना धार्मिक वातावरण में संपन्न हुई। महाअष्टमी और नवमी तिथि को कन्या पूजन करते हुए मां की विदाई की गई। विदाई की परंपरा में कन्याओं को घर बुलाकर उनके पैर धोये गए और कन्याओं के साथ एक लंगूर के रूप में बच्चे को भी बुलाया गया। पैर धोने के बाद कन्याओं को आसन पर बैठाकर उनके हाथों में कलावा बांधा गया। माथे पर कुमकुम सुशोभित किया गया और माता रानी के पसंद के पकवान कन्याओं के समक्ष परोसे गए। छोटी देवकाली मंदिर के पुजारी अजय द्विवेदी ने बताया कि बड़ी संख्या में महिलाओं ने विधि विधान से दर्शन के बाद व्रत अनुष्ठान को संपन्न किया। नाका तिराहा स्थित मरी माता मंदिर में आज नवमी के अवसर पर हवन पूजन व कन्या पूजन कर नवरात में भी सिद्धिदानी का पूजन किया किया गया। इस अवसर पर मन्दिर के पुजारी चंचल दास ने मन्दिर में हवन पूजन कर कन्या को तिलक लगाकर दक्षिणा देकर भोजन करवाया। कई वर्ष की भांति इस वर्ष भी मन्दिर को फूलो के सजाया गया। शहर के रिकाबगंज स्थित अति प्राचीन दुर्गा मंदिर में शुक्रवार को नवमी तिथि पर कन्या पूजन किया गया। उसके बाद भंडारे का भव्य आयोजन हुआ, जिसमें हजारों की संख्या में मां भक्तों ने प्रसाद ग्रहण किया। सुबह सर्वप्रथम हवन-पूजन का कार्यक्रम हुआ। तदुपरांत विधि-विधान पूर्वक 31 कन्याओं का पूजन किया गया। नवरात्रि के पावन पर्व पर बड़ी संख्या में मां भक्तों ने मंदिर के गर्भगृह में विराजमान दुर्गा मैया का पूजन-अर्चन, आरती कर अपना जीवन धन्य बनाया। मां से अपने सुखमय जीवन की कामना की। बता दें कि दुर्गा मंदिर शहर का बहुत ही पौराणिक मंदिर है। जहां नवरात्रि पर पूरे नौ दिन मां भक्तों का जमावड़ा लगा रहता है। इस प्राचीन दुर्गा मंदिर की स्थापना स्वरूपानंद महाराज ने की थी। यह मंदिर लगभग सौ वर्ष पुराना मंदिर है। मंदिर में नवमी तिथि पर 31 कन्याओं का विशेष पूजन-अर्चन किया गया। कन्याओं का विशेष पूजन श्रद्धा तिवारी ने किया। उसके बाद विशाल भंडारा आयोजित रहा, जिसमें काफी संख्या में भक्तों ने प्रसाद पाया। भंडारा देरशाम तक चलता रहा। इस अवसर शरद अवस्थी, पूजा अवस्थी, अभिषेक, आकाश, सौरभ निषाद, श्रद्धा, सूरज गुप्ता आदि पदाधिकारी व मां भक्त मौजूद रहे। सिविल लाइन जीजीआईसी स्कूल के सामने श्री श्री साई मन्दिर दुर्गा पूजा समिति द्वारा स्थापित दुर्गा प्रतिमा व बजरंगबली का भक्तों द्वारा विशेष पूजन अर्चन किया। इस पूजा पंडाल में श्रीराम जी के भव्य स्वरूप मे बजरंगबली की प्रतिमा भक्तों के आकर्षण का केन्द्र बनी रही। मंदिर के अध्यक्ष महन्त ऋषि साई पुजारी, उपाध्यक्ष प्रकाश साई, कोषाध्यक्ष मन्नू, मंत्री रिशु, महामंत्री शुभम व शोभा यात्रा संचालक वरिष्ठ पत्रकार अजय श्रीवास्तव अज्जू ने दर्शन करने पहुंचे भक्तों में प्रसाद का वितरण किया गया। साथ ही दुर्गा मूर्ति विसर्जन के संबंध में निर्देश जारी करते हुए बताया गया कि मूर्ति विसर्जन में ट्रैक्टर ट्राली का प्रयोग ना करें, पूर्व वर्षों में हुई ट्रैक्टर ट्राली दुर्घटना को देखते हुए यह निर्णय लिया गया है, कि छोटा हाथी, पिकप, छोटा डीसीएम का प्रयोग करें। सभी लोग अपनी-अपनी मूर्तियां विसर्जन के लिए समय से प्रस्थान करा दे, जिससे कि सूर्यास्त से पहले विसर्जन हो जाए। मूर्ति विसर्जन में शराब पीकर के ना जाए जिससे कि कोई समस्या उत्पन्न हो, यदि कोई शराब पीकर आने का प्रयास करता है तो उसे रोक दिया जाए। विसर्जन में छोटे बच्चों को ले जाने से बचें। रास्ते में मूर्ति ले जाते समय रोड के किनारे ही चले बीच रोड पर ना चले ।

वहीं शहर के महाजनी टोला चैराहे पर दुर्गेश नंदिनी दुर्गा पूजा समिति द्वारा एक विशाल भंडारे का आयोजन किया गया जो मध्य रात्रि तक चला भक्त जनों द्वारा प्रसाद ग्रहण किया गया और मां के जयकारों का नारा भी लगाया गया उक्त भंडारे में झारखंडी वार्ड के पार्षद बिजेंद्र सिंह समाजवादी पार्टी के पूर्व पार्षद उमेश यादव अमित चैरसिया शोभित जैन आदित्य चंद्र सिद्धार्थ श्रीवास्तव अभिषेक सिन्हा विक्की यादव सूरज कुमार चांद भाई सुप्रीत कपूर वरिष्ठ पत्रकार पवन मिश्रा पत्रकार विनय सिन्हा आदि लोगों ने प्रसाद वितरण में अपना सहयोग प्रदान किया।

## नवरात्र की नवमी पर कन्या भोजआयोजित



**बहराइच ।** प्रदेश में महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान एवं स्वावलम्बन हेतु संचालित किये जा रहे मिशन शक्ति फेज-5 के विशेष अभियान अन्तर्गत शारदीय नवरात्र की नवमी के शुभ अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी मुकेश चन्द्र ने विकास भवन सभागार में आयोजित कन्या भोज कार्यक्रम में 21 कन्याओं के पैर पखार कर बन्दन व पूजन कर उन्हें अपने हाथों से भोजन परोसा तथा सभी कन्याओं को स्टेशनरी, फल, बिस्किट, चाकलेट इत्यादि का गिफ्ट पैक भेंट कर आशीर्वाद प्राप्त किया ।इस अवसर पर जिला कार्यक्रम अधिकारी राज कपूर, जिला प्रोबेशन अधिकारी विनोद राय, उपायुक्त मनरेगा सतीश पाण्डेय, मुख्य पशु चिकित्साधिकारी डॉ. राजेश उपाध्याय, बाल विकास परियोजना अधिकारी विशेश्वरगंज दीपा गुप्ता, नगर के अनुज कुमार, चित्तौरा के शिव शरण सैनी, प्रोबेशन कार्यालय की प्रधान सहायक शब्बो बेगम, बाल संरक्षण अधिकारी शिविका मौर्या, सुपरवाईजर पल्लवी, आंगनबाड़ी कार्यकत्री सुशीला, सरिता चैधरी, ममता व रीना देवी सहित अन्य सम्बन्धित मौजूद रहे।

## भजन संध्या आयोजित




**बहराइच ।** प्रदेश में महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान एवं स्वावलम्बन हेतु संचालित किये जा रहे मिशन शक्ति फेज-5 के विशेष अभियान अन्तर्गत शारदीय नवरात्र की नवमी के शुभ अवसर पर जिला प्रशासन एवं जिला पर्यटन एवं सांस्कृतिक परिषद बहराइच के संयुक्त तत्वावधान में गुल्लाबीर मन्दिर परिसर में आयोजित देवीगायन/भजन संध्या कार्यक्रम में माण्डवी तिवारी, दुर्गमेश्वरी सेवा संस्थान तथा रामशंकर एण्ड पार्टी द्वारा देवीगायन व भजन गायन प्रस्तुत किया गया। इस अवसर पर चेयरमैन नगर पालिका परिषद बहराइच के प्रतिनिधि श्यामकरन टेकड़ीवाल, जिला पर्यटन एवं सूचना अधिकारी मनीष कुमार श्रीवास्तव, थानाध्यक्ष दरगाह हरेन्द्र कुमार मिश्र सहित अन्य सम्बन्धित तथा बड़ी संख्या में भक्तजन मौजूद रहे।

## मैहर महोत्सव में होगा दो दिवसीय महिला व पुरुष दंगल

**अयोध्या।** मैहर महोत्सव के तहत 18 और 19 अक्टूबर को अयोध्या में विराट दंगल का आयोजन किया जाएगा। यह आयोजन स्व. पृथ्वी सिंह की 11वीं पुण्य तिथि की स्मृति में किया जा रहा है। कार्यक्रम की जानकारी देते हुए अपना दल एस के प्रदेश सचिव प्रमोद सिंह ने बताया कि प्रतिभागियों के नामांकन 17 अक्टूबर 2024 को कराना होगा। इस दंगल में भारत और नेपाल के प्रसिद्ध महिला और पुरुष पहलवानों की भागीदारी सुनिश्चित है। अयोध्या में कुश्ती के पुनर्जीवन और युवा प्रतिभाओं को आगे लाने के उद्देश्य से, पुरुष वर्ग के लिए ‚अयोध्या केसरी‚ और महिला वर्ग के लिए ‚अयोध्या शेरनी‚ का चयन किया जाएगा ।प्रतिभागियों को अपने आधार कार्ड और एक फोटो के साथ समय पर कार्यक्रम स्थल पर रजिस्ट्रेशन कराना होगा, जो कि पूरी तरह निःशुल्क है। यह आयोजन, समाजसेवी और अपना दल के वरिष्ठ नेता प्रमोद सिंह के नेतृत्व में हो रहा है, जिसमें स्थानीय युवाओं को वैश्विक मंच पर लाने का प्रयास किया जाएगा। दंगल प्रतियोगिता मलावन की बाग में आयोजित की जाएगी। सभी युवा पहलवानों को इस प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए आमंत्रित किया गया है।

# 300 करोड़ से जगमगायेगा अयोध्या बाईपास व एयरपोर्ट मार्ग

जिला संवाददाता(vol)

- सोलर सिटी और सौर ऊर्जा से जुड़ी परियोजनाओं को दी जा रही है गति

**अयोध्या।** दीपोत्सव के लिए सज-संवर रही अयोध्या नगरी का श्रृंगार सोलर स्मार्ट लाइट के जरिये भी हो रहा है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की घोषणा के बाद से अयोध्या को सोलर सिटी बनाने की दिशा में युद्ध स्तर पर कार्य चल रहा है। यहां सौर ऊर्जा से संबंधित कई कार्यक्रम पहले से संचालित हैं और अब इसी क्रम में, लगभग 300 करोड़ की लागत से अयोध्या के प्रमुख स्थलों पर स्मार्ट सोलर लाइट लगाने का कार्य किया जा रहा है, जिसके पूरा होते ही अयोध्या बाईपास और एयरपोर्ट मार्ग जगमगा उठेंगे। उत्तर प्रदेश नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा विकास अभिकरण ( यूपीनेडा ) द्वारा इस प्रक्रिया को पूरा करने पर सबसे ज्यादा फोकस किया जा रहा है।

भव्य राम मंदिर में रामलला के विराजमान होने के बाद से अयोध्या में विकास कार्यों ने रफ्तार पकड़ ली है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ पहले ही घोषणा कर चुके हैं कि अयोध्या को इस कदर सजाया और संवारा जाए , जिससे यहां आने वाला श्रद्धालु बार-बार आने की इच्छा जाहिर करे। यही नहीं, उन्होंने अयोध्या को सोलर सिटी बनाने के लिए सोलर रूफटॉप प्रोग्राम समेत विभिन्न प्रकार की परियोजनाओं को गति दी जा रही है। यहां के तमाम पार्क और सड़कों के किनारे सोलर लाइटों से जगमग हैं, लेकिन अब यूपीनेडा विभाग ने अयोध्या को स्मार्ट बनाने की दिशा में स्मार्ट सोलर लाइट लगवाने का काम किया है।



लगभग 300 करोड़ रुपये की लागत से लग रही लाइट अयोध्या की सुंदरता में चार-चांद लगा देंगी।अयोध्या में महर्षि वाल्मीकि अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट के संचालन के बाद से देश के कोने-कोने से पर्यटक व श्रद्धालु पहुंच रहे हैं। ऐसे में, पर्यटकों को आकर्षित करने के लिए गंजा स्थित एयरपोर्ट के निकट 60 स्मार्ट सोलर लाइट लगाई जा रही हैं। यूपीनेडा की तरफ से 58 सोलर स्मार्ट लाइट अयोध्या बाई पास के दोनों तरफ लगाई जा रही है। इसके अलावा मंडलायुक्त आवास के पास 16, धर्मपथ के निकट एक पार्क में 10 व मुक्ति धाम पर भी 6 सोलर स्ट्रीट लाइट लगाई जा रही है। यूपीनेडा के परियोजना अधिकारी प्रवीन कुमार पांडेय ने बताया कि प्रोजेक्ट पर काम तेजी से चल रहा है। दीपावली तक चिह्नित स्थलों पर स्मार्ट लाइट लग जायेगी।

# रावण का पुतला दहन होगा आज

जिला संवाददाता(vol)



**बहराइच।** रामलीला मंचन के बाद अब दशहरे पर रावण दहन की तैयारियां पूरी हो गई हैं। शनिवार को जिले का सबसे ऊंचा रावण रामलीला मैदान में जलेगा। कमेटी के अध्यक्ष श्यामकरन टेकड़ीवाल ने बताया कि सर तन से जुदा, कट्टर पंथी विचारधारा और राष्ट्रविरोधी ताकतों का समूल नाश थीम पर जलने वाले रावण दहन के लिए जिले के राजनेताओं सहित गणमान्य लोगों को आमंत्रित किया गया है। शनिवार शाम 6:30 बजे होने वाले दहन से पहले आकर्षक आतिशबाजी होगी। 70 फीट ऊंचे रावण के दहन से पहले एक घंटे तक आतिशबाजी की जावेगी। यहां पर बड़ी ऊंचाई वाला रावण और उसका कुनबा तैयार किया गया है ।शनिवार दोपहर में अहंकारी रावण अपने पूरे कुनबे के साथ शहर के श्री सिद्धनाथ मंदिर पहुंचकर श्री राम से युद्ध में विजय प्राप्ति के लिए शिव आराधना कर नगर भृमण करता हुआ रामलीला मैदान पहुंचेगा ।रावण के पूरे कुनबे को श्रीराम रंगमंच पर सीधा खड़ा किया जावेगा, जिसका दहन रात्रि के समय होगा ।नगर की सबसे प्राचीन 119 वर्ष पुरानी श्री मयार्दा पुरुषोत्तम भगवान रामलीला कमेटी द्वारा शनिवार को होने वाले दशहरे की तैयारियां पूरी हो गई हैं। कमेटी अध्यक्ष श्यामकरन टेकड़ीवाल के अनुसार मौनी बाबा श्री जगदम्बा मंदिर परिसर के निकट रावण, कुंभकर्ण और मेघनाद के पुतलों को बनाने का काम पूरा हो गया है। कुशल कारीगर इन पुतलों को बना रहे हैं। रामलीला मैदान में दशहरा को लेकर रंग-रोगन का काम भी पूरा हो गया है। राम लीला मैदान में शनिवार को दशहरा का उत्सव मनाया जाएगा। रावण का 70 फीट ऊंचा पुतला बनकर तैयार हो रहा है। इसके अतिरिक्त कुंभकर्ण और मेघनाद के पुतले 40-50 फीट के होंगे। श्री टेकड़ीवाल ने बताया कि सम्पूर्ण मेला क्षेत्र को पूरी तरह से सुंदर व आकर्षित बनाते हुए सुरक्षा व्यवस्था मजबूत करने हेतु ड्रोन कैमरे का प्रयोग किया जा रहा है ।इसी के साथ पीने के लिए शुद्ध जल की व्यवस्था नगरपालिका अध्यक्ष श्रीमती सुधा देवी द्वारा कराया गया है।

## मूर्ति विसर्जन की तैयारियां पूरी, आज होगा विसर्जन

सोहावल-अयोध्या। तहसील क्षेत्र के दो घाटों पर होने वाले मूर्ति विसर्जन कि प्रशासन द्वारा सभी तैयारियां पूरी कर ली गयी है। क्षेत्र के ढेमवा घाट व इस्माइल नगर सिहोरा घाट पर लगभग 2 सौ से अधिक मूर्तियों का विसर्जन होता है। जिसे सकुशल सम्पन्न कराने के लिए प्रशासन पूरी तरह से मुस्तैद है। घाटों की साफ सफाई के साथ-साथ प्लेटफार्म बनकर तैयार हो गया है। ढेमवा घाट पर विषर्जन के लिए नावों को लगाया गया है। प्रकाश व्यवस्था के लिए ग्राम प्रधान मंगलसी फूलचंद यादव व ग्राम प्रधान रौनाही खुर्शीद खा ने बास बल्ली लगाकर प्रकाश व्यवस्था की तैयारी कर दिया है। इस सम्बंध में तहसील दार सुमित सिंह ने बताया कि विषर्जन की सभी तैयारियां पूरी हो गई है। सुरक्षा की दृष्टि से घाटों पर पुलिस बल के साथ साथ राजस्व कर्मियों को लगाया गया है।

# योजनाओं की समीक्षा के लिए डीएम ने की बैठक

जिला संवाददाता(vol)



**बहराइच ।** मिशन शक्ति विशेष अभियान, प्रतिमा विसर्जन के लिए की गई तैयारी, पीएम सूर्य घर, लम्बित राजस्व वादों के निस्तारण, विभिन्न परियोजनाओं के लिए भूमि की उपलब्धता, श्रमिकों के राशन कार्ड, आयुष्मान कार्ड, फैमिली आईडी, चरागाहों की भूमि को अतिक्रमण से मुक्ति, आपदा के लम्बित प्रस्तावों इत्यादि की समीक्षा हेतु वृहस्पतिवार को देर शाम कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित बैठक के दौरान जिलाधिकारी मोनिका रानी ने उप जिलाधिकारियों को निर्देश दिया कि चरागाह की भूमि को अतिक्रमण से मुक्त कराकर राजस्व परिषद के पोर्टल पर अपलोड कराना सुनिश्चित करें। समस्त एसडीएम पुलिस क्षेत्राधिकारी के साथ विसर्जन स्थलों एवं जुलूस मार्गों का निरीक्षण कर सभी व्यवस्थाएं सुनिश्चित करा दें ।रिसोर्स रिकवरी सेन्टर निर्माण कार्य की समीक्षा के दौरान जिला पंचायत राज अधिकारी को निर्देश दिया गया कि निमार्णाधीन कार्यों को शीघ्र पूर्ण कराये तथा जो परियोजनाएं अभी अराम्भ है उन्हें तत्काल प्रारम्भ करा दिया जाय। मिशन शक्ति फेज-5 से सम्बन्धित विभागों को निर्देश दिये गये अभियान अन्तर्गत निर्धारित कार्यक्रमों को सम्पन्न कराने के पश्चात उसको पोर्टल पर अपलोड भी कराया जाय। प्रोजेक्ट अलंकार की समीक्षा के दौरान एसडीएम को निर्देश दिये गये कि प्राप्त प्रस्तावों का परीक्षण कर तीन दिवस के अन्दर जनपद स्तरीय समिति को उपलब्ध करा दें।

इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी मुकेश चन्द्र, प्रभागीय वनाधिकारी बहराइच अजीत प्रताप सिंह, अपर जिलाधिकारी गौरव रंजन श्रीवास्तव, मुख्य राजस्व अधिकारी महेन्द्र पाल सिंह, नगर मजिस्ट्रेट शालिनी प्रभाकर, उप जिलाधिकारी कैसरगंज आलोक प्रसाद आईएएस, सदर के राकेश कुमार मौर्या, पयागपुर के दिनेश कुमार, महसी के अखिलेश कुमार सिंह, अतिरिक्त मजिस्ट्रेट राम दयाल, मुख्य पशु चिकित्साधिकारी डॉ. राजेश उपाध्याय, अधि.अभि. लो.नि.वि. प्रदीप कुमार सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारी मौजूद रहे।

# मिल्कीपुर उपचुनावः पिछड़ी जातियां होंगी निर्णायक



- सपा प्रत्याशी अजीत प्रसाद के लिए सांसद अवधेश बना रहे रणनीति
- बीजेपी ने अभी उम्मीदवार नहीं किया घोषित

**मिल्कीपुर-अयोध्या ।** यूपी के उपचुनाव में अयोध्या की मिल्कीपुर हॉटसीट है। सीट सुरक्षित है, यानी पिछड़ी जातियां निर्णायक हैं। ऐसे में सपा ने फैजाबाद सांसद अवधेश प्रसाद के बेटे अजीत प्रसाद पर दांव खेला है। मगर प्रत्याशी घोषित होने के साथ ही सपा में अंदर खाने में नाराजगी की कयास लगने लगी है। अब 2 तरह की चर्चा चल रही है... 1. अजीत प्रसाद सिर्फ चेहरा हैं, चुनाव अवधेश लड़ रहे हैं। 2. पार्टी में और भी मजबूत चेहरे हैं, मगर सांसद के घर में ही विधायकी का टिकट दिया गया। योगी के अयोध्या दौरों से चुनाव का माहौल बना मिल्कीपुर के उपचुनाव में सपा की सीधी टक्कर भाजपा से है। भाजपा ने अभी उम्मीदवार घोषित नहीं किया है। कई दावेदार टिकट के लाइन में हैं। योगी अयोध्या के कई दौरे करके चुनाव का माहौल बना चुके हैं। यही वजह है कि उम्मीदवार की घोषणा को लेकर वह जल्दबाजी में नहीं है।

2012 व 2022 के विधानसभा चुनाव में इसी सीट से अवधेश प्रसाद दो बार विधायक बन हो चुके हैं। 2024 में सांसद निर्वाचित होने के बाद उनको विधानसभा की सदस्यता से त्यागपत्र देना पड़ा।

सीट रिक्त होने से उपचुनाव होने जा रहा है। राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने जिन 5 विधानसभा सीट के उपचुनाव के लिए उम्मीदवार घोषित किया है, उसमें अजीत प्रसाद का नाम भी है। जिला पंचायत सदस्य पद का चुनाव हार चुके अजीत राजनीतिक पारी शुरू करने के लिए सबसे पहले जिला पंचायत सदस्य पद के चुनाव में किस्मत आजमा चुके हैं, सफलता उनसे दूर रही।

वहीं उनकी मां सोना देवी इसमें लकी रहीं। जिला पंचायत सदस्य पद का चुनाव जीतने के बाद अध्यक्ष होकर जिले की प्रथम महिला होने का गौरव हासिल कर लिया।

अवधेश प्रसाद के लिए प्रतिष्ठा की सीट विधानसभा का उपचुनाव अजीत का यह पहला होगा। वैसे अजीत उपचुनाव में प्रतीक की भूमिका में रहेंगे। चुनाव उनके पिता अवधेश प्रसाद लड़ रहे है। यह उनके लिए भी राजनीतिक कौशल की परीक्षा होगी। अजीत के चुनाव की स्टेयरिंग सीट पर अवधेश प्रसाद ही बैठे दिखेंगे। पूरा चुनाव उन्हीं के इर्द गिर्द केंद्रित होगा, विरोधियों के निशाने पर वही होंगे। वहीं यह चुनाव अवधेश प्रसाद के लिए प्रतिष्ठा का चुनाव भी बना हुआ है।

# अविवि के अहिल्याबाई होल्कर छात्रावास में डांडिया की रही धूम

**अयोध्या।** डॉ. राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय के अहिल्याबाई होल्कर छात्रावास में डांडिया की धूम रही। छात्राओं द्वारा आयोजित कार्यक्रम में विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो0 प्रतिभा गोयल ने छात्राओं एवं शिक्षिकाओं के संग डांडिया नृत्य में हिस्सा लिया। छात्रावास में डांडिया की प्रस्तुति पारम्परिक परिधान में की गई। कार्यक्रम की शुरूआत देवी स्तुति एवं गणेश वंदना की।

इसके उपरांत छात्रा अंजली सिंह ने कथक नृत्य की मनमोहक प्रस्तुति ने उपस्थित अतिथियों सहित दर्शक समूह को आकर्षित किया। वहीं बीटेक तृतीय वर्ष की छात्रा अस्मिता ने राम धुन पर शास्त्रीय राम भजन की मनोहारी प्रस्तुति दी। समूह नृत्य में राजस्थानी लोक नृत्य की प्रस्तुति की गई।



कार्यक्रम की मुख्य अतिथि विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो0 प्रतिभा गोयल ने छात्राओं द्वारा की गई शानदार प्रस्तुति पर हर्ष व्यक्त करते हुए कहा कि भारत लोक परंपराओं का देश है। इन दिनों नवरात्रि का पवित्र त्यौहार चल रहा है। जिसमें माँ शक्ति के विभिन्न स्वरूपों की उपासना की जाती है। गरबा एवं डांडिया नृत्य भी इसी उपासना परंपरा का एक अभिन्न अंग हैं। कुलपति ने छात्राओं को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि प्रत्येक नारी में नौ दुर्गा का रुप है। नारी अपनी शक्ति को पहचाने। हमारे देश में नारी हर क्षेत्र में अपना अहम योगदान दे रही हैं। इसलिए पूरे मनोयोग से अध्ययन करें, जिससे कामयाबी मिले और माता-पिता का नाम रोशन करें।

कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि कुलसचिव डॉ. अंजनी कुमार मिश्र, अधिष्ठाता छात्र-कल्याण प्रो. नीलम पाठक, वार्डन डॉ0 गीतिका श्रीवास्तव एवं डॉ0 स्वाति सिंह ने भी छात्राओं को शुभकामनाएँ दी। कार्यक्रम का प्रबंधन छात्रा तन्या सिंह द्वारा किया गया। कार्यक्रम का संचालन श्रद्धा सिंह और ऋतिका सिंह ने किया। इस अवसर पर महिला कर्मियों में रंजना चैधरी, इंद्रावती, गीता और छात्राओं श्रेया सिंह, अनुभवी सिंह पायल, खुशी, तनु शर्मा, सृष्टि सिंह, हेमलता मिश्रा, सत्यम पटेल, कुमुद, आशु शुक्ला सहित बड़ी संख्या में छात्राओं ने डांडिया में सहभागिता दी।

## गन्ना सहकारी समिति सोहावल के तीन डायरेक्टरो का निर्विरोध निर्वाचित होना तय



जिला संवाददाता(vol)

- आठ अन्य क्षेत्र के निदेशक भी होंगे निर्विरोध निर्वाचित

**सोहावल-अयोध्या।** गन्ना सहकारी समिति के डायरेक्टर के चुनाव में सोहावल तहसील क्षेत्र के तीन डायरेक्टरो का निर्विरोध निर्वाचित होना लगभग तय हो गया है ।गूरुवार को नीलम सिंह बड़ागांव से शत्रोहन वर्मा सोहावल खास से, वह राम कुमार चैधरी मुमताजनगर का सिंगल नामांकन ही हुआ। जिसके विरोध में कोई और नामांकन ही नहीं हुआ। यह जानकारी देते हुए भाजपा जिला उपाध्यक्ष कृष्ण कुमार पांडेय खुन्नू, प्रगतिशील किसान संजीव सिंह ने बताया कि सोहावल के तीनों डायरेक्टर के नामांकन के सामने कोई और नामांकन ही नहीं आया।

जिससे इन तीन लोगों का व आठ अन्य का निर्विरोध निर्वाचित होना तय हो गया है। इन सभी को 16 तारीख को आधिकारिक रूप से सार्टीफिकेट मिलेगा ।कहा कि यही डायरेक्टर आगे गन्ना सहकारी समिति के अध्यक्ष पद का चुनाव करेंगे।

# सेंसेक्स में 230 अंकों की गिरावट



मुंबई। अर्थव्यवस्था से जुड़े अहम आंकड़े आने से पहले निवेशकों के सतर्क रुख से शुक्रवार को घरेलू शेयर बाजारों में गिरावट का रुख रहा। बीएसई सेंसेक्स 230 अंक और एनएसई निफ्टी 34 अंक के नुकसान में रहा। विश्लेषकों ने कहा कि बैंक, उपयोगिता क्षेत्र और वित्तीय कंपनियों के शेयरों में बिकवाली से दोनों मानक सूचकांक गिरावट के साथ बंद हुए।

वैश्विक बाजारों में मिलेजुले रुझान और विदेशी कोषों की निकासी जारी रहने से भी निवेशकों की धारणा कमजोर हुई। बीएसई का 30 शेयरों पर आधारित मानक सूचकांक सेंसेक्स 230.05 अंक यानी 0.28 प्रतिशत गिरकर 81,381.36 पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 307.26 अंक गिरकर 81,304.15 अंक के निचले स्तर पर आ गया था। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का सूचकांक निफ्टी 34.20 अंक यानी 0.14 प्रतिशत गिरकर 24,964.25 अंक पर आ गया। कारोबार के दौरान यह 24,920.05 अंक के निचले स्तर तक भी आया। सेंसेक्स की कंपनियों में टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज, महिंद्रा एंड महिंद्रा, आईसीआईसीआई बैंक, मारुति सुजुकी इंडिया, पावर ग्रिड, एक्सिस बैंक और अदाणी पोर्ट्स के शेयरों में गिरावट रही। दूसरी तरफ, एचसीएल टेक्नोलॉजीज, टेक महिंद्रा, जेएसडब्ल्यू स्टील, हिंदुस्तान यूनिलीवर, इन्फोसिस और टाइटन के शेयर बढ़त के साथ बंद हुए। विश्लेषकों ने कहा कि अर्थव्यवस्था से संबंधित कुछ प्रमुख आंकड़ों के इंतजार में निवेशकों ने सतर्क रुख अपनाया जिससे बाजार गिरावट के साथ बंद हुआ। एशिया के अन्य बाजारों में जापान का निक्की एवं हांगकांग का हैंगसेंग बढ़त पर रहे, जबकि चीन के शंघाई कम्पोजिट और दक्षिण कोरिया के कॉस्पी में गिरावट आई। यूरोपीय बाजार मिलेजुले रुख के साथ कारोबार कर रहे थे। बृहस्पतिवार को अमेरिकी बाजार गिरावट के साथ बंद हुए थे। वैश्विक तेल बेंचमार्क ब्रेंट क्रूड 0.77 प्रतिशत गिरकर 78.79 डॉलर प्रति बैरल पर आ गया। शेयर बाजार के आंकड़ों के मुताबिक, विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) ने बृहस्पतिवार को 4,926.61 करोड़ रुपये मूल्य के शेयरों की शुद्ध बिकवाली की जबकि घरेलू संस्थागत निवेशकों (डीआईआई) ने 3,878.33 करोड़ रुपये के शेयर खरीदे। बीएसई सेंसेक्स बृहस्पतिवार को 144.31 अंक बढ़कर 81,611.41 अंक पर और एनएसई निफ्टी 16.50 अंक चढ़कर 24,998.45 अंक पर बंद हुआ था।

# विदेशी मुद्रा भंडार 3.71 अरब डॉलर घटकर 701.18 अरब डॉलर पर



मुंबई। देश का विदेशी मुद्रा भंडार चार अक्टूबर को समाप्त सप्ताह में 3.71 अरब डॉलर घटकर 701.18 अरब डॉलर रह गया। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने शुक्रवार को यह जानकारी दी।

इससे पिछले सप्ताह देश का विदेशी मुद्रा भंडार 12.58 अरब डॉलर चढ़कर 704.88 अरब डॉलर के सर्वकालिक उच्चस्तर पर पहुंचा था। भारतीय रिजर्व बैंक के शुक्रवार को जारी आंकड़ों के अनुसार, चार अक्टूबर को समाप्त सप्ताह में मुद्रा भंडार का अहम हिस्सा मानी जाने वाली विदेशी मुद्रा आस्तियां 3.51 अरब डॉलर घटकर 612.64 अरब डॉलर रह गईं। डॉलर के संदर्भ में उल्लेखित विदेशी मुद्रा आस्तियों में विदेशी मुद्रा भंडार में रखे गए यूरो, पाउंड और येन जैसी गैर-अमेरिकी मुद्राओं की घट-बढ़ का प्रभाव शामिल होता है। समीक्षाधीन सप्ताह में स्वर्ण भंडार का मूल्य चार करोड़ डॉलर घटकर 65.75 अरब डॉलर रह गया। विशेष आहरण अधिकार (एसडीआर) 12.3 करोड़ डॉलर घटकर 18.42 अरब डॉलर रह गया। रिजर्व बैंक के आंकड़ों के अनुसार, आलोच्य सप्ताह में अंतरराष्ट्रीय मुद्राकोष के पास भारत का आरक्षित भंडार 3.5 करोड़ डॉलर घटकर 4.35 अरब डॉलर रहा।

## संक्षेप

### यूथ आइडियाथॉन 2024 के फाइनल में रहा नवप्रवर्तन का केंद्र

नई दिल्ली। स्कूली विद्यार्थियों के लिए भारत की सबसे बड़ी उद्यमशीलता प्रतिस्पर्धा ह्यूथ आइडियाथॉन 2024 का चौथा संस्करण आज आईआईटी दिल्ली में शीर्ष 100 किशोर नवप्रवर्तकों के शानदार प्रदर्शन के साथ संपन्न हुआ जिसमें देशभर के 5,000 से अधिक स्कूलों से 1.8 लाख से अधिक युवा नवप्रवर्तक शामिल हुए। इस आयोजन में अनूठे सामाजिक प्रयोग जैसे दि किड्स कंपनी के साथ गठबंधन भी देखने को मिले जहां स्कूली विद्यार्थी अपने विचारों की सूची बना सके, उन्हें बेच सके और निवेश जुटा सके जिससे वास्तविक दुनिया के कारोबार का उन्हें अनुभव हुआ। शीर्ष 100 टीमें दि किड्स कंपनी प्लेटफॉर्म पर अपने नवप्रवर्तन बेचकर और 40 लाख रुपये की क्राउड फंडिंग हासिल कर वास्तविक उद्यमशीलता में शामिल हुईं। यूथ आइडियाथॉन 2024 को मिली जबरदस्त प्रतिक्रिया भारत के युवाओं की उद्यमशीलता की भावना का प्रमाण है।

### कैंपेन नये जमाने का नया पेंट लॉन्च

नई दिल्ली। बिरला ओपस पेंट्स ने अपना नया कैम्पेन, नए जमाने का नया पेंट लॉन्च किया है। लियो बर्नेट इंडिया द्वारा परिकल्पित, इस फिल्म में भारत के दो सबसे पसंदीदा कलाकार - विक्की कौशल और रश्मिका मंदाना शामिल हैं, जो ब्रांड एंबेसडर के रूप में नीना गुप्ता और सौरभ शुक्ला जैसे अनुभवी और बहुमुखी अभिनेताओं के साथ इस ब्रांड की अनूठी और विशिष्ट विशेषताओं और गुणवत्ता के बारे में बात कर रहे हैं। इस अद्वितीय विचार, लोकप्रिय कलाकारों और सशक्त अवधारणा का उद्देश्य बिरला ओपस पेंट्स को नए व डिजायरेबल पेंट के रूप में स्थापित करना है। इस कैम्पेन के बारे में जागरुकता बढ़ाई जा सके और लोग इसका उपयोग करने के लिए प्रेरित हों।

### द ग्रेट इंडियन कपिल शो में कपूर बहनों ने खुलकर बात की

कानपुर। करिश्मा कपूर और करीना कपूर खान नेटफ्लिक्स के द ग्रेट इंडियन कपिल शो में एक साथ नजर आने वाली है। अपने सबसे बेबाक अंदाज में, कपूर बहनें मनोरंजन से भरे और अनजाने किस्से शेयर करके दर्शकों को खूब हंसाएंगे। कपिल शर्मा, दोनों बहनें एक-दूसरे को कितनी अच्छी तरह से जानती हैं, उनके फेमस कपूर परिवार और उनका बॉलीवुड का सफर, उनके बचपन की यादें और फिल्म के सेट के बारे में बात करने वाले है। ऐसी ही एक बातचीत के दौरान, करिश्मा ने करीना और सैफ अली खान के रिलेशनशिप के बारे में पता चलने के बाद मजाकिया अंदाज में अपने रिएक्शन के बारे में बताया। करिश्मा ने कहा कि मुझे याद है, मैं लंदन में थी और तभी मुझे करीना का फोन आया। मैंने पूछा क्या हुआ है, करीना ने कहा, मैं तुम्हें कुछ बताना चाहती हूं लेकिन इससे पहले कि मैं कुछ बताऊं, मुझे लगता है कि तुम्हें कहीं शांत जगह बैठ जाना चाहिए।

### आई-क्यू आई ने किया वंचित बच्चों का फ्री आई चेकअप




नोएडा। देश के सबसे बड़े सुपर-स्पेशलिटी हॉस्पिटल में 10 अक्टूबर को वर्ल्ड विश्व दृष्टि दिवस के अवसर बच्चों के स्वास्थ्य को बेहतर बनाने के उद्देश्य से एक दिल को छू लेने वाली एक पहल। संगठन ने एक एनजीओ लीलावती मुंशी बाल गृह (अनाथ आश्रम) में वंचित बच्चों के लिए फ्री आई चेकअप का आयोजन किया। इस पहल का उद्देश्य हैंसटैग आईऑन द फ्यूचर अभियान के तहत उन बड़ी बाधाओं को दूर करना था जिनका सामना कई गरीब बच्चों को आंखों की देखभाल सेवाओं को प्राप्त करने में करना पड़ता है। योर आईज किड्स के तहत मुंशी बालगृह के 50 से अधिक बच्चों की आंखों की जांच की। अनाथ आश्रम (लिलावती मुंशी बाल गृह) जैसे अनाथालयों और वंचित समुदायों से आने वाले बच्चों की आंखों की नियमित जांच नहीं हो पाती है, जिससे उनमें दृष्टि समस्याओं का जोखिम बढ़ जाता है। इससे बच्चों को रिफ्रैक्टिव एरर, एम्ब्लियोपिया, और स्ट्रैबिस्मस जैसी दृष्टि समस्याओं का ज्यादा जोखिम होता है।

# भारत सर्वाधिक शुल्क लगाने वाला देश

वाशिंगटन। अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने सत्ता में आने पर पारस्परिक कर लगाने का संकल्प लेते हुए बृहस्पतिवार को आरोप लगाया कि सभी प्रमुख देशों में से भारत विदेशी उत्पादों पर सबसे अधिक शुल्क लगाता है। ट्रम्प ने डेट्रायट में प्रमुख आर्थिक नीति पर अपने भाषण में कहा, शायद अमेरिका को फिर से असाधारण रूप से समृद्ध बनाने की मेरी योजना का सबसे महत्वपूर्ण तत्व पारस्परिकता है।

यह एक ऐसा शब्द है जो मेरी योजना में बहुत महत्वपूर्ण है क्योंकि हम आम तौर पर शुल्क नहीं लगाते हैं। मैंने वह प्रक्रिया शुरू की थी वैन तथा छोटे ट्रक आदि के साथ...वह बहुत बढ़िया थी। हम वास्तव में शुल्क नहीं लगाते हैं। चीन 200 प्रतिशत शुल्क लगाएगा। ब्राजील बड़ा शुल्क वसूलता है। हालांकि इनमें से सबसे अधिक शुल्क भारत लेता है। उन्होंने कहा कि भारत बहुत अधिक शुल्क लेता है। भारत के साथ हमारे बहुत अच्छे संबंध हैं। मेरे भी हैं। खास तौर पर नेता (प्रधानमंत्री नरेन्द्र) मोदी के साथ। वे एक महान नेता हैं। महान व्यक्ति हैं। वास्तव में महान व्यक्ति हैं। उन्होंने बहुत बढ़िया काम किया है, लेकिन वे शायद काफी शुल्क लेते हैं। ट्रम्प की यह टिप्पणी इस सप्ताह की शुरुआत में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की प्रशंसा के बाद आई है। ट्रंप ने मोदी को सबसे अच्छा इंसान करार देते हुए भारतीय नेता को अपना मित्र बताया था। ट्रम्प ने कहा था कि मोदी के साथ उनके बहुत अच्छे संबंध हैं।

# रुपया 11 पैसे की टूटकर 84.09 प्रति डॉलर के सार्वकालिक निचले स्तर पर

मुंबई। कमजोर घरेलू शेयर बाजार और विदेशी कोषों की सतत निकासी के बीच अंतर-बैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में शुक्रवार को अमेरिकी मुद्रा के मुकाबले रुपया 11 पैसे की गिरावट के साथ 84.09 प्रति डॉलर (अस्थायी) के सर्वकालिक निचले स्तर पर बंद हुआ।

विदेशी मुद्रा व्यापारियों के अनुसार, पश्चिम एशिया में स्थिति अस्थिर बनी हुई है और इससे अल्पावधि में कच्चे तेल की कीमतें उंची तथा रुपया कमजोर रह सकता है। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया अपने पिछले बंद भाव के मुकाबले एक पैसे की तेजी के साथ 83.97 प्रति डॉलर पर खुला। कारोबार के दौरान यह 83.96 के दिन के उच्चतम स्तर और 84.10 प्रति डॉलर के निम्नतम स्तर को छूने के बाद अंत में 11 पैसे की गिरावट के साथ 84.09 प्रति डॉलर (अस्थायी) पर बंद हुआ। बृहस्पतिवार को रुपया 83.98 रुपये प्रति डॉलर पर बंद हुआ था। फिनरेक्स ट्रेजरी एडवाइजर्स एलएलपी के ट्रेजरी प्रमुख और कार्यकारी निदेशक अनिल कुमार भंसाली ने कहा, आठ अगस्त, 2024 से रुपये को 83.99 से नीचे की सीमा में रखने के बाद, भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने आखिरकार रुपये को 84 से नीचे कमजोर होने दिया, क्योंकि एफपीआई जो इक्विटी में बड़े विक्रेता के रूप में उभरे हैं, ने अपना पैसा देश से बाहर निकालने के लिए डॉलर खरीदना जारी रखा। उन्होंने कहा कि अब हम उम्मीद कर सकते हैं कि रुपया अल्पावधि में 84.25 तक जाएगा।...ईरान, इज़राइल, लेबनान की खबरें भी अच्छी नहीं लगती हैं और इससे तेल मजबूत और रुपया कमजोर रह सकता है। इस बीच, छह प्रमुख मुद्राओं के मुकाबले अमेरिकी डॉलर की स्थिति को दर्शाने वाला डॉलर सूचकांक 0.09 प्रतिशत घटकर 102.89 रह गया।

# जीवन बीमा कंपनियों का नया कारोबार प्रीमियम 14 प्रतिशत बढ़ा

नयी दिल्ली। जीवन बीमा कंपनियों ने सितंबर में नई पॉलिसी जारी कर कुल 35,020 करोड़ रुपये का प्रीमियम संग्रह किया जो सालाना आधार पर 14 प्रतिशत की वृद्धि है।

उद्योग निकाय जीवन बीमा परिषद की तरफ से जारी मासिक आंकड़ों से यह जानकारी मिली। एक साल पहले इसी महीने में जीवन बीमा कंपनियों का नई पॉलिसी से प्रीमियम संग्रह 30,716 करोड़ रुपये रहा था। इसके साथ ही वित्त वर्ष 2024-25 की पहली छमाही में नई पॉलिसी का प्रीमियम संग्रह पिछले वित्त वर्ष की समान अवधि के l,58,377 करोड़ रुपये से 19 प्रतिशत बढ़कर l,89,214 करोड़ रुपये हो गया। व्यक्तिगत उपभोक्ताओं की तरफ से बीमा सुरक्षा की मांग मजबूत रहने से पिछले महीने नई पॉलिसियों में सालाना आधार पर 45.49 प्रतिशत की वृद्धि हुई। इस दौरान 32,17,880 नई पॉलिसियां जारी की गईं, जबकि एक साल पहले इसी अवधि में 22,11,680 पॉलिसियां जारी हुई थीं। जीवन बीमा परिषद के आंकड़ों के मुताबिक, जीवन बीमा उद्योग में व्यक्तिगत एकल प्रीमियम सितंबर में 13 प्रतिशत बढ़कर 5,142 करोड़ रुपये रहा। इसमें सालाना आधार पर 14.99 प्रतिशत की वृद्धि हुई। देश की सबसे बड़ी जीवन बीमा कंपनी एलआईसी ने सितंबर में 20,369 करोड़ रुपये का नया प्रीमियम जुटाया।

# औद्योगिक उत्पादन 0.1 प्रतिशत घटा



नयी दिल्ली। खनन और बिजली क्षेत्रों के खराब प्रदर्शन की वजह से अगस्त महीने में देश के औद्योगिक उत्पादन में 0.1 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई। शुक्रवार को जारी आधिकारिक आंकड़ों के मुताबिक, औद्योगिक उत्पादन सूचकांक (आईआईपी) के संदर्भ में मापा जाने वाला औद्योगिक उत्पादन इस साल अगस्त में 0.1 प्रतिशत घट गया, जबकि अगस्त, 2023 में यह 10.9 प्रतिशत बढ़ा था।

राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय (एनएसओ) की तरफ से जारी आंकड़ों के मुताबिक, अगस्त, 2024 के लिए आईआईपी वृद्धि दर नकारात्मक 0.1 प्रतिशत रही। जुलाई, 2024 में औद्योगिक उत्पादन 4.7 प्रतिशत बढ़ा था। अगस्त के दौरान खनन, विनिर्माण और बिजली क्षेत्र का प्रदर्शन खराब रहने से कुल औद्योगिक उत्पादन में गिरावट आई है। इस दौरान खनन क्षेत्र में 4.3 प्रतिशत और बिजली क्षेत्र में 3.7 प्रतिशत की गिरावट रही जबकि विनिर्माण क्षेत्र की वृद्धि दर सिर्फ एक प्रतिशत रही। एनएसओ ने कहा कि अगस्त में संभवतः भारी बारिश की वजह से खनन क्षेत्र का उत्पादन प्रभावित हुआ। चालू वित्त वर्ष के पहले पांच माह (अप्रैल-अगस्त) में औद्योगिक उत्पादन 4.2 प्रतिशत बढ़ा है। इससे पिछले वित्त वर्ष की समान अवधि में औद्योगिक उत्पादन की वृद्धि दर 6.2 प्रतिशत थी।

## मेनिनजाइटिस की रोकथाम में टीकाकरण सुरक्षा की नींव

नई दिल्ली।। मेनिनजाइटिस एक गंभीर टीका रोकथाम योग्य संक्रमण है जो विशेष रूप से बच्चों के लिए महत्वपूर्ण स्वास्थ्य संबंधी चिंताएँ पैदा करता है। विश्व मेनिनजाइटिस दिवस का उद्देश्य जागरूकता बढ़ाना और इस बीमारी को हराने के लिए वैश्विक प्रयासों को बढ़ावा देना, प्रारंभिक पहचान की जीवनरक्षक क्षमता को बढ़ावा देना और टीकाकरण के माध्यम से इसकी रोकथाम करना है। भारत मेनिनजाइटिस से संबंधित मौतों की सबसे अधिक संख्या वाले शीर्ष तीन देशों में से एक है। एक्यूट बैक्टीरियल मेनिनजाइटिस का कारण बनने वाले तीन रोगजनकों में से, निसेरिया मेनिंगिटिडिस उपचार के बावजूद 15 प्रतिशत तक की उच्च मृत्यु दर और अनुपचारित होने पर 50 प्रतिशत तक की उच्च मृत्यु दर के लिए जिम्मेदार है।

# सितंबर में खाद्य तेलों का आयात 29 प्रतिशत घटकर 10.64 लाख टन पर



नयी दिल्ली। सितंबर में भारत का खाद्य तेलों का आयात सालाना आधार पर 29 प्रतिशत घटकर 10,64,499 टन रह गया। कच्चे और रिफाइंड पाम तेल का आयात कम रहने से खाद्य तेल आयात में गिरावट आई है। उद्योग के आंकड़ों से यह जानकारी मिली है।

पिछले साल इसी महीने में खाद्य तेलों का आयात 14,94,086 टन था। सॉल्वेंट एक्सट्रैक्टर्स एसोसिएशन ऑफ इंडिया (एसईए) ने शुक्रवार को सितंबर के लिए वनस्पति तेलों (खाद्य और अखाद्य दोनों) के आयात के आंकड़े जारी किए। सितंबर में अखाद्य तेलों का आयात सालाना आधार पर 57,940 टन से घटकर 22,990 टन रह गया। आंकड़ों के अनुसार, सितंबर में वनस्पति तेलों का आयात एक साल पहले के 15,52,026 टन की तुलना में 30 प्रतिशत घटकर 10,87,489 टन रह गया। एसईए के आंकड़ों से पता चला कि खाद्य तेल श्रेणी में कच्चे पाल तेल का आयात इस साल सितंबर में घटकर 4,32,510 टन रह गया, जो पिछले साल इसी महीने में 7,05,643 टन था। दूसरी ओर रिफाइंड पाम तेल का आयात l,28,954 टन से घटकर 84,279 टन रह गया। कच्चे सूरजमुखी तेल का आयात भी 3,00,732 टन से घटकर l,52,803 टन रह गया। एसईए ने आयात में गिरावट का कारण जुलाई-अगस्त के दौरान अधिक आयात और मांग में कमी को बताया। ऐसे में बंदरगाहों पर स्टॉक बढ़ गया। इसके अलावा, कीमतों में उतार-चढ़ाव के कारण आयातक सतर्क हो गए हैं।

## पेज एक का शेष

### योनेक्स सनराईज

में 235, महिला युगल में 100 व मिश्रित वर्ग में 190 खिलाड़ी प्रतिभाग करेंगे। इस प्रतियोगिता में देश के लगभग 1500 पुरुष-महिला खिलाड़ी प्रतिभाग करेंगे। इस प्रतियोगिता में विजेता खिलाड़ियों को कुल 5 लाख रुपये की पुरस्कार राशि प्रदान की जायेगी।

### युद्ध से

भी है। उन्होंने कहा, भारत की हिंद-प्रशांत महासागर पहल और हिंद-प्रशांत पर आसियान के दृष्टिकोण के बीच गहरी समानताएं हैं। मोदी ने कहा, हम म्यांमा की स्थिति के प्रति आसियान के दृष्टिकोण का समर्थन करते हैं। हम पांच सूत्री सहमति का भी समर्थन करते हैं। साथ ही, हमारा मानना है कि वहां मानवीय सहायता को बनाए रखना महत्वपूर्ण है। उन्होंने वहां लोकतंत्र की बहाली के लिए उचित कदम उठाने का आह्वान किया। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा, हमारा मानना है कि इसके लिए म्यांमा को शामिल किया जाना चाहिए, अलग-थलग नहीं किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि पड़ोसी देश के रूप में भारत अपनी जिम्मेदारी निभाता रहेगा। मोदी ने कहा कि नालंदा के पुनरुद्धार की प्रतिबद्धता पूर्वी एशिया शिखर सम्मेलन में व्यक्त की गई थी। उन्होंने कहा, नालंदा विश्वविद्यालय के नए परिसर का जून में उद्घाटन करके हमने अपनी प्रतिबद्धता को पूरा किया है। मैं यहां उपस्थित सभी देशों को नालंदा में आयोजित होने वाले उच्च शिक्षण संस्थानों के प्रमुखों के सम्मेलन में शामिल होने के लिए आमंत्रित करता हूं। मोदी ने कहा, मैं आज के शिखर सम्मेलन का शानदार आयोजन करने के लिए प्रधानमंत्री सोनेक्साय सिपानदोन को हार्दिक बधाई देता हूं। इस सम्मेलन का अगला अध्यक्ष बनने जा रहे मलेशिया को मैं अपनी शुभकामनाएं देता हूं और उन्हें सफल अध्यक्षता के लिए भारत के पूर्ण समर्थन का आश्वासन देता हूं। बाद में, एक्स पर एक पोस्ट में मोदी ने कहा, विएंतियान, लाओ पीडीआर में आयोजित 19वें पूर्वी एशिया शिखर सम्मेलन में भाग लिया। भारत आसियान के साथ मैत्रीपूर्ण संबंधों को बहुत महत्व देता है। हम आने वाले समय में इस संबंध को और भी अधिक गति देने के लिए प्रतिबद्ध हैं। उन्होंने कहा, हमारी एक्टईस्ट नीति ने काफी लाभ पहुंचाया है और एक बेहतर धरती के निर्माण में योगदान दिया है। साथ ही, हम एक ऐसे हिंद-प्रशांत क्षेत्र की दिशा में काम करना चाहते हैं जो नियम-आधारित, स्वतंत्र, समावेशी और खुला हो। ईएएस में 18 सदस्य देश-10 आसियान देश (ब्रुनेई, कंबोडिया, इंडोनेशिया, लाओस, मलेशिया, म्यांमा, फिलिपीन, सिंगापुर, थाईलैंड और वियतनाम) के अलावा ऑस्ट्रेलिया, चीन, भारत, जापान, न्यूजीलैंड, दक्षिण कोरिया, रूस और अमेरिका शामिल हैं। विदेश मंत्रालय में सचिव (पूर्वी) जयदीप मजूमदार ने बाद में यहां एक संवाददाता सम्मेलन में कहा कि नेताओं ने उन क्षेत्रीय और अंतरराष्ट्रीय मामलों पर विचारों का आदान-प्रदान किया जो हिंद-प्रशांत क्षेत्र और उससे भी परे शांति, स्थिरता और समृद्धि को प्रभावित करते हैं। मजूमदार ने कहा, अपने आगमन के बाद से मोदी ने आसियान-भारत शिखर सम्मेलन, पूर्वी एशिया शिखर सम्मेलन और विभिन्न द्विपक्षीय वार्ताओं सहित विभिन्न मंचों पर गहन संवाद किए। विदेश मंत्रालय के अधिकारी ने बताया कि आसियान नेताओं ने भारत की एक्ट ईस्ट नीति के परिणामस्वरूप विविध क्षेत्रों में सहयोग और डिजिटल सार्वजनिक अवसंरचना में भारत की अग्रणी भूमिका और इससे आसियान देशों के काफी लाभान्वित होने के तथ्य के मद्देनजर हमारे सहयोग का बहुत सकारात्मक आकलन किया।

### निहोन हिदान्क्यो

अपने अनुभवों का उपयोग करने का विकल्प चुना है। हिदान्क्यो के अध्यक्ष तोमोयूकी मिमाकी यह खबर मिलते ही खुशी से झूम उठे और उनकी आंखें नम हो गईं। वह तेज स्वर में कहा, क्या यह वाकई सच है? विश्वास नहीं हो रहा। परमाणु हथियारों को खत्म करने के प्रयासों को नोबेल समिति द्वारा पहले भी सम्मानित किया जा चुका है। इंटरनेशनल कैंपेन टू एबॉलिश न्यूक्लियर वेपन्स को 2017 में नोबेल शांति पुरस्कार से सम्मानित किया गया और 1995 में जोसेफ रोटब्लाट और विज्ञान तथा विश्व मामलों पर पगवाश सम्मेलनों को अंतरराष्ट्रीय राजनीति में परमाणु हथियारों की भूमिका को कम करने और लंबे समय में ऐसे हथियारों को खत्म करने के उनके प्रयासों के लिए प्रदान किया गया था। इस वर्ष के नोबेल शांति पुरस्कार की घोषणा ऐसे समय में की गई है, जब दुनिया के अनेक हिस्सों, खासकर पश्चिम एशिया, यूक्रेन और सूडान में विनाशकारी संघर्ष की स्थिति है। क्या इस साल विजेता के चुनाव का निर्णय यूक्रेन पर रूस के हमलों में परमाणु हथियारों की बात आने से प्रभावित है, इस प्रश्न के उत्तर में फ्रिदनेस ने कहा, यह बहुत स्पष्ट है कि परमाणु शस्त्रों के इस्तेमाल का खतरा परमाणु हथियारों के उपयोग पर पाबंदी से संबंधित महत्वपूर्ण अंतरराष्ट्रीय नियमों पर दबाव बना रहा है। उन्होंने कहा, इसलिए यह देखना चिंताजनक है कि परमाणु हथियारों के इस्तेमाल का खतरा इस नियम को कैसे नुकसान पहुंचा रहा है। परमाणु शस्त्र के उपयोग के खिलाफ मजबूत अंतरराष्ट्रीय पाबंदी को कायम रखना पूरी मानवता के लिए महत्वपूर्ण है। पुरस्कार के संस्थापक अल्फ्रेड नोबेल ने अपनी वसीयत में कहा था कि यह पुरस्कार राष्ट्रों के बीच भाईचारे के लिए, तैनात सेनाओं को हटाने या कम करने तथा शांति सम्मेलनों के आयोजन और संवर्धन के लिए अधिक कार्य या सर्वश्रेष्ठ कार्य करने के वास्ते दिया जाना चाहिए। पिछले साल ईरान में महिला अधिकारों, लोकतंत्र और मृत्युदंड के खिलाफ वर्षों से संघर्ष कर रहीं और जेल में बंद कार्यकर्ता नरगिस मोहम्मदी को नोबेल शांति पुरस्कार से सम्मानित किया गया था।

### अखिलेश यादव ने

सुबह से ही सैकड़ों पार्टी कार्यकर्ता एकत्र थे। समाजवादी नेता और आपातकाल के प्रखर आलोचक के रूप प्रख्यात दिवंगत जेपी सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी और विपक्षी पार्टी के बीच टकराव का नवीनतम केंद्र बनकर उभरे हैं। यादव ने बिहार के मुख्यमंत्री और जदयू प्रमुख नीतीश कुमार से राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) से समर्थन वापस लेने की अपील करते हुए कहा कि उत्तर प्रदेश की भाजपा सरकार ने समाजवादी विचारक नारायण को श्रद्धांजलि देने से समाजवादी लोगों को रोक दिया। उन्होंने कहा कि जनता दल (यूनाइटेड) प्रमुख का राजनीतिक उदय जेपी आंदोलन की देन है। यादव ने शुक्रवार सुबह उनके घर के पास बैरिकेड्स लगाने को लेकर प्रदेश की भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) सरकार की आलोचना की। उनका कहना था कि समाजवादियों को मौके पर जाने से रोकने और समाजवादी विचारक की प्रतिमा पर माल्यार्पण न करने देने के इरादे से ऐसा किया गया। सपा कार्यकर्ता यादव के आवास के बाहर एकत्र हुए थे, तथा सपा प्रमुख के जेपीएनआईसी के निर्धारित दौरे को लेकर अस्पष्टता बनी हुई थी। सुबह करीब साढ़े 10 बजे समाजवादी पार्टी के सैकड़ों कार्यकर्ता विक्रमादित्य मार्ग पर एकत्र हुए। सड़क पर अखिलेश यादव ने एक वाहन पर रखी जय प्रकाश नारायण की आवक्ष प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। उनके साथ सैकड़ो सपा कार्यकर्ता लाल टोपी पहने हुए थे और नारे लगा रहे थे। उनके साथ सपा नेता लाल बिहारी यादव, राजेंद्र चौधरी, नेता प्रतिपक्ष माता प्रसाद पांडेय, राम गोविंद चौधरी समेत अन्य लोग थे। इस अवसर पर उन्होंने कहा, जयप्रकाश नारायण जी की जयंती के अवसर पर हम हर बार जेपीएनआईसी संग्रहालय जाते हैं। लेकिन पता नहीं यह सरकार हमें ऐसा करने से क्यों रोकती है। उन्होंने कहा, भाजपा द्वारा यह नाकाबंदी पहली बार नहीं की जा रही है। उसने सभी अच्छे कामों को रोक दिया है। हालांकि, आज हम सड़क पर खड़े होकर जन-नायक को याद कर रहे हैं। यह सरकार हमें माल्यार्पण करने से रोकना चाहती है, लेकिन हमने यहीं सड़क पर माला पहना दी। समाजवादी पार्टी प्रमुख ने यह भी कहा कि अगर यह त्योहार का दिन न होता तो बांस की बैरिकेडिंग समाजवादियों को जेपीएनआईसी में जाने से नहीं रोक पाती। यादव बृहस्पतिवार रात जेपीएनआईसी पहुंचे थे और प्रवेश रोकने के लिए मुख्य द्वार को टिन की चादरों से ढकने के लिए योगी आदित्यनाथ सरकार की आलोचना की थी। उन्होंने कहा, भाजपा के लोग विध्वंसक हैं। उन्हें कुछ भी अच्छा दो, वे उसे नष्ट कर देंगे। उन्होंने पहले भी हम समाजवादियों को रोका है। आज नवरात्र का नौवां दिन है, यह उत्सव का दिन है। उत्सव के दिन वे किस तरह का अधर्म कर रहे हैं।

### योगी ने बेटियों

पहनाकर, चुनरी ओढ़ाकर, उपहार एवं दक्षिणा प्रदान कर आशीर्वाद लिया। पूजन के बाद इन कन्याओं को मंदिर की रसोई में पकाया गया ताजा भोजन प्रसाद सीएम योगी ने अपने हाथों से परोसा। इन नौ कन्याओं के अतिरिक्त बड़ी संख्या में पहुंची बालिकाओं और बटुकों को भी पूजनोपरांत श्रद्धापूर्वक भोजन कराकर उपहार व दक्षिणा दिया गया। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का प्यार-दुलार पाकर नन्हीं बालिकाओं व बटुकों की प्रसन्नता देखते ही बन रही थी। सत्कार और स्नेह के भाव से मुख्यमंत्री ने एक-एक कर नौ कन्याओं व बटुक भैरव के पांव पखारे और पूजन किया। इस दौरान सीएम योगी के हाथों दक्षिणा मिलने से सभी बालिकाएं काफी प्रफुल्लित दिखीं। पूजन के बाद भोजन परोसते समय सीएम निरंतर संवाद भी करते रहे। यह भी ख्याल रखते रहे कि किसी भी बालक-बालिका की थाली में प्रसाद की कोई कमी न रहे। इसे लेकर वह मंदिर की व्यवस्था से जुड़े लोगों को निर्देशित करते रहे।

### नारी को सम्मान

को पूर्ण करने वाली मां सिद्धिदात्री के स्वरूप के पूजन के साथ कन्या पूजन का अनुष्ठान हो रहा है। वह सौभाग्यशाली है कि गोरक्षपीठ की पवित्र परंपरा के अनुसार उन्हें भी कन्या पूजन का अनुष्ठान करने का अवसर प्राप्त हुआ है। मुख्यमंत्री ने कहा कि नवरात्र का पर्व शक्ति की आराधना के साथ आधी आबादी के सम्मान का भी प्रतीक पर्व है। भारतीय मनीषा ने प्राचीनकाल से ही यत्र नार्यस्तु पूज्यन्ते, रमन्ते तत्र देवताः अर्थात जहां नारी की पूजा की जाती है, उसका सम्मान किया जाता है वहां दैवीय शक्तियों का वास होता है, की मान्यता और इसके भाव को अंगीकार किया है। नवरात्र में जगतजननी भगवती मां दुर्गा के पावन नौ स्वरूपों की आराधना सनातन धर्म की उदात्त और पवित्र परंपरा का महत्वपूर्ण अवसर है। यह आधी आबादी की सुरक्षा, सम्मान और स्वावलंबन की नई प्रेरणा देने का भी माध्यम है। सीएम योगी ने कहा कि आधी आबादी की सुरक्षा के साथ पूरे समाज की सुरक्षा जुड़ी होती है। उन्होंने कहा कि जब हम आधी आबादी को सामर्थ्यवान बनाकर उनकी गरिमा और सम्मान की सुरक्षा करेंगे तो प्रदेश और देश सभी नागरिकों के जीवन मे खुशहाली लाने के लक्ष्यों को प्राप्त करेगा।

### योगी सरकार

रिकॉर्ड को तोड़ा। महाकुंभ 2025 में योगी सरकार ने इस गतिविधि में 10 हजार लोगों को सम्मिलित कर नया रिकॉर्ड स्थापित करने की योजना बनाई है। इसी तरह कुंभ 2019 में योगी सरकार की ओर से मेला क्षेत्र में 28 फरवरी 2019 को सबसे बड़ी बस परेड का आयोजन किया गया था। प्रयागराज मेला प्राधिकरण और उत्तर प्रदेश राज्य सड़क परिवहन निगम की परिवहन क्षमता के कुशल प्रबंधन को प्रदर्शित करने के लिए इस गतिविधि के माध्यम से 503 बसों के बेड़े ने शानदार परेड निकाली थी, जिसने सभी का ध्यान आकर्षित किया था। इसने अबुधाबी द्वारा बनाए गए 390 बसों के पिछले रिकॉर्ड को ध्वस्त किया था। महाकुंभ 2025 में ग्रीन एनर्जी और हेल्दी इनवायर्नमेंट के प्रति जागरूकता संदेश देने के लिए एक हजार इलेक्ट्रिक रिक्शा की परेड निकालने की योजना है। कुंभ 2019 में घाटों और मेला क्षेत्र की एक साथ सफाई को लेकर भी रिकॉर्ड स्थापित किया गया था।




# पीसीबी ने चयन समिति बदली



लाहौर। हाल ही में रिटायर हुए अंपायर अलीम दार को पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) ने इंग्लैंड के हाथों मुल्तान में पहले टेस्ट में टीम की शर्मनाक हार के बाद गठित नयी राष्ट्रीय चयन समिति में शामिल किया है। इंग्लैंड ने पाकिस्तान को एक पारी और 47 रन से हराया। इससे पहले पाकिस्तानी टीम बांग्लादेश के हाथों दो टेस्ट मैचों की श्रृंखला हार गई थी।

पीसीबी ने पूर्व टेस्ट क्रिकेटर अकीब जावेद, अजहर अली, टेस्ट अंपायर अलीम दार और विश्लेषक हसन चीमा को समिति में शामिल किया है। दार पीसीबी से ऐसा पद पाने वाले पहले अंपायर हैं। पूर्व टेस्ट बल्लेबाज असद शफीक समिति में पहले ही से हैं जो मुहम्मद युसूफ के इस्तीफे के बाद शामिल किये गए थे। पीसीबी ने कहा कि सभी सदस्यों को मतदान का अधिकार होगा लेकिन यह नहीं बताया कि मुख्य कोचों गैरी कर्स्टन और जैसन गिलेस्पी को भी क्या समिति में मत देने का अधिकार होगा।

# मुझे एक निजी कोच चाहिए, ताकत बढ़ाने की जरूरत है: निकहत जरीन

नयी दिल्ली। भारतीय मुक्केबाज निकहत जरीन ने पदक रहित ओलंपिक अभियान पर बात करते हुए स्वीकार किया कि वो दिन उनका नहीं था लेकिन उन्होंने कहा कि वह एक निजी कोच की मदद से और मजबूत होकर वापसी करेंगी।

उन्होंने कहा कि वह निजी कोच खोजने की कोशिश कर रही हैं। निकहत पेरिस ओलंपिक में मजबूत पदक दावेदार थीं लेकिन शीर्ष वरीय और मौजूदा एशियाई खेलों की चैंपियन चीन की वू यू से हारने के बाद 50 किग्रा से बाहर हो गईं। निकहत ने पीटीआई वीडियो से कहा, कोई भी व्यक्ति परफेक्ट नहीं होता, यह मेरा दिन नहीं था। मुझे वरीयता नहीं मिली थी और मुझे शुरुआती दौर में बहुत अच्छी मुक्केबाज का सामना करना पड़ा। सबसे दुखद बात यह थी कि जिन मुक्केबाजों को मैंने पहले ही हरा दिया था, उन्होंने पदक जीते, यह दिल तोड़ने वाला था। उन्होंने कहा कि लेकिन हमें



वास्तविकता को स्वीकार करना होगा और आगे बढ़ते रहना होगा। मैं कुछ भी योजना नहीं बनाना चाहती और प्रवाह के साथ चलना चाहती हूं। मेरे पास कोई निजी कोच नहीं था। वह एक निजी कोच की तलाश कर रही हैं।

# सुदीप का शतक, बंगाल के सात विकेट पर 269 रन

लखनऊ। बंगाल ने सलामी बल्लेबाज सुदीप चटर्जी (116 रन) के शतक और सुदीप कुमार घरामी (90 रन) के अर्धशतकों की बदौलत शुक्रवार को यहां रणजी ट्रॉफी ग्रुप सी मैच के पहले दिन स्टंप तक उत्तर प्रदेश के खिलाफ सात विकेट पर 269 रन बनाये। बंगाल के कप्तान अनुस्तुप मजूमदार ने टॉस जीतकर बल्लेबाजी चुनी। पर सलामी बल्लेबाज अभिमन्यु ईश्वरन (05) के लिए दिन अच्छा नहीं रहा, वह यश दयाल की गेंद पर कप्तान और विकेटकीपर आर्यन जुयाल को कैच देकर पवेलियन पहुंच गये। इसके बाद दोनों सुदीप (चटर्जी और घरामी) ने मिलकर शानदार शतकीय साझेदारी निभाकर अच्छे स्कोर की नींव रखी।

दोनों दूसरे विकेट के लिए 198 रन की साझेदारी निभाकर अच्छी स्थिति में थे लेकिन उत्तर प्रदेश के विप्रज निगम (59 रन देकर चार विकेट) ने सुदीप घरामी को विकेटकीपर के हाथों कैच आउट कराया। सुदीप घरामी ने 161 गेंद की पारी में 11 चौके और एक छक्का लगाया। इसके बाद बंगाल ने लगातार चार विकेट गंवाये। सुदीप चटर्जी आउट होने वाले छठे बल्लेबाज रहे, उन्होंने 116 रन की शतकीय पारी के दौरान नौ चौके और एक छक्का जड़ा।

**संक्षेप**

## यूनान ने हराया इंग्लैंड को

लंदन। यूनान ने बेहतरीन खेल का प्रदर्शन करते हुए नेशंस लीग फुटबाल टूर्नामेंट में गुरुवार को यहां इंग्लैंड को उसकी धरती पर 2-। से पराजित किया। इस बीच एर्लिंग हालैंड 24 साल की उम्र में नॉर्वे की तरफ से अंतरराष्ट्रीय फुटबॉल में सर्वाधिक गोल करने वाले खिलाड़ी बन गए हैं। उन्होंने नॉर्वे की स्लोवाकिया पर 3-0 की जीत में दो गोल किए। हालैंड नार्वे की तरफ से अभी तक 34 गोल कर चुके हैं जो पिछले रिकार्डधारक जोर्गेन जुवे से एक गोल अधिक है। जोर्गेन जुवे ने 1930 के दशक में यह रिकॉर्ड बनाया था। नॉर्वे के लिए अलेक्जेंडर सोरलोथ ने भी गोल किया। फ्रांस ने किलियन एमबापे और संन्यास ले चुके एंटोनी ग्रीज़मैन के बिना भी शानदार खेल का नमूना पेश करके इजराइल को 4-। से हराया। इंग्लैंड और यूनान के बीच वेम्बली स्टेडियम में खेले गए मैच में तीनों गोल दूसरे हाफ में किए गए। वेंजेलिस पावलिडिस ने 49वें मिनट में यूनान की तरफ से पहला गोल किया। जूड बेलिंगहैम ने 87वें मिनट में इंग्लैंड की तरफ से बराबरी का गोल दागा लेकिन पावलिडिस ने स्टॉपेज टाइम के चौथे मिनट में गोल करके यूनान की जीत सुनिश्चित की। एमबापे मामूली चोट के कारण इजराइल के खिलाफ मैच में नहीं खेल पाए लेकिन फ्रांस को उनकी कमी नहीं खली। उसकी तरफ से पहले हाफ में एडुआर्डो कैमाविंगा और क्रिस्टोफर एनकुंकू ने गोल किए। इसके बाद माटेओ गुएन्डौज़ी ने 87वें और ब्रैडली बारकोला ने 89वें मिनट में गोल करके फ्रांस को बड़ी जीत दिलाई।

## अदिति ब्यूक ओपन में संयुक्त 46वें स्थान पर

शंघाई। भारत की प्रतिभावान गोल्फ खिलाड़ी अदिति अशोक यहां ब्यूक ओपन टूर्नामेंट के दूसरे दौर में इवन-पार 72 के स्कोर से संयुक्त 46वें स्थान पर रहीं। तीन बार की ओलंपियन अदिति को एलपीजीए में अपनी पहली जीत की तलाश हैं। उन्होंने दूसरे दौर में दो बर्डी के साथ दो बोगी भी कर दी। शुरुआती दौर में उन्होंने एक अंडर का कार्ड खेलकर दो बोगी और तीन बर्डी लगाई थीं।

## फ्रेंच ओपन गोल्फ में शुभंकर की धीमी शुरूआत

पेरिस। भारतीय गोल्फर शुभंकर शर्मा का खराब फॉर्म जारी रहा और फेडेक्स ओपन डे फ्रांस के पहले दौर में एक ओवर 72 स्कोर करके वह संयुक्त 77वें स्थान पर हैं। शर्मा ने चार बर्डी लगाये लेकिन पांच बोगी किये। अब कट में प्रवेश के लिये उन्हें अगले दौर में बेहतरीन प्रदर्शन करना होगा। इंग्लैंड के जो डीन के साथ थोरब्योर्न ओलेसन और जेस्पर स्वेनसन ने एकल बढत बना ली है जिन्होंने छह अंडर 65 स्कोर किया।

## अहान लड़कियों के अंडर 16, अंडर-14 फाइनल में

नयी दिल्ली। ओडिशा की अहान ने शुक्रवार को यहां फेनेस्टा ओपन राष्ट्रीय टेनिस चैंपियनशिप में लड़कियों के एकल अंडर-16 और अंडर-14 वर्गों के फाइनल में प्रवेश किया। अंडर-16 सेमीफाइनल में अहान ने गुजरात की एंजेल पटेल को 7-5, 6-0 से हराकर फाइनल में जगह बनाई जहां उनका सामना महाराष्ट्र की ऐश्वर्या जाधव से होगा जिन्होंने दिल्ली की यशिका शौकीन को 6-4, 6-3 से हराया।

# क्लीन स्वीप करने उतरेगा भारत

## पहले दो मैच में आसान जीत दर्ज कर श्रृंखला पहले ही अपने नाम कर चुकी हैं भारतीय टीम



हैदराबाद। पहले दो मैच में आसान जीत दर्ज करके श्रृंखला पहले ही अपने नाम कर चुकी भारतीय टीम बांग्लादेश के खिलाफ शनिवार को यहां होने वाले तीसरे और अंतिम टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच में क्लीन स्वीप के इरादे से मैदान पर उतरगी जिसमें उसके सलामी बल्लेबाजों के प्रदर्शन पर निगाह टिकी रहेगी। भारत ने अपने कुछ प्रमुख खिलाड़ियों को विश्राम देकर इस टी20 श्रृंखला में युवा खिलाड़ियों को मौका दिया जिन्होंने मुख्य कोच गौतम गंभीर की रणनीति पर पूरी तरह से अमल करके जीत का जज्बा दिखाया।

बांग्लादेश के खिलाफ ही कुछ दिन पहले कानपुर में खेले गए दूसरे टेस्ट मैच में भारत ने जिस तरह से परिणाम हासिल करने के लिए आक्रामक क्रिकेट खेली उससे टीम के नए दृष्टिकोण का पता चलता है। भारत ने दो टेस्ट मैच की श्रृंखला 2-0 से जीती थी और अब वह टी20 श्रृंखला में भी 3-0 से जीत दर्ज करने में कोई कसर नहीं छोड़ेगा। अगले साल होने वाली चैंपियंस ट्रॉफी जैसी महत्वपूर्ण प्रतियोगिता को ध्यान में रखते हुए टीम प्रबंधन कुछ अच्छे विकल्प तैयार करने पर भी ध्यान दे रहा है। फिर चाहे वह तेज गेंदबाज मयंक यादव हों या स्पिनर वरुण चक्रवर्ती, गंभीर उनके प्रदर्शन पर करीबी नजर रखे हुए हैं और इन खिलाड़ियों ने भी अभी तक अपने मुख्य कोच को निराश नहीं किया है। मयंक आईपीएल 2024 के बाद चोटिल होने के कारण अधिकतर मैचों में नहीं खेल पाए थे लेकिन इस श्रृंखला में उन्होंने 150 किलोमीटर की रफ्तार से गेंदबाजी करके अपने कौशल का अच्छा नमूना पेश किया है। चक्रवर्ती ने ग्वालियर में पहले मैच में तीन विकेट लेकर तीन साल के बाद राष्ट्रीय टीम में सफल वापसी की है। टीम प्रबंधन ऑलराउंडर नीतीश कुमार रेड्डी के प्रदर्शन पर भी करीबी नजर रखेगा जिन्होंने दिल्ली में दूसरे टी20 मैच में 34 गेंद पर 74 रन की धमाकेदार पारी खेलने के अलावा दो विकेट भी लिए। इन सकारात्मक पहलुओं के बीच संजू सैमसन और अभिषेक शर्मा की सलामी जोड़ी का प्रदर्शन टीम के लिए चिंता का विषय होगा। सैमसन को पारी शुरू करने का मौका दिया गया लेकिन केरल का यह विकेटकीपर बल्लेबाज अभी तक इसका फायदा नहीं उठा पाया है। उन्होंने पहले मैच में 29 और दूसरे मैच में 10 रन बनाए। सैमसन को अगर यहां मौका मिलता है तो उन्हें उसे हर हाल में भुनाना होगा क्योंकि टीम प्रबंधन टीम में शामिल दूसरे विकेटकीपर बल्लेबाज जितेश शर्मा को भी मौका दे सकता है। टीम प्रबंधन को दूसरे सलामी बल्लेबाज अभिषेक से भी बड़ी पारी की उम्मीद होगी जो अभी तक पहले दो मैच में 15 और 16 रन ही बना पाए हैं। इसके अलावा भारतीय टीम प्रबंधन लेग स्पिनर रवि बिश्नोई और ऑलराउंडर हर्षित राणा को भी मौका देने पर विचार कर सकता है। जहां तक बांग्लादेश का सवाल है जो उसे अभी तक बल्लेबाजों ने काफी निराश किया है। उसे अगर वर्तमान दौरे में अपनी एकमात्र जीत हासिल करनी है तो कप्तान नजमुल हुसैन शंटो और लिटन दास जैसे सीनियर बल्लेबाजों को अच्छा प्रदर्शन करना होगा। टीम इस प्रकार हैं: **भारत:** सूर्यकुमार यादव (कप्तान), अभिषेक शर्मा, संजू सैमसन (विकेटकीपर), रिंकू सिंह, हार्दिक पंड्या, रियान पराग, नितीश कुमार रेड्डी, वाशिंगटन सुंदर, रवि बिश्नोई, वरुण चक्रवर्ती, जितेश शर्मा (विकेटकीपर), अर्शदीप सिंह, हर्षित राणा, मयंक यादव, तिलक वर्मा।

**बांग्लादेश:** नजमुल हुसैन शंटो (कप्तान), तंजीद हसन तमीम, परवेज हुसैन एमोन, तौहीद ह्रदोय, महमूद उल्लाह, लिटन दास, जाकर अली अनिक, मेहदी हसन मिराज, महेदी हसन, रिशाद हुसैन, मुस्तफिजुर रहमान, तस्कीन अहमद, शोरिफुल इस्लाम, तंजीम हसन साकिब, रकीबुल हसन।

# भारतीय हॉकी के स्वर्णिम युग को पुनर्जीवित करेगी एचआईएल: सिंह

बेंगलुरु। अपने जमाने के दिग्गज खिलाड़ी और पूर्व कप्तान सरदार सिंह का मानना है कि हॉकी इंडिया लीग (एचआईएल) के फिर से शुरू होने से भारतीय हॉकी को अपने स्वर्णिम दिनों में लौटने में मदद मिलेगी।

एचआईएल की नीलामी के लिए।,000 से अधिक खिलाड़ियों ने पंजीकरण कराया है। पुरुषों की नीलामी 13 और 14 अक्टूबर को, जबकि महिलाओं की नीलामी 15 अक्टूबर को होगी। यह लीग सात साल बाद वापसी करने जा रही है। हॉकी इंडिया की विज्ञप्ति के अनुसार सरदार ने कहा, एचआईएल इस बार बड़ी और बेहतर होगी। इस बार महिला लीग का भी आयोजन किया जा रहा है। इस तरह से यह लीग भारतीय हॉकी के स्वर्णिम युग को पुनर्जीवित करने के लिए तैयार है। उन्होंने कहा, इस लीग में खेलने और शीर्ष स्तर की हॉकी का अनुभव लेने के लिए भारत के कई खिलाड़ी कतार में होंगे। इससे भारतीय टीम के संभावित खिलाड़ियों का बड़ा और मजबूत समूह तैयार करने में भी मदद मिलेगी। सरदार 2013 में हॉकी इंडिया लीग में खेले थे तथा उन्हें टूर्नामेंट के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी के पुरस्कार के लिए नामित किया गया था। उन्होंने कहा कि एचआईएल एक अविस्मरणीय अनुभव था। हमें दुनिया के कुछ



सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ियों के साथ और उनके खिलाफ खेलने का लंबे समय तक मौका मिला था। इससे युवा खिलाड़ियों को चोटी के खिलाड़ियों की मानसिकता को समझने का मौका मिला। एक प्रभावशाली युवा खिलाड़ी के लिए सकारात्मक प्रदर्शन से ज्यादा महत्वपूर्ण कुछ नहीं होता है। सरदार ने 2008 में 21 वर्ष की उम्र में सुल्तान अजलान शाह कप में भारतीय टीम का नेतृत्व किया था और इस तरह से सबसे कम उम्र में भारत की कप्तानी करने वाले खिलाड़ी बने थे। उन्होंने कहा, वर्तमान टीम के प्रमुख खिलाड़ियों हरमनप्रीत, मनदीप, सुमित और कई अन्य को एचआईएल से पहचान मिली। इससे वे अपने खेल में तेजी से सुधार करने में सफल रहे।

# कर्नाटक के खिलाफ एमपी के चार विकेट पर 232 रन



इंदौर। हरप्रीत सिंह के नाबाद 75 रन की मदद से मध्यप्रदेश ने कर्नाटक के खिलाफ रणजी ट्रॉफी एलीट ग्रुप सी मैच के पहले दिन चार विकेट पर 232 रन बना लिये। कर्नाटक के कप्तान मयंक अग्रवाल ने होल्कर स्टेडियम पर टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी का फैसला लिया। मध्यप्रदेश के तीन बल्लेबाज 65 रन के स्कोर पर पवेलियन लौट चुके थे लेकिन इसके बाद हरप्रीत और शुभम शर्मा (40) ने पारी को संभाला। शुभम को चोट लगने के कारण मैदान छोड़ना पड़ा। अनुभवी रजत पाटीदार ने 61 गेंद में 31 रन बनाये। हरप्रीत अपनी नाबाद पारी में 164 गेंदों का सामना करके आठ चौके लगा चुके हैं जबकि उनके साथ वेंकटेश अय्यर 46 गेंद में दो छक्कों की मदद से 25 रन बनाकर क्रीज पर हैं।

कर्नाटक के लिये विजयकुमार विशाख और प्रसिद्ध कृष्णा ने एक एक विकेट लिया।

# लैथम चाहते हैं भारत में निर्भीक होकर खेले न्यूजीलैंड

क्राइस्टचर्च। न्यूजीलैंड के नवनियुक्त टेस्ट कप्तान टॉम लैथम का मानना है कि अपनी धरती पर अजेय रहे भारत को अगर कड़ी चुनौती देनी है तो उसका एकमात्र तरीका निर्भीक होकर खेलना है। लैथम को भारत के खिलाफ 16 अक्टूबर से बेंगलुरु में शुरू होने वाली तीन टेस्ट मैच की श्रृंखला से पहले टिम साउदी की जगह न्यूजीलैंड का टेस्ट कप्तान नियुक्त किया गया।



लैथम ने शुक्रवार को टीम के भारत रवाना होने से पहले कहा कि भारत का दौरा करना हमेशा रोमांचक और चुनौतीपूर्ण होता है। उम्मीद है कि हम वहां कुछ हद तक स्वच्छंद और निर्भीक होकर खेलेंगे और उन पर हावी रहने की कोशिश करेंगे। अगर हम ऐसा करते हैं तो हमारे पास जीत का अच्छा मौका होगा। भारत ने जहां अपनी धरती पर लगातार 18 टेस्ट श्रृंखलाएं जीती हैं वहीं न्यूजीलैंड विश्व टेस्ट चैंपियनशिप के वर्तमान चक्र में लगातार चार श्रृंखला हारने के बाद यहां आ रहा है। न्यूजीलैंड ने भारत में अभी तक केवल दो टेस्ट मैच जीते हैं। इनमें से उसने आखिरी जीत 1988 में हासिल की थी। लैथम ने कहा कि हमने देखा है कि भारत में अतीत में जिन टीमों ने अच्छा प्रदर्शन किया है उन्होंने आक्रामक खेल दिखाकर ऐसा किया। विशेष कर बल्लेबाजी में रक्षात्मक की जगह आक्रामक क्रिकेट खेलना महत्वपूर्ण होगा। उन्होंने कहा कि हमें वहां पहुंचने के बाद तय करना होगा कि हमें किस तरह की क्रिकेट खेलनी है लेकिन हमारे खिलाड़ियों के पास चुनौती पेश करने के लिए अपनी रणनीति है और उम्मीद है कि वे उस पर अच्छी तरह से अमल करेंगे। न्यूजीलैंड को हाल में श्रीलंका दौरे में दोनों टेस्ट मैच में हार का सामना करना पड़ा था लेकिन बाएं हाथ के बल्लेबाज लैथम ने कहा कि इस श्रृंखला में उनके लिए कुछ सकारात्मक पहलू भी रहे।

# महेश्वरी और नरूका की नजरें विश्व कप फाइनल पर

नयी दिल्ली। पेरिस ओलंपिक में मिश्रित टीम स्पर्धा में करीबी अंतर से कांस्य पदक चूकने वाली भारतीय स्कीट निशानेबाज महेश्वरी चौहान और अनंतजीत सिंह नरुका की जोड़ी की नजरें अब रविवार से यहां शुरू हो रहे आईएसएसएफ विश्व कप फाइनल में पदक जीतने पर होंगी।

नरुका और महेश्वरी की जोड़ी शेटराउ में चीनी प्रतिद्वंद्वियों से केवल एक अंक से कांस्य पदक मुकाबला हारने के बाद चौथे स्थान पर रही थी। महेश्वरी ने साइ (भारतीय खेल प्राधिकरण) मीडिया से कहा, सीखने के लिए ओलंपिक खेल एक शानदार अनुभव रहा। इसने मुझे खुद पर और अपनी प्रक्रिया पर भरोसा करना सिखाया, जिससे अपनी ओलंपिक यात्रा को आगे बढ़ाने का मेरा संकल्प भी मजबूत हुआ। महेश्वरी को लगता है कि स्वदेश में विश्व कप फाइनल खेलने से उन्हें फायदा होगा। उन्होंने कहा कि यह मेरे लिए बेहद सम्मान की बात है और मेरा पहला विश्व कप फाइनल भी है, इसलिए मैं बहुत उत्साहित हूं। इस बार मेरा एक ही लक्ष्य है जो है पोडियम पर आना। वहीं पिछले साल एशियाई खेल में रजत पदक जीतने वाले नरुका ने कहा कि वह अपने खेल को समझेंगे और उस पर यकीन करेंगे।

इस 26 वर्षीय निशानेबाज को पदक विश्व कप में पदक जीतने का पूरा भरोसा है। उन्होंने कहा कि अगर मैं यहां पदक जीतता हूं तो यह अच्छी बात होगी। मैं अपने देश को गौरवान्वित करना चाहता हूं और मुझे इसका बात का पूर्ण विश्वास है मैंने अपनी तकनीक बदली है और कड़ी मेहनत कर रहा हूं।

# 20 विकेट लेने के तरीके तलाशने होंगे : शान मसूद

मुल्तान। पाकिस्तान के कप्तान शान मसूद ने स्वीकार किया कि इंग्लैंड के खिलाफ पहले टेस्ट की पहली पारी में 556 रन बनाने के बावजूद मिली शर्मनाक हार से वह मायूस हैं।



पाकिस्तान किसी टेस्ट की पहली पारी में 500 से अधिक रन बनाने के बावजूद हारने वाली पहली टीम बन गई। मसूद ने मैच के बाद मीडिया से कहा किफिर हारना निराशाजनक है। इंग्लैंड ने मैच जीतने का रास्ता बनाया। कड़वी सच्चाई यही है कि टेस्ट क्रिकेट में बेहतरीन टीमें जीत के रास्ते बना लेती हैं। मसूद ने पहली पारी में 151 रन बनाये थे जिसकी मदद से पाकिस्तान ने बड़ा स्कोर बनाया लेकिन इंग्लैंड ने पहली पारी सात विकेट पर 823 रन पर घोषित की। हैरी ब्रूक ने 317 और जो रूट ने 262 रन बनाये। मसूद ने कहा कि मैं यह नहीं कहूंगा कि मानसिक रूप से मेरी टीम कमजोर है लेकिन हमें लगा था कि तीसरे दिन पिच टूटने लगेगी। लेकिन आखिरकार आपको 20 विकेट लेने आने चाहिये और पिछले कुछ समय से हम ऐसा नहीं कर पा रहे हैं। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान ने मुल्तान में 2022 के बाद पहली बार टेस्ट खेला और क्यूरेटर या मैदानकर्मियों से बात करने का मौका नहीं मिल सका। उन्होंने कहा कि इस बार मुल्तान में दोनों टीमें अलग थीं लेकिन हमें हालात के अनुरूप ढलना सीखना होगा क्योंकि पिचों का स्वभाव रोज बदलता है। बाबर आजम के लगातार खराब फॉर्म के बारे में उन्होंने कहा कि टेस्ट क्रिकेट में आप उम्मीद करते हैं कि बाबर जैसे खिलाड़ी अगली पारी बड़ी खेलेंगे। उन्होंने कहा कि हम बैठकर आत्ममंथन करेंगे और अगले टेस्ट की टीम पर फैसला लेंगे।

# इंग्लैंड की पाकिस्तान के खिलाफ बड़ी जीत

मुल्तान। इंग्लैंड ने कुछ नए रिकॉर्ड का गवाह रहे पहले टेस्ट क्रिकेट मैच में शुक्रवार को यहां पाकिस्तान को पारी और 47 रन से हराकर तीन मैच की श्रृंखला में शुरुआती बढ़त हासिल की।

पाकिस्तान की टीम मैच के पांचवें और अंतिम दिन पहले सत्र में 220 रन पर आउट हो गई। उसकी तरफ से सलमान अली आगा (63) और अमीर जमाल (नाबाद 55) ने अर्धशतक जमाए लेकिन इससे वे हार का अंतर ही कम कर पाए। अबरार अहमद बुखार होने के कारण बल्लेबाजी के लिए नहीं आए। पाकिस्तान पहली ऐसी टीम बन गई है जिसे पहली पारी में 500 से अधिक रन बनाने के बावजूद पारी के अंतर से हार का सामना करना पड़ा। पाकिस्तान ने अपनी पहली पारी में 556 रन बनाए थे जिसके जवाब में इंग्लैंड ने अपनी पहली पारी सात विकेट पर 823 रन बनाकर समाप्त घोषित की थी। बाएं हाथ के स्पिनर जैक लीच ने अंतिम दिन तीनों विकेट



हासिल किए। उन्होंने कुल 30 रन देकर चार विकेट लिए। इससे पहले मैच के चौथे दिन शाम के सत्र में तेज गेंदबाज गस एटकिंसन और ब्रायडन कार्स ने पाकिस्तान का शीर्ष क्रम चरमराया था। पाकिस्तान ने सुबह छह विकेट पर 152 रन से आगे खेलना शुरू किया। सलमान और जमाल ने पहले एक घंटे में कोई विकेट नहीं गिरने दिया और सातवें विकेट के लिए 109 रन की साझेदारी की। लीच ने सलमान को पगबाधा आउट करके यह साझेदारी तोड़ी और फिर पुछल्ले बल्लेबाजों शाहीन शाह अफरीदी और नसीम शाह को आउट करने में देर नहीं लगाई। इंग्लैंड ने अपनी पहली पारी में टेस्ट क्रिकेट का चौथा सबसे बड़ा स्कोर बनाया। उसकी तरफ से हैरी ब्रूक ने 317 और जो रूट ने 262 रन बनाए। इन दोनों टीमों के बीच दूसरा टेस्ट मैच मंगलवार से मुल्तान में ही खेला जाएगा जबकि तीसरा और अंतिम टेस्ट मैच 24 अक्टूबर से रावलपिंडी में होगा।

# भाजपा के प्रदर्शन से खुश हैं लोग

## महाराष्ट्र और झारखंड में आगामी विधानसभा चुनावों में भी हासिल करेंगे जीत : जेपी नड्डा

एजेंसी

बिलासपुर (हिमाचलप्रदेश)।भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष जे. पी. नड्डा ने शुक्रवार को कहा कि हरियाणा के बाद उनकी पार्टी महाराष्ट्र और झारखंड के आगामी विधानसभा चुनावों में भी जीत हासिल करेगी।

नड्डा ने यहां स्थिति प्रसिद्ध श्री नैना देवी मंदिर में पूजा-अर्चना की। उन्होंने कहा कि लोग प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली केंद्र की भाजपा सरकार के प्रदर्शन से खुश हैं। भाजपा अध्यक्ष ने यहां संवाददाताओं से कहा कि पार्टी ने हरियाणा और जम्मू-कश्मीर में बहुत अच्छा प्रदर्शन किया है और इसका श्रेय वहां की जनता एवं ईश्वर को जाता है। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री चुनावों में पार्टी की जीत के बाद प्रार्थना करने के लिए यहां आए थे। उन्होंने कहा पार्टी महाराष्ट्र और झारखंड में आगामी विधानसभा चुनावों में भी जीत हासिल करेगी। बाद में पार्टी कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि हरियाणा में भ्रम पैदा किया गया। जमीनी हकीकत कुछ और थी, लेकिन माहौल कुछ और बनाया गया और आखिरकार भाजपा चुनाव जीत गई तथा जम्मू-कश्मीर में पार्टी का वोट प्रतिशत बढ़ा है। उन्होंने कहा कि हरियाणा के लोगों - युवा, किसान, महिलाएं और अन्य सभी वर्गों ने विपक्षी दलों को करारा जवाब दिया है और यह स्पष्ट कर दिया है कि उन्हें प्रधानमंत्री मोदी की नीतियों और नेतृत्व पर विश्वास है।



उन्होंने कहा जम्मू-कश्मीर में छह से आठ प्रतिशत मतदान से 60 प्रतिशत से अधिक मतदान होना यह दर्शाता है कि लोग लोकतांत्रिक व्यवस्था में विश्वास करते हैं और अनुच्छेद 370 को हटाने का समर्थन करते हैं। नड्डा ने कहा कि आज आतंकवाद पर नियंत्रण है और भाजपा का शासन सिर्फ सत्ता में बैठने के लिए नहीं है, बल्कि देश को सुरक्षित बनाने के लिए है। उन्होंने दुनिया में व्याप्त परिदृश्य का जिक्र करते हुए कहा कि मोदी ने जोर देकर कहा है कि यह युद्ध का नहीं बल्कि विकास का समय है और सभी को साथ लेकर चलना चाहिए। सत्तारूढ़ भाजपा ने हरियाणा में लगातार तीसरी बार सत्ता बरकरार रखी और विधानसभा चुनावों में कांग्रेस की वापसी के प्रयासों को विफल कर दिया। जम्मू-कश्मीर में भी भाजपा ने उल्लेखनीय बढ़त हासिल की है और 90 में से 29 सीट जीती हैं। इस केंद्र शासित प्रदेश में नेशनल कॉन्फ्रेंस-कांग्रेस गठबंधन सरकार बनाने जा रहा है।



लखनऊ स्थित बंगाली क्लब में दुर्गा पूजा पंडल में आरती करते पुजारी — फोटो : अमित वर्मा

## कोटा में 80 फीट ऊंचे रावण के पुतले का होगा दहन

कोटा। विजयादशमी के अवसर पर कोटा में 131वें राष्ट्रीय दशहरा मेले के दौरान शनिवार शाम को 3डी प्रभाव के साथ 80 फुट ऊंचे रावण के पुतले का दहन किया जाएगा। यहां दशहरा मैदान पर रावण के साथ-साथ कुंभकरण और मेघनाद के 60 फुट ऊंचे पुतलों का भी दहन किया जाएगा। इस दौरान लोकसभा अध्यक्ष व स्थानीय सांसद ओम बिरला और कोटा के पूर्व राजपरिवार के सदस्य भी मौजूद रहेंगे। राष्ट्रीय दशहरा मेला समिति के अध्यक्ष विवेक राजवंशी ने कहा कि प्रदूषण मुक्त दशहरा मनाने के लिए इस बार पुतलों में पर्यावरण अनुकूल पटाखों का उपयोग किया जा रहा है। राजवंशी ने बताया, परंपरा के अनुसार भगवान लक्ष्मीनारायण की शोभायात्रा शनिवार शाम छह बजे कोटा किले से निकलेगी।

संक्षेप

### बांग्लादेश में मंदिर से मुकुट की चोरी

नयी दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा 2021 में अपनी बांग्लादेश यात्रा के दौरान जेशोरेश्वरी काली मंदिर को उपहार स्वरूप भेंट की गयी धार्मिक वस्तु की कथित चोरी के मामले में भारत ने बांग्लादेश से जांच करने का आग्रह किया है। सोशल मीडिया मंच एक्स पर एक पोस्ट में, ढाका स्थित भारतीय उच्चायोग ने धार्मिक वस्तु की चोरी पर गहरी चिंता व्यक्त की तथा अधिकारियों से उसे बरामद करने और तथा दोषियों के खिलाफ कार्वाई करने का आग्रह किया। इसमें कहा गया, हमने 2021 में बांग्लादेश यात्रा के दौरान प्रधानमंत्री मोदी द्वारा जेशोरेश्वरी काली मंदिर (सतखीरा) में भेंट किए गए मुकुट की चोरी की खबरें देखी हैं। इसमें कहा गया है, हम गहरी चिंता व्यक्त करते हैं और बांग्लादेश सरकार से चोरी की जांच करने, मुकुट को बरामद करने और दोषियों के खिलाफ कार्वाई करने का आग्रह करते हैं। भारत सरकार के सूत्रों ने बताया कि चोरी की इस कथित घटना से नयी दिल्ली बहुत चिंतित है। उन्होंने बताया कि ढाका स्थित भारतीय उच्चायोग इस मुद्दे पर बांग्लादेशी अधिकारियों के संपर्क में है। बांग्लादेश के कानून प्रवर्तन अधिकारियों से घटना की जांच करने, चोरी की गई वस्तु को बरामद करने और दोषियों को सजा दिलाने का आग्रह किया गया है।

## भारत और भूटान ने किये 4 समझौतों पर हस्ताक्षर

एजेंसी

नयी दिल्ली। प्रधान न्यायाधीश (सीजेआई) डी. वाई. चंद्रचूड़ और उनके भूटानी समकक्ष ल्योनपो चोग्याल दागो रिगडजिन की अध्यक्षता में आयोजित कार्यक्रम में दोनों पड़ोसी देशों ने न्यायिक और कानूनी सहयोग बढ़ाने के उद्देश्य से चार समझौता ज्ञापनों (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए। प्रधान न्यायाधीश सात अक्टूबर से 10 अक्टूबर तक भूटान की आधिकारिक यात्रा पर थे। इस दौरान उन्होंने भूटान के राजा, राजकुमारी सोनम देचन वांगचुक और प्रधान मंत्री दाशो शेरिंग तोबगे से भी मुलाकात की और उनके साथ दोनों देशों के बीच मित्रता और सहयोग के अप्रतिम और विशेष संबंधों सहित कई मुद्दों पर चर्चा की। प्रधान न्यायाधीश चंद्रचूड़ ने नौ अक्टूबर को अपने भूटानी समकक्ष के साथ द्विपक्षीय न्यायिक सहयोग को मजबूत करने के तौर- तरीकों पर चर्चा की। उच्चतम न्यायालय द्वारा जारी एक विज्ञप्ति के मुताबिक, भूटान के उच्चतम न्यायालय परिसर में दोनों देशों के मुख्य न्यायाधीशों की उपस्थिति में चार समझौता ज्ञापनों पर हस्ताक्षर किए गए।

## भारतीय सेना सबसे प्रेरक संगठन



गंगटोक। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने शुक्रवार को भारतीय सेना की प्रशंसा करते हुए इसे देश के सबसे विश्वस्त एवं प्रेरक संगठनों में से एक बताया और उन्होंने सीमाओं की सुरक्षा, आतंकवाद से लड़ने और जरूरत के समय असैन्य प्रशासन की मदद करने में सेना की अहम भूमिका को रेखांकित किया। सिंह ने खराब मौसम के कारण उनका हेलीकॉप्टर सिक्किम नहीं पहुंच पाने के कारण सुकमा (पश्चिम बंगाल) में एक सैन्य स्थान से डिजिटल माध्यम के जरिए सैन्य कमांडरों के सम्मेलन को संबोधित करते हुए प्रत्येक सैनिक के योगदान की प्रशंसा की और राष्ट्र की सेवा में सर्वोच्च बलिदान देने वालों को सम्मानित किया। उन्होंने सैन्य कमांडरों के सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा भारतीय सेना हमारी सीमाओं की रक्षा करने और आतंकवाद से लड़ने के अलावा असैन्य प्रशासन को हर जरूरत के समय सहायता प्रदान करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। सिंह ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की सोच के अनुरूप देश के रक्षा और सुरक्षा दृष्टिकोण को विस्तार देने के लिए सैन्य नेतृत्व की प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि वह पिछले पांच वर्ष से सेना के कमांडरों के सम्मेलन में भाग ले रहे हैं। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि इन उच्च स्तरीय चर्चाओं से सशस्त्र बलों और पूरे

## घुसपैठ की फिराक में हैं 150 आतंकी

श्रीनगर। सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) के एक वरिष्ठ अधिकारी ने शुक्रवार को कहा कि सर्दियों का मौसम नजदीक होने के साथ ही कश्मीर घाटी में घुसपैठ करने के लिए करीब 150 आतंकवादी नियंत्रण रेखा (एलओसी) के पार विभिन्न लांच पैड पर इंतजार कर रहे हैं, लेकिन सुरक्षा बल ऐसी किसी भी कोशिश को विफल कर देंगे। बीएसएफ के महानिरीक्षक (कश्मीर फ्रंटियर) अशोक यादव ने यहां संवाददाताओं से कहा घुसपैठ की कोशिश जारी हैं। विभिन्न एजेंसियों से प्राप्त खुफिया सूचनाओं के आधार पर हम सीमा पर नियंत्रण की योजना बनाने के लिए सेना के साथ समन्वय करते हैं। उन्होंने कहा हम लांचिंग पैड पर आतंकवादियों की संख्या को भी ध्यान में रखते हैं, जिससे हमें अपनी रणनीति बनाने और आतंकियों को काबू करने की योजना को आकार देने में मदद मिलती है।

गोरखपुर महानगर की समस्त सम्मानित जनता को



दशहरा, दिपावली एवं छठ्ठ पर्व की
हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं
निर्मला देवी
पार्षद-वार्ड नंबर-31
हरसेवकपुर-नगर निगम
गोरखपुर

## लेबनान स्थित मुख्यालय में विस्फोट

एजेंसी

बेरूत। दक्षिणी लेबनान में संयुक्त राष्ट्र शांति रक्षक बल ने कहा कि शुक्रवार सुबह उसके मुख्यालय में फिर से किये गए धमाकों में दो शांति रक्षक घायल हो गए। एक दिन पहले इजराइली सेना ने भी इसी स्थान पर हमला किया था। यूएनआईएफआईएल ने कहा कि विस्फोट दक्षिणी लेबनान के नकौरा शहर में स्थित उसके मुख्यालय के एक टावर के पास हुआ।

यूएनआईएफआईएल के मुताबिक, घायल शांति रक्षकों में से एक को पास के टायर शहर के एक अस्पताल में भर्ती कराया गया, जबकि दूसरे का इलाज घटनास्थल पर ही किया गया। हालांकि, विस्फोट के कारण का जिक्र नहीं किया गया। यूएनआईएफआईएल ने यह भी कहा कि इजराइली सेना के बुलडोजर ने दक्षिणी लेबनान में उसके एक और चौकी क्षेत्र पर हमला किया, जबकि इजराइली टैंक पास से गुजर गये। यूएनआईएफआईएल ने बताया कि चौकी पर अपनी स्थिति को मजबूत करने के लिए अतिरिक्त शांति रक्षकों को भेजा गया।

इजराइली सेना ने इस बारे में पूछे जाने पर तुरंत कोई प्रतिक्रिया नहीं दी। यूएनआईएफआईएल ने एक दिन पहले कहा था कि एक इजराइली टैंक ने सीधे उसके मुख्यालय में एक टावर पर गोलियां बरसाईं, जिसमें दो इंडोनेशियाई शांति रक्षक घायल हो गए। इतना ही नहीं इजराइली सैनिकों ने उस बंकर पर हमला किया, जहां शांति रक्षक शरण लिए हुए थे और इस हमले में वाहनों और संचार प्रणाली को नुकसान पहुंचा। इजराइल के इन हमलों की अंतरराष्ट्रीय स्तर पर निंदा की गई। इजराइल ने हिजबुल्ला के खिलाफ अपने अभियान को तेज कर दिया और लेबनान में घातक हवाई हमले के साथ-साथ सीमा पर जमीनी हमले भी किये। इजराइल ने यह हमला दोनों प्रतिद्वंद्वियों के बीच एक साल तक जारी रही गोलीबारी के बाद किया।

## पाकिस्तान में खदानकर्मियों पर हमला, 20 लोगों की मौत

एजेंसी

कराची। पाकिस्तान के अशांत बलूचिस्तान प्रांत में शुक्रवार तड़के अज्ञात हथियारबंद लोगों ने रॉकेट लॉन्चर और स्वचालित हथियारों से एक निजी कोयला खदान पर हमला कर दिया, जिसमें अफगानिस्तान के नागरिकों समेत कम से कम 20 खनिक मारे गए और आठ अन्य घायल हो गए।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक मुहम्मद बलूच ने बताया कि हथियारबंद लोगों के एक समूह ने प्रांत के डुकी इलाके में जुनैद कोल कंपनी पर हमला किया और फिर पहाड़ियों में भाग गए। यह हमला पाकिस्तान में हिंसा की कड़ी में नवीनतम है। यह हमला राष्ट्रीय राजधानी में होने वाले शंघाई सहयोग संगठन के शिखर सम्मेलन से ठीक पहले हुआ है। बलूच ने कहा, यह एक आतंकवादी हमला था और खदान में काम करने वाले श्रमिकों के पास बचने का कोई मौका नहीं था क्योंकि वे अभी काम शुरू ही कर रहे थे कि उन पर गोलीबारी कर दी गई। उन्होंने बताया कि घटनास्थल पर लगभग 50 श्रमिक थे और उनमें से कुछ पास के पहाड़ों में भागकर या खदानों की गहराई में छिपकर सुरक्षित बच गए।

गोरखपुर महानगर की समस्त सम्मानित जनता को



दशहरा, दिपावली एवं छठ्ठ पर्व की
हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं
सन्त गुलाब यादव
पार्षद प्रतिनिधि
वार्ड नं.-31
हरसेवकपुर

इंटरटेनमेंट...

## रजनीकांत की वेट्टैयन ने की अच्छी कमाई



रजनीकांत की बहुप्रतीक्षित क्राइम एक्शन-थ्रिलर फिल्म 'वेट्टैयन' 10 अक्टूबर को सिनेमाघरों में रिलीज हुई। फिल्म में रजनीकांत के साथ अमिताभ बच्चन भी दिखेंगे। फिल्म में रजनीकांत ने एक पुलिस अधिकारी की भूमिका निभाई है। वहीं, अमिताभ बच्चन एक वकील की भूमिका में नजर आए हैं। इन दोनों सितारों के अलावा फिल्म में फहद फाजिल और राणा दग्गुबाती भी हैं। फिल्म का निर्देशन टीजे ज्ञानवेल ने किया है।

फिल्म को सोशल मीडिया पर मिली जुली प्रतिक्रिया मिल रही है। कुछ लोग कलाकारों और फिल्म निर्माण की तारीफ कर रहे हैं, जबकि कुछ लोग फिल्म को कमतर आंक रहे हैं। कुछ नेटिजन्स ने इसकी पटकथा को दिलचस्प बताया तो कुछ ने रजनीकांत की तारीफ की। बताते चलें कि अमिताभ बच्चन और रजनीकांत ने 33 वर्षों बाद किसी फिल्म में साथ काम किया है। रिपोर्ट्स के मुताबिक यह अमिताभ बच्चन की पहली तमिल फिल्म है। इससे पहले अमिताभ बच्चन और रजनीकांत ने बॉलीवुड फिल्म 'हम' में साथ नजर आए थे। फिल्म के बॉक्स ऑफिस कलेक्शन की बात करें तो सैकनिल्क की रिपोर्ट के मुताबिक इसने ओपनिंग डे पर अच्छा प्रदर्शन किया है। फिल्म को तमिल, तेलुगु, हिंदी और कन्नड़ भाषा में रिलीज किया गया है। इन सभी भाषाओं में फिल्म ने पहले दिन अब तक कुल 30 करोड़ रुपये का कलेक्शन कर लिया है। फिल्म ने सबसे ज्यादा तमिल भाषा में 26.15 करोड़ रुपये का कारोबार किया है। इसके बाद तेलुगु में फिल्म ने 3.2 करोड़ का कलेक्शन किया है।

## एक पीढ़ी आगे बढ़ी 'अनुपमा' की कहानी दिखेगा आध्या व अनुपमा का जीवन

मुम्बई। अनुपमा टीवी पर सबसे ज्यादा देखे जाने वाला शो है, जिसे लगातार दर्शकों से प्यार मिल रहा है। अब शो के निमार्ताओं ने इसे एक पीढ़ी आगे बढ़ाने का फैसला किया है, जिसके नए प्रोमों में अनुपमा और आध्या के जीवन का नया पहलु देखने को मिला है। भारतीय दर्शकों के लिए टीवी मनोरंजन का बड़ा स्त्रोत है, क्योंकि फिल्में रोजाना रिलीज होती नहीं हैं। इस वजह से दर्शकों को चाहिए कि उन्हें नियमित रूप से मनोरंजन की डोज मिलती रहे। इस वजह से टीवी शो की मांग काफी बढ़ जाती है। आजकल हर चैनल पर कई सारे टीवी शो की भरमार आ गई है, लेकिन कुछ ही ऐसे शो होते हैं, जिन्हें लगातार दर्शकों का प्यार मिलता रहता है। लंबे समय तक शो से दर्शकों का साथ बना रहे, इसलिए शो के निमार्ता भी दर्शकों को लुभाने के लिए लगातार अपने शो में नए-नए ट्विस्ट लेकर आते हैं। अनुपमा टीवी का एक ऐसा ही शो है, जो लंबे अरसे से दर्शकों की पहली पसंद बना हुआ है और अब शो में नए ट्विस्टऔर किरदार एंट्री मारने वाले हैं। हाल में ही ब्रॉडकास्ट ऑडियंस रिसर्च काउंसिल द्वारा जारी किए गए टीआरपी की सूची में एक बार फिर से अनुपमा ने बाजी मार ली है। दर्शकों से बार-बार लगातार मिल रहे प्यार की वजह से इस शो ने काफी लोकप्रियता हासिल की है। अपनी आकर्षक कहानी और शानदार कलाकारों की वजह से ये शो लगातार फैंस का दिल जीत रहा है। स्टार प्लस के इस शो के दर्शकों के लिए अब एक और सरप्राइज आने वाला है।

## सिंघम अगेन की टीम करेगी रावण दहन





नयी दिल्ली। फिल्म सिंघम अगेन के सितारे अजय देवगन, करीना कपूर खान और फिल्म निर्देशक रोहित शेट्टी शनिवार को दशहरे के अवसर पर राष्ट्रीय राजधानी की प्रसिद्ध लव कुश रामलीला में रावण दहन करेंगे। दिल्ली स्थित लालकिले पर पिछले 50 साल से हर बार लव कुश रामलीला का आयोजन किया जाता है। दिल्ली की लव कुश रामलीला कमेटी के अध्यक्ष अर्जुन सिंह ने एक बयान में कहा बुराई पर अच्छाई की जीत के उपलक्ष्य में दशहरा मनाया जाता है।

## 'देवरा' की सुस्त चाल बरकरार

मुम्बई। जूनियर एनटीआर की 'देवरा भाग-1' को लेकर काफी उत्सुकता थी, लेकिन फिल्म बॉक्स ऑफिस पर कुछ खास कमाल नहीं कर सकी। बड़े बजट की यह फिल्म कमाई के मामले में छोटी ही रह गई। जूनियर एनटीआर के नाम पर इसे ओपनिंग तो तगड़ी मिल गई, लेकिन कहानी दर्शकों को सिनेमाघरों तक खींचने में नाकाम रही। फिल्म को रिलीज हुए एक सप्ताह से ज्यादा हो गया, लेकिन इसकी चाल अभी भी सुस्त ही है। 'देवरा' का निर्देशन कोरटाला शिवा ने किया है। इससे पहले इन दोनों की जोड़ी ने ह्यजनता गैराज' नाम की फिल्म की थी। बॉक्स ऑफिस पर 'जनता गैराज' सुपरहिट थी। हालांकि, दोनों का जादू 'देवरा' में काम नहीं आया। 'देवरा' के बॉक्स ऑफिस कारोबार की बात की जाए तो इसने पहले दिन ही 82.5 करोड़ रुपये का कलेक्शन किया और इसकी बदौलत फिल्म ने पहले सप्ताह में 215.6 करोड़ रुपये का कलेक्शन किया। दूसरे हफ्ते में प्रवेश करते ही फिल्म के कारोबार में जैसे इमरजेंसी ब्रेक लग गया हो। यह धीमी गति से बढ़ने लगी और अपनी रफ्तार को बढ़ाने में नाकाम रही। आठवें दिन इस फिल्म ने छह करोड़, नौवें दिन नौ करोड़ 50 लाख, 10वें दिन 12.65 करोड़ का कारोबार किया।









Viraj
आर.एन.आई.नं.-यू.पी.-हिन/2006/18901 विराज प्रकाशन प्रा.लि. हेतु मुद्रक एवं प्रकाशक आर.के. अग्रवाल द्वारा एक्सप्रेस हाऊस, 1/5, विशाल खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ से मुद्रित एवं प्रकाशित। कार्यकारी सम्पादक : मनोज कुमार बाजपेयी
(पी.आर.बी.एक्ट के तहत समाचारों के चयन हेतु उत्तरदायी) समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय के अधीन। फोन कार्यालय : 0522-4059441, 4059442, 4059443 : ई-मेल : voiceoflucknow@gmail.com